राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 58
लखनऊ, शुक्रवार 6 नवम्बर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



55 दुकानदारों को मिलेंगे पटाखा बाजार के अस्थायी लाइसेंस 11

दूसरों को घेरने से पहले कांग्रेस अपना इतिहास देखेः संजय 03

संक्षिप्त समाचार

दिल्ली-एनसीआर में सांसों का संकट, हवा हुई दमघोंटू

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने आज सुबह इंडिया गेट के आसपास वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 399 दर्ज किया है। यह बहुत खराब श्रेणी है। दिवाली का त्योहार सिर पर है। लोगों ने शाम ढलते ही पटाखे चलाने शुरू कर दिए हैं। यह तब है. जब उच्चतम न्यायालय पटाखों के संबंध में दिशा-निर्देश जारी कर चुका है। शासन और अधिकारियों की आंखों में पट्टी बंधी हुई है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में दिवाली से पहले ही वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गई है। सीपीसीबी के आज सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार, सुबह इंडिया गेट के आसपास के इलाके में वायु गुणवत्ता सूचकांक 399 दर्ज किया गया है। वायु गुणवत्ता सूचकांक का यह स्तर बहुत खराब की श्रेणी में आता है।

कोयले हादसाः तीन महिलाओं की मौत, छह घायल

बोकारो, एजेंसी। झारखंड के बोकारो जिले के बेरमो अनुमंडल में गुरुवार तड़के बड़ा हादसा हो गया। सीसीएल के कथारा क्षेत्र अंतर्गत कथारा कोलियरी के पांच नंबर पुराने कोयला स्टॉक में कोयले का ढेर धंसने से तीन महिलाओं की दबकर मौत हो गई, जबकि छह अन्य लोग घायल हो गए। हादसे के समय नौ लोग कोयला चुनने के लिए पुराने स्टॉक में पहुंचे थे। इसी दौरान अचानक कोयले का ढेर धंस गया और सभी इसकी चपेट में आ गए। मृतकों की पहचान मंडई टोला निवासी पुष्पा देवी (पति गल्लू रजवार), पारटांड़ निवासी कौशल्या देवी (पति विश्वनाथ यादव उर्फ मुंडला यादव) और बाबूराम टोला निवासी सहोदरी देवी (पति हीरालाल यादव) के रूप में हुई है। सुबह करीब चार बजे कथारा क्षेत्रीय अस्पताल में चिकित्सकों ने तीनों महिलाओं को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद ग्रामीण शवों को लेकर अपने घर चले गए। हादसे में घायल छह लोगों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

आकर्षक दीये तैयार कर रही स्व-सहायता समूह की महिलाएं

रायगढ़, एजेंसी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है। शासन की मंशा के अनुरूप राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार और आजीविका के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसका सकारात्मक उदाहरण रायगढ़ जिले में देखने को मिल रहा है, जहां दीपावली के अवसर पर स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं मिट्टी के आकर्षक दीये तैयार कर अपनी आय बढ़ाने में जुटी हैं। इन दीयों से जहां लोगों के घर-आंगन रोशन होंगे, वहीं महिलाओं को भी अतिरिक्त आमदनी का अवसर मिल रहा है। रायगढ़ जिले के सात जनपदों के 125 स्व-सहायता समूहों से जुड़ी लगभग 400 महिलाएं दीपावली के लिए दीया निर्माण में जुटी हुई हैं। महिलाएं पारंपरिक मिट्टी के दीयों के साथ आधुनिक पसंद को ध्यान में रखते हुए विभिन्न आकार और रंगों के आकर्षक दीये तैयार कर रही हैं। अपने हुनर और रचनात्मकता से ये महिलाएं पारंपरिक कला को नया स्वरूप देने के साथ परिवार की आमदनी बढ़ाने में भी योगदान दे रही हैं।

सीएम ने 28 वैज्ञानिक अधिकारियों को प्रदान किए नियुक्ति पत्र

न्याय दिलाने के मार्ग की महारथी है पुलिस प्रणाली, तो फॉरेंसिक अधिकारी उस व्यवस्था के 'सारथी' : योगी

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रूल ऑफ लॉ स्थापित करना, हर पीड़ित को समयबद्ध न्याय दिलाना, अपराधी चाहे कितना भी शक्तिशाली हो, उसे सजा दिलाना और किसी भी निर्दोष का उत्पीड़न न होने देना प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली की मूल भावना है।

न्याय के मन्दिर में 'सत्यमेव जयते' की उक्ति को सिद्ध करने के लिए प्रत्यक्ष, सटीक और वैज्ञानिक साक्ष्य प्रस्तुत करना अनिवार्य है। यदि पुलिस प्रणाली न्याय दिलाने के मार्ग की महारथी है, तो फॉरेंसिक अधिकारी उस व्यवस्था के 'सारथी' हैं। फॉरेंसिक अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी, शुद्धता और समयबद्धता के साथ निभानी होगी, ताकि तारीख-दर-तारीख की परम्परा समाप्त हो सके।

मुख्यमंत्री आज यहाँ अपने सरकारी आवास पर उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 28 वैज्ञानिक अधिकारियों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने नवचयनित वैज्ञानिक अधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त अधिकारियों एवं उनके



परिजनों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह नियुक्ति पत्र केवल एक व्यक्ति की सफलता नहीं, बल्कि पूरे परिवार के विश्वास और खुशी का प्रतीक है। साक्षात्कार सम्पन्न होने के शाम तक परिणाम जारी होने का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह चयन प्रक्रिया राज्य सरकार की प्रशासनिक शुचिता को दर्शाती है। अभ्यर्थियों को किसी सिफारिश, लेन-देन या गलत रास्ते की आवश्यकता नहीं पड़ी। उनकी योग्यता और मेरिट ही उनके चयन का आधार बनी है। जिस पारदर्शिता से उनका चयन हुआ है, उसी ईमानदारी से वे पीड़ित को न्याय और अपराधी को सजा दिलाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें।

मुख्यमंत्री ने महर्षि गौतम के न्याय दर्शन का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय मनीषा में प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान और शब्द प्रमाणों की महत्ता हजारों वर्ष पूर्व ही स्थापित कर दी गई थी। 'यत्र यत्र धूमः, तत्र तत्र अग्निः' के सिद्धान्त की भांति आज फॉरेंसिक वैज्ञानिक भी उंगलियों के निशान, रक्त के नमूने, बाल, डीएनए अवशेष और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर वास्तविक अपराधियों तक पहुँचने का कार्य करते हैं। जुलाई, 2024 से देश में लागू 03 नये आपराधिक कानूनों में 07 वर्ष से अधिक सजा वाले अपराधों में फॉरेंसिक साक्ष्य संकलन को अनिवार्य किया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने कानून लागू होने से पूर्व ही दूरदर्शी सोच के साथ 'उत्तर प्रदेश स्टेट फॉरेंसिक साइंस इंस्टीट्यूट' की स्थापना की। राज्य को 500 विशेषज्ञों की आवश्यकता थी, जिसके सापेक्ष सरकार ने 600 से अधिक फॉरेंसिक साक्ष्य संकलित करने वाले पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षित कर फील्ड में तैनात किया है।

त्योहारी सीजन में उत्तर रेलवे चलाएगा अनारक्षित विशेष ट्रेनें

नई दिल्ली, एजेंसी। त्योहारों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए उत्तर रेलवे ने यात्रियों की सुविधाजनक यात्रा के लिए अलीगढ़ और राजघाट नरौरा के बीच अनारक्षित त्योहार विशेष रेलगाड़ियां चलाने का निर्णय लिया है। ये विशेष रेलगाड़ियां 9 नवंबर और 24 नवंबर को दोनों दिशाओं में संचालित की जाएंगी। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने गुरुवार को बताया कि रेलगाड़ी संख्या 04187 अलीगढ़-राजघाट नरौरा अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी निर्धारित तिथियों पर अलीगढ़ जंक्शन से सुबह 5:40 बजे प्रस्थान करेगी और सुबह 7:15 बजे राजघाट नरौरा पहुंचेगी। रेलगाड़ी संख्या 04188 राजघाट नरौरा-अलीगढ़ अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी राजघाट नरौरा से सुबह 8:15 बजे प्रस्थान करेगी।

5 से 17 नवंबर तक सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द, निर्देश जारी



लखनऊ। दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज, छठ पूजा और देव दीपावली जैसे प्रमुख त्योहारों को देखते हुए 5 से 17 नवंबर तक पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। इस संबंध में निर्देश जारी कर दिया गया है। दिवाली और छठ सहित सभी त्योहारों पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए 5 नवंबर से 17 नवंबर 2026 तक प्रदेश भर के सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां निरस्त कर दी गई हैं। इस संबंध में डीजीपी राजीव कृष्ण ने निर्देश जारी कर दिया है। आदेश के अनुसार, सामान्य परिस्थितियों में किसी भी पुलिस अधिकारी या कर्मचारी को अवकाश नहीं दिया जाएगा। केवल अपरिहार्य और विशेष परिस्थितियों में ही संबंधित अधिकारियों को छुट्टी मंजूर करने का अधिकार होगा।

नड्डा के काफिले पर हुए हमले में इमरान हसन गिरफ्तार

एजेंसी, कोलकाता।



पश्चिम बंगाल में डायमंड हार्बर जाते समय 10 दिसंबर, 2020 को भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के काफिले पर हुए हमले के मामले में पुलिस को सफलता मिली है। घटना के लगभग छह साल बाद उस्ती थाने की पुलिस ने बुधवार देर रात देउला से सटे इलाके से तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद अभिषेक बनर्जी के करीबी माने जाने वाले तृणमूल के नेता इमरान हसन को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपित इमरान मगराहाट पश्चिम विधानसभा क्षेत्र का युवा तृणमूल कांग्रेस का अध्यक्ष था। पुलिस के अनुसार, आरोपित पर केवल नड्डा के काफिले पर हमले का ही आरोप नहीं है, बल्कि चुनाव से पहले राजनीतिक विरोधियों को धमक ने, कार्यकर्ताओं पर अत्याचार करने और उनके घरों में तोड़फोड़ करने जैसे कई गंभीर आरोप भी दर्ज हैं। इस मामले में पुलिस ने हाल ही में एक अन्य आरोपित जहांगीर खान को भी गिरफ्तार किया था और अब इमरान की गिरफ्तारी के बाद जांच अधिकारी इस बात की पड़ताल कर रहे हैं कि इस घटना में और कौन-कौन से लोग शामिल हैं। ज्ञात हो कि, वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव से पहले भारी राजनीतिक सरगर्मी के बीच जेपी नड्डा जनसभा को संबोधित करने के लिए डायमंड हार्बर जा रहे थे। उनके काफिले में दिलीप घोष सहित कई केंद्रीय और राज्य स्तरीय नेता मौजूद थे। इस दौरान डायमंड हार्बर जाने के रास्ते में पहले सरिशा और बाद में फलता इलाके में उनके काफिले पर अचानक ईंट-पत्थरों और लाठियों से हमला किया गया था।

तीन दिन में 30 करोड़ से अधिक के 11,669 किलो गांजे के पौधे जब्त

भोपाल,एजेंसी। पुलिस ने विगत तीन दिनों में धार, खरगोन, बड़वानी एवं खंडवा जिलों में व्यापक कार्रवाई करते हुए कुल 11,669 किलोग्राम (लगभग 116.69 क्विंटल) गांजे के पौधे जब्त एवं चिह्नित किए गए हैं। इनकी अनुमानित कीमत 30 करोड़ 10 लाख रुपये से अधिक है। पुलिस मुख्यालय द्वारा बुधवार को मामले जानकारी दी। बताया गया कि पुलिस द्वारा कार्रवाई के दौरान ड्रोन सर्विलांस, मुखबिर तंत्र, आधुनिक तकनीक एवं सघन सर्चिंग का उपयोग किया गया। कई स्थानों पर कपास एवं तुअर जैसी अन्य फसलों के बीच छिपाकर गांजे की अवैध खेती की जा रही थी। वहीं नदी, पहाड़ी, जंगल एवं नो-मोबाइल नेटवर्क वाले दुर्गम क्षेत्रों में भी पुलिस टीमों ने पहुंचकर अवैध खेती का खुलासा किया। धार में ऑपरेशन 'प्रहार' के तहत 8,577.01 किलोग्राम गांजे के पौधे जब्त एवं चिह्नित धार पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा के अनुसार, जिले में ऑपरेशन 'प्रहार' के तहत अवैध गांजे की खेती के विरुद्ध कार्रवाई की गई। थाना मनावर क्षेत्र ड्रोन सर्विलांस एवं सर्चिंग के माध्यम से लगभग 6,700 किलोग्राम गांजे के पौधे चिह्नित किए गए।

घुसपैठियों को मतदाता सूची से फिर देश से करेंगे बाहर: शाह

एसआईआर के मुद्दे पर संसद का विशेष सत्र बुलाने को तैयार केंद्र सरकार

एजेंसी, चंडीगढ़।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भारत की मतदाता सूची व इस देश में घुसपैठियों के लिए कोई जगह नहीं है। कांग्रेस तीन करोड़ घुसपैठियों को बचाने के लिए देशभर में रैलियां निकाल रही है। अमित शाह गुरुवार को करनाल में आयोजित लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ रैली को संबोधित कर रहे थे।

अमित शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह प्रधानमंत्री को बहस की चुनौती देते हैं, लेकिन देश के मुद्दों पर संसद में चर्चा करने से बचते हैं। गृह मंत्री ने कहा कि सरकार एसआईआर के मुद्दे पर चर्चा के लिए लोकसभा का विशेष सत्र बुलाने को तैयार है, लेकिन राहुल गांधी अपनी और अपने साथियों की यह गारंटी दें कि वे संसद में इस मुद्दे पर चर्चा से भागेंगे नहीं। अमित शाह ने कहा कि घुसपैठियों को बचाने के लिए रैली करने वाली कांग्रेस 13 करोड़ वोट कटने का दावा करती है। जिसकी सच्चाई यह है कि 2.8 करोड़ मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है। सवा छह करोड़ मतदाता ऐसे हैं जो दूसरे राज्यों में शिफ्ट हो चुके हैं। देश में एक करोड़ मतदाता ऐसे हैं जिनके तीन से ज्यादा स्थानों पर वोट थे। तीन करोड़ मतदाता ऐसे हैं जो न तो चुनाव आयोग के सामने आ रहे हैं और न ही धरातल पर दिखाई दे रहे हैं। इन्हीं घुसपैठियों को बचाने के लिए कांग्रेस सड़कों पर है। गृह मंत्री ने कहा कि सरकार इन घुसैपठियों को पहले मतदाता सूची से बाहर करेगी और फिर देश से बाहर करेगी। हाथ में संविधान लेकर चलने वाले संसद की बात सड़क पर करते हैं। संवैधानिक संस्था का सबसे अधिक अपमान करते हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर कांग्रेस के खिलाफ अभियान तेज करने के निर्देश देते हुए गृहमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस लगातार चुनाव हार रही है और देश की संवैधानिक संस्थाओं में कांग्रेस का प्रतिनिधित्व खत्म हो रहा है। अमित शाह ने हरियाणा में नेता प्रतिपक्ष हुड्डा पर तंज कसते हुए कहा कि 2024 में कांग्रेस ने लड्डू तो बनवाए लेकिन जीत भाजपा को मिली। इसके बाद महाराष्ट्र, बिहार व दिल्ली समेत कई राज्यों से कांग्रेस का सुपड़ा साफ हो गया।

कांग्रेस ने खोया जनता का विश्वास : अश्विनी वैष्णव

एजेंसी,जयपुर। केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मतदाता सूची को शुद्ध एवं प्रमाणिक बनाने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) आवश्यक प्रक्रिया है, लेकिन कांग्रेस इसका विरोध कर भ्रम और दुष्प्रचार फैला रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता का विश्वास खो चुकी है और अब लोकतांत्रिक संस्थाओं पर सवाल उठाकर अपनी राजनीतिक प्रासंगिकता बनाए रखने का प्रयास कर रही है। वैष्णव गुरुवार को जयपुर के रामलीला मैदान में भाजपा के लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान के तहत आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एसआईआर कोई नई प्रक्रिया नहीं है। वर्ष 1947 के बाद विभिन्न सरकारों के कार्यकाल में कई बार यह प्रक्रिया अपनाई गई है। दिवंगत व्यक्तियों के नाम हटाना, स्थान परिवर्तन करने वाले मतदाताओं के नाम संशोधित करना और एक से अधिक स्थानों पर दर्ज नामों को दुरुस्त करना इसका आवश्यक हिस्सा है। मतदाता सूची लोकतंत्र का मूल आधार है और निर्वाचन आयोग का दायित्व इसे त्रुटिरहित बनाना है।

चावड़ी बाजार इमारत हादसे में दो की मौत, जांच के आदेश



एजेंसी, नई दिल्ली।

दिल्ली के चावड़ी बाजार इलाके में गुरुवार सुबह निर्माणाधीन तीन मंजिली इमारत गिरने से दो लोगों की मौत हो गयी और चार अन्य घायल हो गए। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हादसे की जांच कराने और ठेकेदार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है। उन्होंने घटना स्थल पर पहुंच कर राहत एवं बचाव कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ गृहमंत्री आशीष सूद भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने संबंधित जूनियर इंजीनियर और असिस्टेंट इंजीनियर को तत्काल निलंबित करने और घायलों को सर्वोत्तम चिकित्सा उपचार उपलब्ध कराने और प्रभावित परिवारों को तत्काल अनुग्रह राशि प्रदान करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि टीमें मलबे में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने और प्रभावित परिवारों को तुरंत मदद पहुंचाने के लिए काम कर रही हैं।

भारत गुयाना को 50 करोड़ डॉलर की ऋण सुविधा देगा

नई दिल्ली, एजेंसी। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने आज एंटीगुआ और बारबुडा में राष्ट्रमंडल शासनाध्यक्षों की बैठक (सीएचओजीएम) के दौरान गुयाना के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद इरफ़ान अली से मुलाकात की। इस दौरान विदेश मंत्री ने गुयाना की विकास प्राथमिकताओं और अवसंरचना परियोजनाओं के समर्थन के लिए भारत द्वारा 50 करोड़ अमेरिकी डॉलर की नई ऋण रेखा (लाइन ऑफ क्रेडिट) के विस्तार की भी घोषणा की। बैठक के दौरान दोनों देशों के बीच तीन समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। इसमें सूक्ष्म एवं लघु उद्यम (एमएसई) विनिर्माण परियोजनाओं की आपूर्ति एवं स्थापना, त्वरित प्रभाव परियोजनाओं (क्यूआईपी) के कार्यान्वयन के लिए अनुदान सहायता, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) के क्षेत्र में सहयोग और गुयाना में एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) जैसी प्रणाली का संचालन शामिल है। वर्ष 2024 में प्रधानमंत्री मोदी की गुयाना यात्रा के बाद दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में आई प्रगति की समीक्षा की गई। भारत ने गुयाना को कई सहयोग देने की घोषणा की।

बिहार की धरती लोकतंत्र की प्रेरणादायी भूमि

विपक्ष के थिंक टैंक में चरमपंथी विचारधारा के लोगों का प्रभावः भूपेंद्र यादव

एजेंसी, पटना।

केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र यादव ने आज पत्रकार वार्ता में कांग्रेस सहित विपक्षी दलों पर लोकतंत्र के नाम पर भ्रम फैलाने और अराजकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विपक्ष के थिंक टैंक में चरमपंथी विचारधारा के लोगों का प्रभाव है, जो लोकतंत्र के नाम पर भ्रम फैला रहे हैं। भूपेंद्र यादव ने कहा कि बिहार की धरती लोकतंत्र की प्रेरणादायी भूमि रही है। भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में बिहार का महत्वपूर्ण योगदान है। जब कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर लोकतंत्र को कुचलने का प्रयास किया था, तब जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में बिहार से ही लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प



और संघर्ष शुरू हुआ था। उन्होंने कहा कि बिहार में काम करते हुए उन्होंने लोकतांत्रिक परंपराओं, विचार-विमर्श और जनभागीदारी का महत्व सीखा है। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 324 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत निर्वाचन आयोग को मतदाता सूची के पुनरीक्षण का अधिकार है। विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित और दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के नामों को दुरुस्त करना तथा पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करना है। वर्ष 1950 से 2024 तक आठ बार गहन पुनरीक्षण हो चुका है। पहले किसी राजनीतिक दल ने इस सामान्य लोकतांत्रिक प्रक्रिया का विरोध नहीं किया।

भाजपा नेता ने कहा कि बिहार में लगभग 7.89 करोड़ मतदाताओं के लिए घर-घर जाकर सत्यापन किया गया। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों को प्रारूप सूची उपलब्ध कराई गई थी।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने 89 लाख मतदाताओं के नाम काटे जाने का दावा किया, लेकिन निर्वाचन आयोग द्वारा फॉर्म-7 भरने को कहे जाने के बावजूद आपत्तियां दर्ज नहीं कराई गईं। यादव ने कहा कि विपक्ष को यदि मतदाता सूची पर वास्तविक आपत्ति थी, तो उसे संवैधानिक प्रक्रिया के तहत सामने आना चाहिए था। केवल राजनीतिक बयानबाजी से लोकतंत्र मजबूत नहीं होता। भूपेंद्र यादव ने विपक्षी दलों के थिंक टैंक में चरमपंथी विचारधारा के लोगों के प्रभाव होने की बात करते हुए कहा कि कांग्रेस, राजद और समाजवादी पार्टी के निर्णयों पर ऐसे लोगों का प्रभाव बढ़ा है।

अटारी-वाघा बॉर्डर के रास्ते पाक लौटा 49 सिखों का जत्था

एजेंसी, अमृतसर।

पाकिस्तान से भारत में धार्मिक यात्रा पर आया 49 सिख श्रद्धालुओं का जत्था अटारी-वाघा बॉर्डर के रास्ते अपने वतन लौट गया। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के हस्तक्षेप के बाद श्रद्धालुओं को सड़क मार्ग से पाकिस्तान लौटने की विशेष अनुमति दी। इससे श्रद्धालुओं को हवाई यात्रा पर होने वाले भारी खर्च से राहत मिली। इस जत्थे में पेशावर, पंजा साहिब, लाहौर और ननकाना साहिब के श्रद्धालु शामिल थे। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पिछले साल 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद एक 1 मई, 2025 से अटारी-वाघा सीमा सामान्य यात्रियों के लिए बंद है। वर्तमान में केवल निर्धारित धार्मिक अवसरों पर

हवाई यात्रा का खर्च बचने से श्रद्धालुओं ने जताया आभार

भारत-पाकिस्तान के बीच 1974 के धार्मिक तीर्थयात्रा प्रोटोकॉल के तहत श्रद्धालुओं को आने-जाने की अनुमति दी जाती है। पाकिस्तानी सिख श्रद्धालु 8 अक्टूबर को लाहौर-ताशकंद-नई दिल्ली हवाई मार्ग से भारत पहुंचे थे। उनके वीजा की अवधि 6 नवंबर को समाप्त होनी थी और पहले उनकी वापसी हवाई मार्ग से निर्धारित थी। डीएसजीएमसी के मुख्य सलाहकार (एनआरआई मामलों) परमजीत सिंह चंडोक ने श्रद्धालुओं की वापसी के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय से विशेष अनुमति और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था।

सड़कों पर हंगामा और अराजकता फैलाना चाहते हैं राहुल : संबित पात्रा

बेंगलुरु, एजेंसी। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद डॉ. संबित पात्रा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके पास न तो कोई तथ्य हैं और न ही कोई आंकड़े। संसद में शालीन और सार्थक चर्चा करने के बजाय हंगामा और अव्यवस्था फैलाना ही उनका उद्देश्य है। लोकतंत्र बचाओ, अराजकता मिटाओ अभियान के तहत गुरुवार को बेंगलुरु स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यालय जगन्नाथ भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने यह बात कही। संबित पात्रा ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी जब-जब बोलते हैं, कांग्रेस पार्टी को हार का सामना करना पड़ता है। संसद में विषय आधारित चर्चा करने के बजाय वे सड़कों पर हंगामा और अराजकता फैलाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को सबसे पहले अपने ही इंडी गठबंधन के सहयोगियों अरविंद केजरीवाल और ममता बनर्जी के साथ बहस करनी चाहिए। पंजाब में अरविंद केजरीवाल उनके साथ हैं या नहीं, राहुल गांधी को यह स्पष्ट करना चाहिए।

परियोजना

सीएम योगी के नेतृत्व में सवा लाख करोड़ के विकास कार्य शुरू

अमेरिका की तरक्की के पीछे बेहतर सड़क नेटवर्कः गडकरी

समृद्धि न्यूज,जौनपुर।

प्रदेश में करीब सवा लाख करोड़ की लागत के विकास कार्य शुरू हो चुके हैं, जबकि लगभग तीन लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं विभिन्न प्रक्रियाओं में हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है। राज्य में उद्योगों की स्थापना हो रही है और कृषि क्षेत्र में भी प्रगति हो रही है।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के मुंगराबादशाहपुर स्थित सार्वजनिक इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मंच से बटन दबाकर दो बड़ी परियोजनाओं का शिलान्यास किया, जबकि तीन अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं का भूमि पूजन किया। नितिन गडकरी ने कहा कि अमेरिका की आर्थिक तरक्की के पीछे बेहतर सड़क नेटवर्क की महत्वपूर्ण भूमिका है। सड़कें केवल आवागमन का साधन नहीं हैं, बल्कि इनके निर्माण से उद्योग, व्यापार और रोजगार के नए अवसर पैदा होते हैं। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य उत्तर प्रदेश की सड़कों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाना है। इसके लिए प्रदेश में पांच लाख करोड़ रुपये के सड़क विकास कार्यों का लक्ष्य रखा गया है।

केंद्रीय मंत्री ने जौनपुर से मुंगराबादशाहपुर तक फोरलेन सड़क परियोजना का जिक्र करते हुए बताया कि करीब 1,400 करोड़ रुपये की



लागत वाली इस परियोजना का एलाइनमेंट स्वीकृत हो चुका है। जून तक अवार्ड जारी करने की प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य शुरू कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि फोरलेन मार्ग बनने से जौनपुर से मुंगराबाद शाहपुर पहुंचने में लगने वाला करीब दो घंटे का समय घटकर 50 मिनट से एक घंटे तक रह जाएगा। इसके अलावा जौनपुर क्षेत्र की अन्य सड़क परियोजनाओं को भी जल्द आगे बढ़ाया जाएगा। नितिन गडकरी ने बताया कि करीब 35 हजार करोड़ रुपये की लागत से गोरखपुर से सिलीगुड़ी तक छह लेन एक्सप्रेसवे बनाया जा रहा है। इससे पूर्वांचल और बिहार के बीच सड़क संपर्क बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि वाराणसी से अयोध्या और लखनऊ की कनेक्टिविटी मजबूत होने से यात्रियों का समय बचेगा। वहीं, वाराणसी से विंध्याचल पहुंचने में लगने वाला करीब साढ़े तीन घंटे का समय घटकर पौने दो घंटे रह जाएगा। इससे जौनपुर, भदोही, अंबेडकर नगर और सुल्तानपुर के श्रद्धालुओं को मां विंध्यवासिनी धाम पहुंचने में सुविधा होगी। केंद्रीय मंत्री ने रायबरेली में 1,600 करोड़ रुपये की लागत से रिंग रोड, कानपुर में 10 हजार करोड़ रुपये की लागत से छह लेन सड़क और बाराबंकी-बहराइच मार्ग समेत कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का भी उल्लेख किया। उन्होंने अयोध्या, वाराणसी और सारनाथ को बेहतर सड़क संपर्क से जोड़ने की योजनाओं की जानकारी दी।

जनपद में 05 नवम्बर से 02 जनवरी 2027 तक धारा-163 के तहत निषेधाज्ञा लागू

रायबरेली। जिला मजिस्ट्रेट सरनीत कौर ब्रोका ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163 के तहत जनपद में लोक प्रशांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से निषेधाज्ञा जारी की है। आदेश के अनुसार यह निषेधाज्ञा 05 नवम्बर 2026 से 02 जनवरी 2027 तक प्रभावी रहेगी। उन्होंने बताया है कि जनपद में 06 नवम्बर को धनतेरस, 07 नवम्बर को नरक चतुर्दशी, छोटी दीपावली 08 नवम्बर को दीपावली, 09 नवम्बर को गोवर्धन पूजा, 11 नवम्बर को भैयादूज चित्रगुप्त जयन्ती, 13 नवम्बर से छठपूजा प्रारम्भ होकर 16 नवम्बर को मुख्य छठपूजा पर्व, 16 नवम्बर को वीरांगना ऊदादेवी शहीद दिवस, 24 नवम्बर को कार्तिक पूर्णिमा प्रान्तीय मेला, 16 दिसम्बर को हजरत ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती अजमेरी गरीब नवाज रह. का उर्स, 23 दिसम्बर को चौधरी चरण सिंह का जन्म दिवस, 24 दिसम्बर को क्रिसमस ईव, 25 दिसम्बर को क्रिसमस-डे, पूर्णिमा व अमावस्या पर्व पर गंगास्नान एवं विभिन्न आयोग एवं भर्ती बोर्ड से आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाये, प्राविधिक शिक्षा परिषद विश्वविद्यालय की अर्द्धवार्षिक सेमेस्टर परीक्षाओं के आयोजन, परीक्षा पुस्तिकाओं का मूल्यांकन, जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था, सम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने व संचारी रोगों के प्रभावी रूप से रोकथाम, के सम्बन्ध में शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन किया जाना है।

भारत-नेपाल सीमा पर गांजा तस्करी का भंडाफोड़, महिला समेत दो गिरफ्तार

- स्कॉर्पियो से ले जाया जा रहा था 1.22 क्विंटल गांजा, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 70 लाख रुपये,

समृद्धि न्यूज़



महराजगंज, भारत-नेपाल सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में महराजगंज पुलिस और एटीएस की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता मिली है। गुरुवार को ठूठीबारी थाना क्षेत्र के नौवाबारी के पास चेकिंग के दौरान टीम ने एक महिला समेत दो तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 1 क्विंटल 22 किलो 975 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 70 लाख रुपये आंकी गई है। तस्करी में इस्तेमाल की जा रही स्कॉर्पियो भी पुलिस ने जब्त कर ली है।पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में सीमा क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी निचलौल रविन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में ठूठीबारी पुलिस, एटीएस सिद्धार्थनगर और एटीएस गोरखपुर की संयुक्त टीम गठित की गई थी। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर टीम ने नौवाबारी के पास वाहनों की चेकिंग शुरू की। इसी दौरान संदिग्ध स्कॉर्पियो को रोककर तलाशी ली गई तो उसमें भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ।

पुलिस ने मौके से कुशीनगर जिले के तरयां सुजान थाना क्षेत्र के चैनपट्टी निवासी 49 वर्षीय नैमुन निशा उर्फ जहांतारा तथा सेवरही थाना क्षेत्र के आजाद नगर वार्ड नंबर सात निवासी 50 वर्षीय राजेन्द्र गौड़ उर्फ रविन्द्र को गिरफ्तार कर लिया। बरामद स्कॉर्पियो का नंबर यूपी 32 एलबी 9957 बताया गया है।

इस मामले में थाना ठूठीबारी में दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 150/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20/29 में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, विधिक कार्रवाई पूरी कर दोनों आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है।

पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार राजेन्द्र गौड़ उर्फ रविन्द्र का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। उसके खिलाफ वर्ष 2020 में कुशीनगर के विशुनपुरा थाने में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। इसके अलावा वर्ष 2023 में बस्ती जिले के रुधौली थाने में भी इसी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज है।कार्रवाई करने वाली टीम में ठूठीबारी थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक बृजेश कुमार पाण्डेय, उपनिरीक्षक रविन्द्र सिंह तोमर, महिला उपनिरीक्षक प्रियंका मौर्य सहित पुलिसकर्मी शामिल रहे। वहीं एटीएस सिद्धार्थनगर से उपनिरीक्षक हिमांशु और मुख्य आरक्षी आकाश यादव तथा एटीएस गोरखपुर से मुख्य आरक्षी उमेश मिश्रा और संदीप जायसवाल ने भी कार्रवाई में हिस्सा लिया।

सेवा भारती का प्रयास, हर घर रोशन, हर घर खुशहाली हो

सलोन-रायबरेली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (सेवा विभाग) , सेवा भारती ने सत्य का असत्य पर विजय का प्रतीक, प्रकाश उत्सव दीपावली पर हर घर रोशन हो हर घर में खुशहाली, का संकल्प लेकर, शोषित वंचित उपेक्षित परिवार को दीपावली किट बांटा संगठन का उद्देश्य समाज में जागरण करना है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सलोन नगर संघ चालक विजय सिंह ने बताया ऐसे परिवार जो अशिक्षा निर्धनता के कारण शोषित वंचित उपेक्षित के भाव से समाज से स्वयं को अलग समझते हैं सनातन त्यौहारों, सनातन संस्कृति से अनभिज्ञ हैं उन्हें सेवा भारती द्वारा दीपावली प्रकाश उत्सव के प्रति जागरूक किया गया साथ ही लक्ष्मी गणेश का चित्र मिठाई, दियाली तेल आदि सामग्री भेंट किया गया सेवा भारती के विभाग महामंत्री शेखर शुक्ला, व उपाध्यक्ष साधना शर्मा ने समाज से आवाहन किया कि अपने आसपास के एक परिवार को उपहार देकर उस परिवार के घर में उजाला और परिवार को खुशिया प्रदान में स्वयं कि सहभागिता देना चाहिए, सनातन संस्कृति में दान सहयोग का महत्वपूर्ण परम्परा है।

रोजगार मेले में 785 अभ्यर्थियों को मिली नौकरी



समृद्धि न्यूज़

महराजगंज, युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गुरुवार को जिला सेवायोजन कार्यालय महराजगंज एवं जवाहर लाल नेहरू पीजी कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत आयोजित इस मेले में 20 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्रतिभाग किया। विभिन्न कंपनियों की चयन प्रक्रिया के बाद कुल 785 अभ्यर्थियों का नौकरी के लिए चयन किया गया। रोजगार मेले का शुभारंभ सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मेले में अमेजॉन, वेयरहाउस, वोडाफोन आइडिया, एयरटेल पेमेंट बैंक, संगम सोलर सहित 20 से अधिक कंपनियों ने युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए।कंपनियों की ओर से लगभग 2200 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए चयन प्रक्रिया आयोजित की गई, जिसमें कुल 1345 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। साक्षात्कार एवं अन्य चयन प्रक्रियाओं के आधार पर 785 अभ्यर्थियों का विभिन्न कंपनियों में चयन किया गया। रोजगार मेले में बड़ी संख्या में युवाओं की सहभागिता से रोजगार पाने की उनकी उम्मीदों को नई दिशा मिली।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, कॉलेज प्रबंधक डॉ. बलराम भट्ट, प्राचार्य डॉ. अजय मिश्रा, डॉ. शांतिशरण मिश्रा, जिला सेवायोजन अधिकारी पंकज सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

रोजगार मेले में 398 अभ्यर्थियों ने किया प्रतिभाग, 189 का विभिन्न पदों के लिए किया गया प्रारंभिक चयन

- 16 निजी क्षेत्र की कंपनियों ने लिया साक्षात्कार, चयनित अभ्यर्थियों को वितरित किए गए नियुक्ति पत्र।

समृद्धि न्यूज़

कुशीनगर । उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत आज 05 नवंबर को पावानगर महावीर इंटर कॉलेज फाजिलनगर के परिसर में जिला सेवायोजन कार्यालय कुशीनगर एवं मॉडल कैरियर सेंटर कुशीनगर के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कुल 16 प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्रतिभाग कर बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए। रोजगार मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पंचायत फाजिलनगर की अध्यक्ष सुनीता शाही एवं सांसद, देवरिया के प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह कुशवाहा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा विभिन्न निजी कंपनियों में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए गए। इसके उपरांत नगर पंचायत अध्यक्ष ने रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराए जा रहे रोजगार के अवसरों की जानकारी प्राप्त की। मेले में अडानी सोलर पावर, चेकमेट सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड, एलएंडटी फाइनेंस, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, सैमसंग, वीवो, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), अमेजन सहित कुल 16 निजी क्षेत्र की कंपनियों ने प्रतिभाग किया। कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा सेल्स एग्जीक्यूटिव, ब्लॉक ऑफिसर, फील्ड ऑफिसर, सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर, लोन ऑफिसर, डिलीवरी बॉय एवं ऑपरेटर सहित विभिन्न पदों के लिए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि रोजगार मेले में कुल 398 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से 189 अभ्यर्थियों का विभिन्न पदों पर प्रारंभिक चयन किया गया। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले का उद्देश्य जनपद के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना तथा उन्हें उनकी योग्यता एवं कौशल के अनुरूप रोजगार से जोड़ना है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष प्रधान संघ राजेश राय, सभासद नगर पंचायत फाजिलनगर धीरज वर्मा, युवा मोर्चा के उज्ज्वल तिवारी, वरिष्ठ छात्र नेता डीडीयू गोरखपुर मनोज चौबे, पूर्व व्यापार मंडल फाजिलनगर के मनोज श्रीवास्तव, जिला शोध प्रमुख रामाधार तिवारी, पावानगर महावीर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. ए.बी. पाण्डेय, जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार, अपर सांख्यिकीय अधिकारी अरविंद कुमार यादव, अभय श्रीवास्तव, विनय पाण्डेय, पावानगर महावीर इंटर कॉलेज के शिक्षक एवं कर्मचारी तथा सेवायोजन कार्यालय से अभिषेक मिश्रा, जितेंद्र जायसवाल, प्रशांत कुमार सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

रजिस्ट्री कार्यालयों में जनसामान्य को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्धः रवीन्द्र जायसवाल

समृद्धि न्यूज़

रायबरेली। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्टाम्प तथा न्यायालय शुक्ल एवं पंजीयन विभाग रवीन्द्र जायसवाल ने गुरूवार को जनपद भ्रमण के दौरान निरीक्षण भवन के सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए रजिस्ट्री कार्यालयों में आम जनमानस को बेहतर एवं सुगम सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा विभागीय सेवाओं को और अधिक पारदर्शी एवं सुविधाजनक बनाने पर जोर दिया।

इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सभी जनपदों के रजिस्ट्री कार्यालयों की मूलभूत सुविधाओं को विकसित करने के लिए बजट उपलब्ध कराया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य है कि रजिस्ट्री कार्यालयों में आने वाले नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े तथा उन्हें एक बेहतर वातावरण में विभागीय सेवाएं प्राप्त हो सकें। इसके तहत कार्यालयों में एयर कंडीशनर, शुद्ध पेयजल, बैठने की समुचित व्यवस्था, स्वच्छ शौचालय सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश के रजिस्ट्री कार्यालयों में ऑनलाइन रजिस्ट्री की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है।

अब नागरिक ऑनलाइन माध्यम से रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी करने के साथ ही स्टाम्प शुल्क एवं निबंधन शुल्क भी ऑनलाइन जमा कर सकते हैं।

इससे आमजन को कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर लगाने से राहत मिलेगी तथा पंजीयन प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुगमता आएगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश का राजस्व लगभग 11 हजार करोड़ रुपये था, जो वर्तमान में बढ़कर लगभग 31 हजार करोड़ रुपये हो गया है। राजस्व में हुई यह उल्लेखनीय वृद्धि प्रदेश में बेहतर कानून व्यवस्था, निवेश के अनुकूल माहौल तथा सरकार की प्रभावी नीतियों को दर्शाती है।

मिशन शक्ति अभियान के तहत सुरक्षा और नए कानूनों की दी गई जानकारी

समृद्धि न्यूज़



महराजगंज, मिशन शक्ति फेज-6.0 के तहत महराजगंज पुलिस ने गुरुवार को जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर बालिकाओं को महिला सुरक्षा, नए आपराधिक कानूनों और साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में मिशन शक्ति और एंटी रोमियो टीमों ने विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए।

कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को महिला सुरक्षा, सम्मान और सशक्तीकरण से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं के कल्याण और सशक्तीकरण के लिए संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। पुलिस टीमों ने बाल विवाह, दहेज प्रथा और घरेलू हिंसा जैसी सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक करते हुए इनके उन्मूलन में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।इस दौरान साइबर अपराधों से बचाव के तरीके भी बताए गए। पुलिस ने किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी। इसके अलावा महिला हेल्पलाइन 1090 और 181, आपातकालीन सेवा 112 तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के उपयोग के बारे में भी विस्तार से बताया गया। पुलिस के अनुसार मिशन शक्ति फेज-6.0 के अंतर्गत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने के साथ उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने के लिए जनपद में लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 96 लोगों ने कराया पंजीकरण, विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं से किया गया लाभान्वित

- 86 लोगों की एचआईवी एवं हेपेटाइटिस-सी जांच, 35 की नेत्र जांच, 26 की टीबी तथा 14 की एसटीआई जांच की गई।

समृद्धि न्यूज़

कुशीनगर । उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी लखनऊ एवं उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के संयुक्त तत्वावधान में जनपद के कसया बस अड्डा परिसर में दो दिवसीय एचआईवी-एड्स जागरूकता एवं सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारंभ अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एस.एन. त्रिपाठी एवं सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक जय प्रकाश प्रधान ने फीता काटकर किया। शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में परियोजना निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी एवं प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के निर्देश पर इस शिविर का उद्देश्य परिवहन निगम के चालक-परिचालकों एवं अन्य कर्मचारियों को एचआईवी-एड्स सहित विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें निःशुल्क जांच एवं परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराना रहा। शिविर में सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, ब्लड ग्रुप, हीमोग्लोबिन, नेत्र परीक्षण, टीबी, हेपेटाइटिस-बी एवं सी, एसटीआई/आरटीआई तथा एचआईवी-एड्स से संबंधित जांच एवं परामर्श की सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। इसके साथ ही बैनर, पोस्टर एवं पम्पलेट वितरण तथा माइकिंग के माध्यम से स्वास्थ्य एवं एचआईवी-एड्स के प्रति जागरूकता संबंधी गतिविधियां भी संचालित की गईं। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एस.एन. त्रिपाठी ने उपस्थित चालक-परिचालकों एवं अन्य कर्मचारियों को संबोधित करते हुए नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, स्वच्छता एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा किसी भी स्वास्थ्य समस्या को नजरअंदाज न करने की अपील की। उन्होंने एचआईवी-एड्स से बचाव, समय पर जांच एवं उचित परामर्श के महत्व पर भी प्रकाश डाला। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा शिविर के सुचारू संचालन के लिए परामर्शदाता पूनम भारती, लैब टेक्नीशियन रंजीत कुमार, एसटीआई परामर्शदाता शिव कुमार पाण्डेय, एसटीएस/एसटीएलएस टीबी कसया, प्रबंधक लक्षित हस्तक्षेप परियोजना एवं जिला समन्वयक लिंक वर्कर योजना की ड्यूटी निर्धारित की गई थी। साथ ही प्रभारी चिकित्साधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसया को चिकित्सक दल, एचआईवी एवं हेपेटाइटिस जांच किट, बलगम कप, बॉक्स तथा आवश्यक औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। शिविर में कुल 96 लोगों का पंजीकरण किया गया। इनमें 86 लोगों की एचआईवी जांच, 86 लोगों की हेपेटाइटिस-सी जांच, 14 लोगों की एसटीआई जांच, 26 लोगों की टीबी जांच तथा 35 लोगों की आंखों की जांच की गई। इस प्रकार शिविर के माध्यम से बड़ी संख्या में लोगों को एक ही स्थान पर विभिन्न स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श सेवाओं का लाभ मिला। इस अवसर पर चिकित्साधिकारी डॉ. नाजरीन फातिमा, नेत्र परीक्षण अधिकारी डॉ. आनंद पाल सिंह, फार्मासिस्ट मो. इमरान अंसारी, परामर्शदाता पूनम भारती, लैब टेक्नीशियन बलवंत कुशवाहा, एसटीआई परामर्शदाता शिव कुमार पाण्डेय, टीआई के तारकेश्वर सिंह, एलडब्ल्यूएस अमित मिश्रा, सोनू तिवारी, नुरलायन अंसारी, दीपक, विकास, सदानंद चौरसिया सहित अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित रहे। शिविर का संचालन टीबी-एचआईवी समन्वयक चंद्रशेखर यादव ने किया।

राम वनगमन और केवट प्रसंग के मंचन ने दर्शकों को किया भावविभोर

- पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी रहे मुख्य अतिथि, मंथरा के षड्यंत्र से भरत के त्याग तक की कथा का हुआ सजीव मंचन

समृद्धि न्यूज़

कुशीनगर । जनपद के कसया विकास खण्ड क्षेत्र के दीलिपनगर, कुंडवा धनीपट्टी स्थित ओंकारेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सांस्कृतिक संगम, सलेमपुर-गोरखपुर के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत पांच दिवसीय रामायण मंचन के दूसरे दिन राम वनगमन, निषादराज मिलन, केवट प्रसंग और भरत के अयोध्या आगमन तक की कथा का भावपूर्ण मंचन किया गया। दूसरे दिन की कथा श्रीराम के राज्याभिषेक की तैयारियों के बीच मंथरा के षड्यंत्र से शुरू हुई। मंथरा के बहकावे में आकर महारानी कैकेयी ने राजा दशरथ से दो वरदान मांग लिए। पहले वरदान में भरत के लिए राजसिंहासन और दूसरे में श्रीराम के लिए 14 वर्ष का वनवास मांगा। कैकेयी की मांग सुनकर राजा दशरथ को गहरा आघात लगा और वे मूर्छित हो गए। पिता के वचन और रघुकुल की मर्यादा की रक्षा के लिए श्रीराम ने सीता और लक्ष्मण के साथ वन जाने का निर्णय लिया। राम के वनगमन के दृश्य ने दर्शकों को भावुक कर दिया। वन में निषादराज से श्रीराम की भेंट के बाद गंगा तट पर केवट प्रसंग का मनोहारी मंचन हुआ। केवट द्वारा प्रभु श्रीराम के चरण पखारकर उन्हें गंगा पार कराने के दृश्य ने श्रद्धालुओं को भक्ति और भाव से भर दिया। प्रसंग के माध्यम से प्रेम, सेवा और सामाजिक समरसता का संदेश भी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। इसी बीच श्रीराम के वियोग में राजा दशरथ के प्राण त्यागने तथा भरत और शत्रुघ्न के अयोध्या लौटने के प्रसंग का सजीव चित्रण किया गया। माता कैकेयी से पूरे घटनाक्रम की जानकारी मिलने पर भरत का व्यथित होना और उनके द्वारा माता के निर्णय का विरोध करना दर्शकों के लिए भावुक क्षण रहा। भरत के त्याग और भ्रातृप्रेम ने रामकथा के आदर्श पक्ष को और अधिक प्रभावशाली बना दिया। मंचन के माध्यम से कलाकारों ने संदेश दिया कि रामकथा केवल धार्मिक आख्यान नहीं, बल्कि त्याग, कर्तव्य, मर्यादा, भ्रातृप्रेम, माता-पिता के प्रति सम्मान और सामाजिक समरसता की प्रेरणा देने वाली जीवनगाथा है। निर्देशक मानवेंद्र त्रिपाठी के निर्देशन में कलाकारों की प्रभावशाली प्रस्तुति ने दर्शकों को कथा से अंत तक जोड़े रखा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी रहे। इस अवसर पर राकेश जायसवाल, सुधीर राव, दिवाकर मणि त्रिपाठी, डॉ. कालिंदी त्रिपाठी, गुड्डू राय,संयोजक डॉ. चंद्रशेखर सिंह, डॉ. अनिल कुमार सिन्हा, आरके भट्ट, वीरेश राय, कामोद सिंह, जयप्रकाश, अक्षय गुप्ता, संजय कौशिक, दयाशंकर सिंह, बालिस्टर सिंह और रामचंद्र गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

दुष्कर्म के दो अलग-अलग मामलों में वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार,

समृद्धि न्यूज़ महराजगंज, जिले में महिला संबंधी अपराधों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चौक और नौतनवा पुलिस ने दुष्कर्म समेत गंभीर धाराओं में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। चौक पुलिस ने मु0अ0सं0 207/2026 में वांछित नसरुद्दीन उर्फ सलमान (26) निवासी महुअरकोल, थाना झंगहा, गोरखपुर, हाल मुकाम गबड़ुआ, महराजगंज को खजुरिया पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। वहीं नौतनवा पुलिस ने दुष्कर्म, एससी-एसटी एक्ट समेत अन्य गंभीर धाराओं में दर्ज मुकदमे के वांछित अबू आसिफ (19) निवासी बगहा को मुड़िला स्थित बगहा मोड़ फायर स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया। चौक पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जिला कारागार भेज दिया गया। वहीं नौतनवा पुलिस दूसरे आरोपी को रिमांड के लिए न्यायालय में प्रस्तुत करने की कार्रवाई कर रही है।

कुशीनगर में जनगणना की तैयारियां तेज, 16 से 30 नवंबर तक होगी स्वगणना की प्रक्रिया

- जिलाधिकारी संजय चौहान ने जनपदवासियों से की अपील, आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से स्वयं दर्ज कराएं अपने परिवार का विवरण।

समृद्धि न्यूज़

कुशीनगर । भारत सरकार के निर्देशों के क्रम में आगामी दस वर्षीय जनगणना को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए जनपद में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। जनगणना की प्रक्रिया के प्रथम चरण के अंतर्गत 16 नवंबर से 30 नवंबर तक स्व-गणना का कार्य संचालित किया जाएगा। इसके माध्यम से नागरिक घर बैठे आधिकारिक वेबसाइट पर अपने परिवार एवं आवास से संबंधित आवश्यक विवरण स्वयं दर्ज कर सकेंगे।

जिलाधिकारी संजय चौहान ने जनपद के समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित अवधि में स्व-गणना की सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा अपने परिवार का विवरण आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से स्वयं दर्ज कर राष्ट्रीय जनगणना के इस महत्वपूर्ण कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि स्व-गणना के माध्यम से नागरिकों को अपनी जानकारी स्वयं दर्ज करने का अवसर मिलेगा, जिससे जनगणना की प्रक्रिया को और अधिक सुविधाजनक एवं व्यवस्थित बनाया जा सकेगा।

स्व-गणना की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि परिवार का मुखिया अथवा परिवार का कोई अधिकृत सदस्य आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर निर्धारित प्रारूप में परिवार एवं आवास से संबंधित जानकारी दर्ज कर सकेगा। प्रक्रिया के दौरान परिवार के मुखिया के मोबाइल नंबर पर ओटीपी भेजा जाएगा। ओटीपी के सत्यापन के बाद स्व-गणना की प्रक्रिया पूरी होगी तथा एक विशिष्ट रजिस्ट्रेशन नंबर प्राप्त होगा। नागरिक इस रजिस्ट्रेशन नंबर को सुरक्षित रखें, क्योंकि बाद में घर-घर जनगणना के दौरान प्रगणक द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी का सत्यापन इसी के माध्यम से किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना केवल जनसंख्या की गणना तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश की सामाजिक, आर्थिक एवं जनसांख्यिकीय स्थिति का महत्वपूर्ण आधार है। जनगणना से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा विकास योजनाओं के निर्माण, संसाधनों के बेहतर आवंटन तथा जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन में सहायता मिलती है। ऐसे में प्रत्येक परिवार की सही एवं पूर्ण जानकारी का दर्ज होना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

प्रयागराज के उचडीह में युवक बिजली टावर पर चढ़ा पुलिस ने मशक्कत के बाद नीचे उतारा

समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज। मेजा थाना क्षेत्र के उचडीह बाजार गांव के सिमरी का पूरा निवासी लाल बाबू भारतीय गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे बिजली के टावर पर चढ़ गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घंटों की मशक्कत के बाद युवक को सुरक्षित नीचे उतार लिया। ग्रामीणों के अनुसार, लाल बाबू कथित तौर पर शराब के नशे में आए दिन बिजली के टावर पर चढ़ जाता है। युवक के टावर पर चढ़ने की सूचना मिलते ही परिवार और ग्रामीण उसे समझाने का प्रयास करते हैं। पुलिस भी मौके पर पहुंचकर उसे नीचे उतारने की कोशिश करती है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली के टावर पर चढ़ने से युवक की जान को खतरा बना रहता है।

राज्यपाल ने राजकीय बालगृह परिसर खुल्दाबाद पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का लिया जायजा अंतःवासियों के साथ किया संवाद

- राज्यपाल ने बालिकाओं को दृढ़संकल्प के साथ परिश्रम करने तथा सकारात्मक सोंच के साथ आगे बढ़ने के लिए कहा

समृद्धि न्यूज़

समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज। राजपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल गुरूवार को खुल्दाबाद स्थित राजकीय बाल गृह बालिका और राजकीय बाल गृह शिशु का भ्रमण किया तथा वहां की व्यवस्थाओं, सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा अंतःवासियों के साथ संवाद किया।

राज्यपाल द्वारा राजकीय बाल गृह में बालिकाओं और राजकीय महिला शरणालय की महिलाओं के द्वारा निर्मित हस्त उत्पाद का अवलोकन किया। उन्होंने बालिका गृह के हॉल में सभी बालिकाओं के साथ संवाद करते हुए बालिकाओं को दी जा रही शिक्षा, उपलब्ध कराई जा रही सुविधाएं, स्वास्थ्य सेवाएं, गर्भवती और धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली एवं उक्त विषयों पर अमूल्य सुझाव और मार्गदर्शन प्रदान किया। राज्यपाल द्वारा समस्त स्टाफ ,शिक्षक ,डॉक्टर रसोईया, सफाईकर्मी सभी से संवाद किया गया एवं उनकी कार्यशैली में सुधार और प्रबलता लाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया गया। राजकीय बाल गृह बालिका में आवासित बालिकाओं को कौशल प्रोत्साहन एवं आय सृजन के उद्देश्य से निर्मित किए जा रहे हस्त उत्पादों को मार्केट से जोड़ने हेतु निर्देश और सुझाव दिए। राजपाल द्वारा बालिका गृह में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार पाने वाली बालिकाओं को प्रोत्साहन हेतु प्रमाण पत्र वितरित किया। राज्यपाल द्वारा राष्ट्रीय बाल गृह शिशु और बाल गृह बालिका में बच्चों को स्नैक्स चॉकलेट और आगामी शीत ऋतु के लिए गर्म कपड़े, इनर इत्यादि वितरित किए गए। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी, उपकुलपति अखिलेख सिंह, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, प्रोबेशन अधिकारी सर्वजीत सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



संक्षिप्त खबरें

ट्रिपल मर्डर के पीड़ित परिवार से मिलीं अपर्णा यादव

लखनऊ। राजधानी के सआदतगंज में हुए ट्रिपल मर्डर के पीड़ित परिवार से गुरुवार को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव मिलने पहुंचीं। उन्होंने शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दी और न्याय का भरोसा दिलाया। इस दौरान मृतक शिवाजी तिवारी की पत्नी ऊषा तिवारी और शिवेंद्र की पत्नी रुचि तिवारी समेत परिवार के अन्य सदस्यों ने हाथ जोडक़र अपनी आपबीती सुनाई और न्याय की गुहार लगाई। अपर्णा यादव ने कहा कि पीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री से मिलने का समय मांगा है। वह अपनी तरफ से पूरा प्रयास करेंगी कि मुख्यमंत्री परिवार से मुलाकात करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री न्याय के प्रति प्रतिबद्ध हैं। परिवार की मांगों और समस्याओं को उनके सामने रखा जाएगा। अपर्णा यादव ने परिवार की बच्ची की पढ़ाई में मदद का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि बच्ची जिस स्कूल (सीएमएस) में पढ़ती है, वहां उसकी फीस माफी के लिए वह अपनी तरफ से प्रयास करेंगी। स्कूल प्रशासन से उनके अच्छे संबंध हैं और स्कूल जरूरतमंद बच्चों की मदद करता रहा है। अपर्णा यादव ने कहा कि एक ही घर में दिनदहाड़े तीन लोगों की हत्या की घटना बेहद भयावह है। इस तरह का अपराध पूरे प्रदेश को झकझोर देने वाला है। उन्होंने कहा कि इस वारदात को अंजाम देने वाले व्यक्ति को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। वह इस संबंध में लिखित रूप से भी अपनी बात रखेंगी। परिवार को सुरक्षा और न्याय दिलाने के लिए प्रशासन और पुलिस अधिकारियों से बात करेंगी। महिला आयोग और सरकार की ओर से जो भी मदद संभव होगी, उसे दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

मुजाहिद बने राष्ट्रीय लोकदल के महानगर अध्यक्ष

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्य राज सिंह ने लखनऊ निवासी मोहम्मद मुजाहिद को लखनऊ महानगर अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी।इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्य राज सिंह ने विश्वास व्यक्त किया कि मोहम्मद मुजाहिद अपनी सक्रियता एवं संगठनात्मक क्षमता के माध्यम से लखनऊ महानगर में राष्ट्रीय लोकदल के संगठन को और अधिक मजबूत एवं विस्तारित करेंगे। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी की विचारधारा, उनके सिद्धांतों एवं जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।उन्होंने आशा व्यक्त की कि मोहम्मद मुजाहिद राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह के कुशल नेतृत्व में पार्टी की नीतियों और विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्रीय लोकदल की आवाज को मजबूती से बुलंद करेंगे।

मांस तस्करी मामले में वांछित चल रहा तीसरी आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ। रहीमाबाद थाना पुलिस ने मांस की तस्करी के मामले में वांछित चल रहे तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान हरदोई जिले के संडीला थाना क्षेत्र के मुन्नू खेड़ा गांव निवासी इस्लामुद्दीन (36) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अब चौथे आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस के मुताबिक, बीते 2 नवंबर को रहीमाबाद थाना क्षेत्र के रुसेना गांव निवासी भूपेंद्र अर्कवंशी ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था कि एक ओमनी वैन से भारी मात्रा में मांस ले जाया जा रहा था। मामले में पुलिस ने वाहन चालक मोहम्मद फैजूल समेत रिजवान, इस्लामू और इरशाद के खिलाफ को गोवध अधिनियम के तहत पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर रिजवान मुन्नू खेड़ा थाना संडीला और फैजूल टिकरा बरार थाना संडीला हरदोई को 3 नवंबर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। पुलिस के अनुसार, गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर रहीमाबाद पुलिस ने रेलवे क्रॉसिंग के पास घेराबंदी कर तरौना गांव के मोड़ के पास से वांछित आरोपी इस्लामुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया। रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि आरोपी अवैध तरीके से मांस काटकर ले जाने में शामिल था। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है। मलिहाबाद कस्बा मोहल्ला चौधराना निवासी फरार आरोपी इरशाद की तलाश में पुलिस विभिन्न जगहों पर दबिश दे रही है।

विश्व हिंदू रक्षा परिषद यूपी की सभी 403 विधानसभा सीटों पर उतरेगी प्रत्याशी'

लखनऊ। विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने लखनऊ स्थित विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व हिंदू रक्षा परिषद आगामी 5 दिसंबर को मथुरा के लिए प्रस्थान करेगी तथा 6 दिसंबर को श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर शौर्य दिवस मनाएगी। इस आयोजन में देशभर से लगभग 10 हजार कार्यकर्ता शामिल होंगे। आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर गोपाल राय ने संगठन की भूमिका स्पष्ट करते हुए कहा कि विश्व हिंदू रक्षा परिषद प्रदेश के सभी 403 विधानसभा सीटों पर कट्टर सनातनी विचारधारा से जुड़े प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारेगी। उन्होंने कहा कि संगठन प्रदेश की राजनीति में अपनी भूमिका निभाने के लिए आगामी समय में आवश्यक रणनीति तैयार कर रही है । भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रहे वर्तमान मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के कहने पर हुमने कई दलों के साथ बिना शर्त भाजपा को समरर्थन दिया था द्य उसके एक माह बाद हमारे दोनों सुरक्षा कर्मी हटा दिए गए । प्रेस वार्ता के दौरान गोपाल राय ने अपनी सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुए कहा कि उन्हें पिछले लगभग 20 वर्षों से सुरक्षा मिलती आ रही थी। समाजवादी पार्टी की सरकार के कार्यकाल में भी उन्हें सुरक्षा प्रदान की गई थी, जबकि समाजवादी पार्टी को समर्थन भी नहीं दिया था। इसके बावजूद भाजपा सरकार के कार्यकाल में उनकी सुरक्षा हटा दी गई। उन्होंने इस पर सवाल उठाते हुए कहा कि 2019 में भाजपा को समर्थन देने के बाद भी उनकी सुरक्षा समाप्त कर दी गई। उन्होंने पूछा कि आखिर लंबे समय से मिल रही सुरक्षा किस आधार पर हटाई गई? उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें लगातार जान से मारने की धमकियां मिलती रहती हैं और उन्हें अभी भी गंभीर खतरा बना हुआ है। बिजनौर के थाना मंडावर अंतर्गत ग्राम मोहीउद्दीनपुर निवासी मोहम्मद दिलशाद बने राजीव शर्मा, पत्नी रेहाना ने अपनाया रितु नाम, बेटी खुशी बनी अनन्या।

चिकित्सा प्रतिपूर्ति मुद्दे पर उत्तर प्रदेश नगर निगम कर्मचारी संघ ने लिखा पत्र

लखनऊ। उत्तर प्रदेश नगर निगम कर्मचारी संघ ने सेवारत एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों,पेंशनरों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावों के लंबित भुगतान को तुरंत जारी करने व व्यावहारिक व्यवस्था बनाने के संबंध में नगर आयुक्त को पत्र लिखा है। उत्तर प्रदेश नगर निगम कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सिंह ने इस मामले में कर्मचारियों को हो रही परेशानियों का हवाला दिया है। राजेश सिंह ने अपर मुख्य सचिव उ.प्र. शासन चिकित्सा अनुभाग-6 द्वारा प्रेषित शासनादेश संख्या- 220ध्2026ध्400ध्1456607ध्2026-5-6099ध्93ध्2026-6,09 सितम्बर, 2026 के माध्यम से शासकीय कर्मियों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावों के निस्तारण हेतु जनहित स्वास्थ्य पोर्टल एकीकरण कर ऑनलाइन डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया का हवाला देते हुए पत्र में कहा है कि नगर निकायों में लगभग 80-85 प्रतिशत सफाई कर्मचारी और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कार्यरत हैं, जो कम पढ़े-लिखे हैं तथा जिन्हें आवश्यक तकनीकी ज्ञान एवं संसाधनों का अभाव है। ऐसे में इस प्रकार की अत्यधिक जटिल डिजिटल व्यवस्था से उनका प्रशासनिक स्तर पर उत्पीडऩ व आर्थिक शोषण होना पूर्णतः निश्चित है। अत्यधिक व्यावहारिक कठिनाई यह भी है कि पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने पर तकनीकी खामियों (मानव संपदा पोर्टल पर अकेन्द्रीयत सेवा के कार्मिकों का पंजीकरण न होने) के कारण चिकित्सा प्रतिपूर्ति आवेदन स्वीकार भी नहीं हो पा रहा है, जिससे कर्मचारी अपने वैध दावों को पोर्टल पर प्रस्तुत करने में भी असमर्थ हैं। यह गंभीर समस्या पीड़ित कर्मचारियों द्वारा संघ के संज्ञान में लाई गई है।

उत्तराखंड में बर्फ में दबने से जान गंवाने वाली 2 सगी बहनों के शव लखनऊ पहुंचे,मची चीख-पुकार

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। गुरुवार सुबह 10 बजे उत्तराखंड में बर्फ में दबने से जान गंवाने वाली 2 सगी बहनों के शव लखनऊ पहुंचे घर पहुंचे में चीख-पुकार मच गई। पिता फूट-फूटकर रो पड़े। उन्होंने रोते हुए कहा- ये मेरी बेटियां नहीं, मेरा नूर थीं। जिगर का टुकड़ा थीं। जहां जाती थीं, साथ जाती थीं। आज दोनों एक साथ हमें छोडक़र चली गईं। हमें नहीं पता था कि ये दिन भी देखना पड़ेगा। दरअसल, उत्तरकाशी के केदारताल ट्रैक पर लखनऊ के गायत्रीपुरम में रहने वाली वर्तिका और दीपिका की मौत हो गई थी। दोनों को पहाड़ों पर ट्रेकिंग का शौक था। भारत-नेपाल के कई ट्रेक पूरे कर चुकीं बहनें केदारताल गई थीं। दोनों की तलाश में भाई अतुल वर्मा घरवालों के साथ उत्तरकाशी पहुंचे थे। परिवार को हादसे की जानकारी ट्रेकिंग एजेंसी से नहीं, बल्कि सोशल मीडिया पर खबर देखकर मिली थी। लखनऊ के गुडंबा स्थित गायत्रीपुरम में रहने वाले पिता श्रीनारायण वर्मा ने बताया कि दोनों बेटियां कई जगह घूम चुकी थीं। ट्रेकिंग के लिए कोई जगह नहीं छोड़ी थी, जहां वे न गई हों। इस शौक पर दोनों काफी पैसा खर्च करती थीं। 26 अक्टूबर को दोनों लखनऊ से उत्तराखंड के लिए निकली थीं। ट्रेकिंग दल में कुल 12 लोग थे। 27, 28 और 29 अक्टूबर को 3 दिन का ट्रेक था। 20-25 किलोमीटर का ट्रेक पार कर लिया था। बस 6-7 किलोमीटर ही बचा था। कैंप में कुल 12 लोग थे। 8 को एयरलिफ्ट कर लिया गया, लेकिन चार लोग फंस गए थे। मूलरूप से बाराबंकी के सराय पांडेय में रहने वाले श्रीनारायण वर्मा कृषि विभाग से एक साल पहले रिटायर हुए थे। परिवार में 3 बच्चे हैं। वर्तिका सबसे बड़ी बेटी थी। वह गुरुग्राम की एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करती थी। छोटी बेटी दीपिका मल्टीनेशनल कंपनी में ग्राफिक डिजाइनर थी। वर्क फ्रॉम होम के चलते लखनऊ में रह रही थी। दीपिका ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी से कोर्स किया था। परिवार में सबसे छोटा बेटा अतुल (25) है। पिता ने बताया कि दोनों बेटियों की अभी शादी नहीं हुई थी। बड़ी बेटी वर्तिका की शादी की बात चल रही थी। दोनों अक्सर कहती थीं, पापा, हम जाएंगे तो आपको बहुत कुछ देकर जाएंगे। यह कहते हुए पिता फफक पड़े। दोनों बहनें 27 अक्टूबर को 7 अन्य ट्रेकर्स और पांच सपोर्ट स्टाफ के साथ गंगोत्री से केदारताल के लिए निकली थीं। 3 दिन का ट्रेक पूरा कर 29 अक्टूबर को लौटना था। इसी बीच मौसम बिगड़ गया। भारी बर्फबारी और हिमस्खलन के चलते वापसी का रास्ता बंद हो गया और दल के 8 सदस्य फंस गए।30 अक्टूबर को दल के कुछ सदस्यों ने कच्ची ढांग के पास फंसे होने की सूचना ट्रेकिंग एजेंसी को देकर मदद मांगी थी।

68,500 सहायक शिक्षक अभ्यर्थियों ने नियुक्ति की मांग को लेकर शिक्षा मंत्री का आवास का घेरा



समृद्धि न्यूज

लखनऊ। राजधानी में गुरुवार को 68,500 सहायक शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों ने नियुक्ति की मांग को लेकर शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के आवास का घेराव किया। करीब एक घंटे तक आवास के बाहर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी शंख और घंटियां बजाकर मंत्री को बाहर बुलाने की कोशिश करते रहे। उनका कहना था कि जब उनकी आवाज मंत्री तक नहीं पहुंच रही है, तो वे शंखनाद कर रहे हैं। इस दौरान अभ्यर्थियों ने 'ऐसी क्या मजबूरी है, आरक्षण की चोरी है' और 'पिछड़ा आयोग ने माना है, आरक्षण घोटाला है' जैसे नारे लगाए। पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच जमकर नोकझोंक हुई। कुछ अभ्यर्थी मंत्री के सामने जमीन पर लेट गए और हाथ जोडक़र नौकरी देने की गुहार लगाने लगे। इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटाकर बसों में बैठाया। प्रदर्शन में शामिल एक अभ्यर्थी ने रोते हुए आरोप लगाया कि पुलिसकर्मियों ने बस में बैठाने के बाद उन्हें लातों से मारा। वहीं, 11 दिन से भूख हड़ताल कर रहे एक अभ्यर्थी की प्रदर्शन के दौरान तबीयत बिगड़ गई। आजमगढ़ से आए प्रदर्शनकारी फूट-फूटकर रोने लगे। कहा ढाई महीने से घर नहीं गए हैं।

आग लगने से तीन दुकानें जलीं, 4 दमकल की गाडिय़ों ने पाया काबू

लखनऊ। राजधानी के कृष्णानगर स्थित बरिगवां इलाके में गुरुवार तडक़े आग लगने से तीन दुकानें जल गईं। आग की चपेट में दुकानों के बाहर लगे बैनर और होर्डिंग भी आ गए। सूचना पर पहुंची दमकल की चार गाडिय़ों ने आग पर काबू पाया। इस दौरान दुकान के सामने खड़ी तीन स्कूटी सुरक्षित बचा ली गईं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी के निर्देश पर गुरुवार रात 2.28 बजे सूचना मिलते ही आलमबाग और सरोजनीनगर फायर स्टेशन से एक-एक दमकल गाड़ी भेजी गई। आग की गंभीरता को देखते हुए हजरतगंज और पीजीआई फायर स्टेशन से भी एक-एक गाड़ी बुलाई गई। दमकल टीम ने उपकरणों की मदद से बगल की दो दुकानों के शटर और ताले काटकर खोले। इसके बाद अंदर तक पहुंचकर आग बुझाई गई। चार दमकल गाडिय़ों और एक एफक्यूआरवी की मदद से आग पूरी तरह काबू में की गई।दमकल कर्मियों ने दो हौज पाइप की मदद से आग बुझाने का काम शुरू किया।

मायावती का ईवीएम पर सवाल, कहा, देश में लोग फिर से मतपत्र के जरिए मतदान की मांग कर रहे हैं

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन-आधारित चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर बृहस्पतिवार को सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि ईवीएम का इस्तेमाल स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान को प्रभावित करने के लिए किया जा रहा है। मायावती ने साथ ही यह दावा भी किया कि आबादी का एक बड़ा वर्ग मतपत्र प्रणाली की वापसी की मांग कर रहा है। बसपा उत्तर प्रदेश प्रदेश कार्यालय कार्यालय में आयोजित बैठक में प्रदेश, मंडल सहित सभी स्तर के पदाधिकारी और राज्य के 75 जिलों के जिला अध्यक्ष शामिल हुए। पार्टी द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक मायावती ने कहा कि मतदान प्रक्रिया की विश्वसनीयता को लेकर चिंताएं सामने आने के बाद उनकी पार्टी ईवीएम के इस्तेमाल का विरोध करने वाली पहली पार्टी थी। उन्होंने कहा, बसपा द्वारा बहुजन समाज की एकजुटता और जागरुकता के बाद ईवीएम (इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन) को भी हथियार बनाकर स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान को प्रभावित करने का नया तरीका अविष्कार करने के आरोपों के मद्देनजर जब उसका सर्वप्रथम विरोध बसपा ने मतदान की अविश्वसनीयता को देख कर किया तब विरोधी पार्टियों व यथा-व्यवस्थावादी तत्वों आदि को यह अच्छा नहीं लगा। उन्होंने कहा,आज देश की अधिकतर जनता ईवीएम पद्धति आदि को स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया को प्रथमदृष्टया सही नहीं मानकर मतपत्र से चुनाव कराने की पहली जैसी व्यवस्था बहाली की मांग कर रही है। वैसे चुनावी धांधलियों के मामलों में कांग्रेस पार्टी का दामन भी सर्वविदित तौर पर काफी दागदार रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश की राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था के खोखले होने का मूल कारण एक पूरी तरह से विश्वसनीय, स्वतंत्र, निष्पक्ष और जवाबदेह चुनाव प्रणाली का न होना है।

दूसरों को घेरने से पहले कांग्रेस अपना इतिहास देखे : संजय सिंह

- आप' को भाजपा की बी टीम बताने पर पलटवार, कांग्रेस से भाजपा के खिलाफ संघर्ष करने वाले चार नेताओं के नाम पूछे

समृद्धि न्यूज



सुल्तानपुर/लखनऊ। सियासी हमलों के बीच आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कांग्रेस पर ही सवालों की बौछार कर दी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा आम आदमी पार्टी को भाजपा की 'बी' टीम बताए जाने पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकारें बनवाने में कांग्रेस की भी भूमिका रही है। विधायक तोड़कर भाजपा की सरकारें बनवाने वाली कांग्रेस को दूसरों पर आरोप लगाने से पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए।
गुरुवार को सुल्तानपुर में पत्रकारों से बातचीत में संजय सिंह ने अरुणाचल प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा, कर्नाटक और मध्य प्रदेश का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस के विधायकों के पार्टी छोड़कर भाजपा में जाने से वहां सरकारें बनीं। उन्होंने अशोक चव्हाण, कैप्टन अमरिंदर सिंह, किरण रेड्डी और हिमंत बिस्वा सरमा का नाम लेते हुए कांग्रेस को पहले अपना संगठन और नेतृत्व संभालने की नसीहत दी।
भाजपा के खिलाफ संघर्ष का सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन और वह स्वयं जेल गए। झारखंड, तृणमूल कांग्रेस और द्रमुक के नेताओं को भी जेल जाना पड़ा। उन्होंने कांग्रेस से पूछा कि भाजपा के खिलाफ संघर्ष करते हुए उसके किन चार बड़े नेताओं को जेल जाना पड़ा।
कांग्रेस की चुनावी स्थिति पर तंज कसते हुए संजय सिंह ने तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, बिहार और गुजरात में लंबे समय से पार्टी के सत्ता से बाहर रहने का हवाला दिया। पंजाब की भगवंत मान सरकार का बचाव करते हुए उन्होंने मुफ्त बिजली, दस लाख रुपये तक के इलाज, सरकारी नौकरियों और किसानों को दिन में बिजली देने जैसी योजनाएं गिनाईं।

ई-रिक्शा चालक की पिटाई करने वाले चार गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। रहीमाबाद में इंस्टाग्राम पर अभद्र टिप्पणी का विरोध करने पर ई-रिक्शा चालक की पिटाई का मामला सामने आया है। पीड़ित का आरोप है कि गांव के छह लोगों ने घर पहुंचकर उसे लाठी-डंडों और लात-घूंसों से पीटा। पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। बृहस्पतिवार को चार नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पीड़ित के मुताबिक, उसने 26 अक्टूबर को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक रील पोस्ट की थी। आरोप है कि गांव के आसिफ ने अपनी आईडी से रील के कमेंट सेक्शन में वॉयस रिकॉर्डिंग भेजकर उसे गालियां दीं और मारपीट की धमकी दी। पीड़ित ने अपनी नाबालिग बहन के साथ भी रास्ते में छेड़छाड़ और परेशान करने का आरोप लगाया है। उसके मुताबिक, बहन को स्कूल जाते समय कुछ लोग परेशान करते हैं। आरोप है कि 28 अक्टूबर की शाम करीब पांच बजे आसिफ, वाहिद, अरबाज और फुरकान समेत दो अज्ञात लोग उसके घर पहुंचे। उन्होंने जातिसूचक अपशब्द कहे और गाली-गलौज की। विरोध करने पर सभी ने युवक को लाठी-डंडों और लात-घूंसों से पीटा। इससे उसे चोटें आईं। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट, छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। बृहस्पतिवार को मुखबिर की सूचना पर आसिफ, वाहिद, अरबाज और फुरकान को गांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

भाजपा की 'लोकतंत्र बचाओ यात्रा' असल में प्रजातंत्र के खिलाफः आराधना मिश्रा 'मोना'

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष एवं विधायक आराधना मिश्रा 'मोना' ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित एक महत्वपूर्ण प्रेसवार्ता के दौरान भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा पूरे देश और प्रदेश में निकाली जा रही 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' यात्राएं वास्तव में लोकतंत्र के विपरीत हैं, क्योंकि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) के नाम पर देश भर में करोड़ों वैध मतदाताओं के नाम काट दिए गए हैं।
कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि इस अभियान के तहत भाजपा के शीर्ष नेता विभिन्न राज्यों में सक्रिय हैं, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन गोरखपुर में, पूर्व अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा बरेली में और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान लखनऊ में उतरे हैं, जबकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह हैदराबाद और करनाल में इसी अभियान का हिस्सा बने हैं। उन्होंने दावा किया कि अमित शाह की उत्तर प्रदेश यात्रा और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार द्वारा वोट काटे जाने की कार्रवाई का मकसद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सत्ता में बदलाव (रेजिम चेंज) लाना है और इस पूरी प्रक्रिया के पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह की प्रत्यक्ष भूमिका है। आराधना मिश्रा ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और प्रियंका गांधी के नेतृत्व में पार्टी 'वोट चोरों' के खिलाफ इस प्रजातंत्र को बचाने की ऐतिहासिक लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि देश की जनता इस संघर्ष में सफल होगी और प्रजातंत्र की पुनरोस्थापना सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान उन्होंने संविधान सभा में 16 जून 1949 को डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा दिए गए उद्गारों को भी याद किया, जिसमें चुनाव आयोग की स्वायत्तता और संवैधानिक शुचिता पर बल दिया गया था। प्रेसवार्ता में आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के अपने अनुमान के अनुसार प्रदेश की कुल जनसंख्या के आधार पर लगभग 16.70 करोड़ मतदाता होने चाहिए, जबकि राज्य निर्वाचन आयोग की स्थानीय निकाय सूचियों में भी लगभग इतनी ही संख्या (करीब 16.77 करोड़) दर्ज है। इसके विपरीत, एसआईआर प्रक्रिया के उपरांत उत्तर प्रदेश में केवल 13.39 करोड़ मतदाता ही शेष रहने दिए गए हैं, जिसके कारण लगभग 3.31 करोड़ मतदाताओं के नाम सूची से गायब हुए हैं।

निजी पैथोलॉजी से सांठगांठ का मामला : सीएचसी पट्टी के अधीक्षक डॉ. अखिलेश पर शासन ने शुरू की अनुशासनिक कार्रवाई

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। उत्तर प्रदेश शासन के चिकित्सा अनुभाग-3 द्वारा प्रतापगढ़ जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पट्टी के अधीक्षक डॉ. अखिलेश कुमार जायसवाल के खिलाफ गंभीर प्रशासनिक व वित्तीय अनियमितताओं के प्रकरण में औपचारिक अनुशासनिक कार्रवाई संस्थित कर दी गई है। शासन स्तर से जारी इस सख्त कार्रवाई के तहत उन पर आरोप है कि वे अस्पताल में आने वाले जरूरतमंद और असहाय मरीजों को शासकीय चिकित्सा सुविधाओं का लाभ देने के बजाय बाहर की निजी पैथोलॉजी से जांच कराने के लिए बाध्य करते थे, जिसमें रायपुर रोड पट्टी स्थित अवैध रूप से संचालित 'साहू पैथोलॉजी' के संचालक अभिषेक साहू के साथ उनकी संलिप्तता सामने आई है।
राजधानी लखनऊ से प्राप्त आधिकारिक जानकारी के अनुसार, शासन द्वारा जारी कार्यालय-ज्ञाप (संख्या 6864) के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली, 1999 के नियम-7 के अंतर्गत यह कार्रवाई अमल में लाई गई है। इस पूरे मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध जांच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अपर निदेशक, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, प्रयागराज मंडल, प्रयागराज को जांच अधिकारी नामित किया गया है। प्रमुख सचिव वी. हेकाली झिमोमी द्वारा हस्ताक्षरित इस आदेश की प्रतियां महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, निदेशक प्रशासन, अपर निदेशक कार्मिक और मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रतापगढ़ सहित संबंधित अधिकारियों को आवश्यक अनुपालन हेतु भेज दी गई हैं।
सामने आए तथ्यों और सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो के मुताबिक, शिकायतकर्ता अजीत कुमार मिश्रा अपने बीमार पिता दयाशंकर मिश्रा का इलाज कराने के लिए सीएचसी पट्टी पहुंचे थे। आरोप है कि चिकित्सक द्वारा पर्चे पर जांच लिखे जाने के बाद कथित तौर पर निजी पैथोलॉजी संचालक को सीधे अस्पताल के भीतर बुलाया गया, जहां मरीज का रक्त नमूना (ब्लड सैंपल) लेकर इसके एवज में 2,500 रुपये की अवैध रकम की मांग की गई। जब शिकायतकर्ता ने इस गैरकानूनी कृत्य का विरोध किया, तो उनके साथ न केवल दुर्व्यवहार किया गया बल्कि गंभीर परिणाम भुगतने की धमकियां भी दी गईं। दूसरी ओर, आरोपी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अखिलेश कुमार जायसवाल ने अपने ऊपर लगे इन तमाम संगीन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए बेबुनियाद बताया है। उनका पक्ष है कि मरीज की चिकित्सीय दशा को ध्यान में रखते हुए नियमानुसार आवश्यक जांचें लिखी गई थीं और उन्होंने किसी भी मरीज को बाहर से जांच कराने के लिए कभी नहीं कहा। हालांकि, दोनों पक्षों के बयानों, प्राथमिक साक्ष्यों और परिस्थितियों का परीक्षण करने के बाद शासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए यह कठोर प्रशासनिक कदम उठाया है।

दीपोत्सव अयोध्या में फिर गूंजेगा राम भजन और राम नाद

लखनऊ। अयोध्या में आयोजित होने वाले दीपोत्सव-2026 में इस बार भी राम भजन और राम नाद की गूंज सुनाई देगी। भजन गायक एवं लखनऊ नगर निगम में जोनल अधिकारी मनोज कुमार यादव को दीपोत्सव के भव्य आयोजन में प्रस्तुति देने के लिए पुनः आमंत्रित किया गया है। इस बार उनके कार्यक्रम में पारंपरिक राम भजनों के साथ विशेष रूप से राम नाद की प्रस्तुति भी शामिल होगी।राम नाद एक ऐसी सामूहिक भक्ति प्रस्तुति है, जिसमें गायक के साथ श्रोता भी एक लय और स्वर में भगवान श्रीराम के नाम का उद्घोष करते हैं। इसमें हजारों श्रद्धालु एक साथ राम नाम का जाप करते हुए भक्ति के इस आयोजन में सहभागी बनते हैं। आयोजकों का उद्देश्य श्रद्धालुओं को केवल भजन सुनने तक सीमित न रखते हुए उन्हें सामूहिक रूप से राम नाम की धुन से जोडऩा है।

धान क्रय केंद्रों का एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण, खरीद बढ़ाने के निर्देश

पीसीएफ संघ सेहरामऊ केंद्र पर प्रभारी नदारद मिलने पर जताई नाराजगी, किसानों की सुविधाओं का लिया जायजा

समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।



जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम सदर प्रभात राय ने गुरुवार दोपहर भावलखेड़ा ब्लॉक के रोजा नवीन मंडी परिसर में संचालित धान क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने धान खरीद की प्रगति, तौल व्यवस्था, नमी मापक यंत्रों की स्थिति और किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पीसीएफ संघ सेहरामऊ के क्रय केंद्र पर प्रभारी अनुपस्थित मिलने पर एसडीएम ने कड़ी नाराजगी जताई।

एसडीएम ने क्रय केंद्रों पर धान खरीद की स्थिति और केंद्र प्रभारियों की उपस्थिति की गहनता से समीक्षा की। उन्होंने धान की तौल, भंडारण व्यवस्था, पेयजल और किसानों के बैठने के इंतजाम भी देखे। साथ ही केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए कि धान खरीद में तेजी लाई जाए और किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों का ऑनलाइन पंजीकरण और सत्यापन प्राथमिकता के आधार पर त्वरित गति से कराया जाए, ताकि उन्हें धान बिक्री के लिए अनावश्यक रूप से इंतजार न करना पड़े। एसडीएम ने सभी केंद्र संचालकों को शासन के निर्देशों के अनुरूप पारदर्शिता से खरीद करने और किसानों की समस्याओं का तत्काल समाधान करने के कड़े निर्देश दिए।

खेत की मिट्टी खोदकर बेचने व जबरन कब्जे का आरोप

खुटार, शाहजहांपुर। खेत पट्टे पर लेने के बाद उसकी रकम न देने और खेत से मिट्टी खोदकर बेचने का मामला सामने आया है। पीड़ित जीवन लाल पुत्र मिश्री लाल निवासी पिपरिया बिसरामपुर ने गुरुवार को थाना खुटार पहुंचकर पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। पीड़ित के मुताबिकए गांव हरिपुर निवासी एक व्यक्ति ने उसका खेत पट्टे पर लिया था। आरोप है कि पट्टे की तय रकम 22 हजार रुपये अब तक नहीं दी गई। इतना ही नहींए खेत के करीब दो बीघा हिस्से की मिट्टी खोदकर बेच दी गई। पीड़ित का आरोप है कि खेत पर जबरन कब्जा करने की नीयत से जुताई भी कर दी गई। बुजुर्ग और बीमार जीवन लाल ने पुलिस से मौके पर जांच कराकर आरोपों के आधार पर उचित कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

जहरीला पदार्थ पिलाने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज, खुटार
शाहजहांपुर।



तुलापुर गांव में युवक की मौत के मामले में पुलिस ने एक और वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। युवक को कथित रूप से जबरन जहरीला पदार्थ पिलाने और उसके साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने संजय शुक्ला को हिरासत में लेकर न्यायालय भेजने की प्रक्रिया शुरू की है। पुलिस के मुताबिक, गुरुवार सुबह करीब 54 वर्षीय संजय शुक्ला पुत्र देवी सहाय निवासी तुलापुर को बाबा चैराहा-मैलानी मार्ग से गिरफ्तार किया गया। आरोपी युवक की मौत से जुड़े मुकदमे में वांछित चल रहा था। गौरतलब है कि बीती दो नवंबर को मृतक के पिता ने थाने में शिकायत देकर आरोप लगाया था कि कुछ लोगों ने उनके बेटे पर अफवाह फैलाने का आरोप लगाकर उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि धारदार हथियारों से हमला करने के बाद उसे गांव में अपमानित किया गया और जबरन जहरीला पदार्थ पिला दिया गया। हालत गंभीर होने पर युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए पांच नवंबर को संजय शुक्ला को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी मारपीट, लूट और धमकी से जुड़े दो मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक चंद्रवीर सिंह, हेड कांस्टेबल उपेंद्र कुमार तथा कांस्टेबल मनोज कुमार और अंकित नारायण शामिल रहे।

खबरें एक नजर में

उर्वरकों की निगरानी को कन्ट्रोल रुम स्थापितः कृषि अधिकारी

शाहजहांपुर। रबी 2026-27 अभियान के अन्तर्गत कृषकों को पीओएस मशीन के माध्यम से उनकी जोत, कृषित भूमि के आधार पर यूरिया, डीएपी, एनपीकेए एमओपी एवं एसएसपी उर्वरक सहित अन्य रासायनिक उर्वरकों की बिक्री गुणवत्तायुक्त, निर्धारित दर पर एवं सुलभतापूर्वरक उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए जनपद के उर्वरक प्रतिष्ठान मैसर्स सचिन इण्टरप्राइजेज जलालाबाद, मैसर्स हरियाली बीज भण्डार जलालाबाद, मैसर्स ओम प्रकाश इण्डस्ट्रीज कार्पोरेशन जरियनपुर, मैसर्स एग्रीजंक्शन जरियनपुर, मैसर्स एग्रीजंक्शन मिर्जापुर, मैसर्स यादव इण्टरप्राइजेज जरियनपुर एवं मैसर्स प्रिया खाद भण्डार कलान का निरीक्षण किया गया। जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर कुमार ने बताया कि प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किया गया और लाइसेंस निलम्बन की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि कृषक लोग जनपद की सहकारी समितियों से और अपने विकास खण्ड के अन्तर्गत फुटकर उर्वरक विक्रेताओं से डीएपी क्रय कर सकते है। डीएम के निर्देशन पर कृषि निवेश बीज,उर्वरक आदि निर्धारित मूल्य पर उपलब्ध कराने, कृषि निवेशों की आपूर्ति व वितरण व्यवस्था पर सतत निगरानी रखने तथा कृषकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण को कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कन्ट्रोल रूम का मोबाइल नम्बर 8429400522 व 8429400585 है। जिस पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

ससुराल जाते समय अचानक लापता हुआ युवक

खुटार, शाहजहांपुर। ससुराल जाने के लिए घर से निकला एक युवक रास्ते से रहस्यमय ढंग से लापता हो गया। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई पता नहीं चलने पर परिजनों ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। जनपद लखीमपुर खीरी के मोहम्मदी थाना क्षेत्र के गांव बहादुरपुर निवासी जसिम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार को वह अपने भाई जनीफ के साथ बाइक से खुटार क्षेत्र के गांव टाह खुर्द कलां स्थित उसकी ससुराल जा रहा था। ससुराल से कुछ दूरी पहले जनीफ बाइक से उतर गया और भाई से आगे पैदल जाने की बात कही। इसके बाद जसिम अपने घर वापस लौट गया। काफी समय बीतने के बाद भी जनीफ के ससुराल नहीं पहुंचने की जानकारी मिली तो परिजन चिंतित हो उठे। उन्होंने आसपास के गांवों, रिश्तेदारों और संभावित ठिकानों पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। अंततः जसिम ने खुटार थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने गुरुवार को गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश और मामले की जांच शुरू कर दी है।

सात खाद की दुकानों को नोटिस, लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई शुरू

परशुरामपुरी, शाहजहांपुर। जनपद के सात उर्वरक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। सभी को नोटिस जारी कर लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई शुरू की गई है। निरीक्षण जलालाबाद की मैसर्स सचिन इंटरप्राइजेज, मैसर्स हरियाली बीज भंडार, जरियनपुर की मैसर्स ओम प्रकाश इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन, मैसर्स एग्रीजंक्शन जरियनपुर, मैसर्स एग्रीजंक्शन मिर्जापुर, मैसर्स यादव इंटरप्राइजेज जरियनपुर और कलान की मैसर्स प्रिया खाद भंडार पर किया गया। प्रशासन ने बताया कि पीओएस मशीन के माध्यम से जोत के आधार पर यूरिया, डीएपी, एनपीके और एमओपी सहित अन्य रासायनिक उर्वरकों की बिक्री निर्धारित दर पर और सुलभता से सुनिश्चित कराने के लिए यह कार्रवाई की गई है। किसान अपनी सहकारी समितियों और विकास खंड के फुटकर उर्वरक विक्रेताओं से डीएपी ले सकते हैं। जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देश पर बीज-उर्वरक निर्धारित मूल्य पर उपलब्ध कराने, आपूर्ति व वितरण पर निगरानी और किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम नंबर 8429400522 व 8429400585 पर संपर्क किया जा सकता है।

विधायक सलोना कुशवाहा व टीवीएस कंपनी के सेल्स मैनेजर ने की महानगर एजेंसी में दो नए उत्पादों की लांचिंग

समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर, शाहजहांपुर।



महानगर टीवीएस शोरूम में टीवीएस मोटर कंपनी की दो लोकप्रिय पेशकश नई 110सीसी टीवीएस रेडियोन और जुपिटर 110 के नए स्पेक्ट्रल कलर की भव्य लॉन्चिंग विधायक सलोना कुशवाहा और टीवीएस मोटर कंपनी के जोनल सेल्स मैनेजर राजकमल तोमर ने फीता काटकर नए वाहनों का अनावरण किया। इस अवसर पर शोरूम की पूरी टीम में खासा उत्साह देखने को मिला। नए स्पेक्ट्रल कलर में पेश की गई टीवीएस जुपीटर 110 अपने आकर्षक डिजाइन, शानदार कलर शेड्स और आधुनिक फीचर्स के साथ ग्राहकों को नया अनुभव देने के लिए तैयार है। वहीं, नई टीवीएस रेडियोन 110 सीसी अपने दमदार इंजन, शानदार माइलेज, एलईडी हेडलैंप,आरामदायक लंबी सीट और आकर्षक लुक के चलते दोपहिया वाहन बाजार में अपनी अलग पहचान बना रही है। लॉन्चिंग समारोह में उपस्थित अतिथियों ने टीवीएस के नए उत्पादों की सराहना की और इन्हें ग्राहकों की जरूरतों एवं पसंद को ध्यान में रखते हुए बेहतर विकल्प बताया। इस अवसर पर टीवीएस मोटर कंपनी के अधिकारीगण, महानगर टीवीएस शोरूम स्वामी डॉ राम सिंह कुशवाहा , नरेंद्र सिंह कुशवाहा व शोरूम की पूरी टीम उपस्थित रही। महानगर टीवीएस परिवार ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए ग्राहकों को नए मॉडल एवं आकर्षक रंगों का अनुभव लेने के लिए शोरूम आने का आमंत्रण दिया है।

मोबाइल लूट में दो बाल अपचारी गिरफ्तार

अल्लाहगंज,शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

अपराध रोकथाम अभियान के तहत थाना अल्हागंज पुलिस ने मोबाइल छीनने की घटना का खुलासा करते हुए दो बाल अपचारियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से छीना गया मोबाइल, नकदी व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है।पुलिस के अनुसार 3 अप्रैल 2026 को वादी द्वारा मोबाइल छीने जाने का मुकदमा दर्ज कराया गया था। मुखबिर की सूचना पर 4 नवंबर को फर्रुखाबाद हाईवे पर हुल्लापुर गांव की पुलिया के पास से दोनों को दोपहर करीब 2रू57 बजे अभिरक्षा में लिया गया। पकड़े गए अपचारियों की उम्र करीब 14 व 17 वर्ष है।उनके पास से लावा कंपनी का एक मोबाइल, 300 रुपये नकद व बिना नंबर प्लेट की टीवीएस रेडर बाइक बरामद हुई। बाइक पर धारा 207 एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गई। दोनों को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक इमरान खान, हेड कांस्टेबल धीरज सिंह, कांस्टेबल पंकज, प्रवेश, विशाल व महिला कांस्टेबल शिवानी शामिल रहे।



उर्स ए हातमी के दूसरे दिन चादर पोशी का सिलसिला जारी, अल्लाह वालियों के दरबार से कोई खाली नहीं जाता

समृद्धि न्यूज, तिलहर- शाहजहांपुर।



नगर के मशहूर सूफी संत हजरत हाजी हाफिज मोहम्मद हातिम अली शाह मियां के सालाना उर्स शरीफ के दूसरे दिन भी अकीदत और एहतराम से बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने दरगाह पर पहुंचकर चादरपोशी की और मुल्क में अमन-चैन, खुशहाली तथा आपसी भाईचारे के लिए दुआएं मांगीं। उर्स के दूसरे दिन दरगाह पर सुबह से ही जायरीनों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। अकीदतमंदों ने फूल और चादर पेश कर हजरत हातिम अली शाह मियां के प्रति अपनी मोहब्बत और अकीदत का इजहार किया। चादरपोशी के दौरान दरगाह का माहौल रूहानी और खुशनुमा नजर आया। इस अवसर पर आयोजित तकरीर में मौलाना गुलाम अहमद रजा, मौलाना जुबैर अहमद रजवी ,और मौलाना वकार ने खिताब किया। उलमा ने अपनी तकरीर में अल्लाह के नेक और वली बंदों की जिंदगी, उनकी तालीमात और इंसानियत के लिए किए गए कार्यों पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि अल्लाह के वलियों से मोहब्बत रखना, उनकी नेक तालीमात पर अमल करना और उनके बताए रास्ते पर चलना इंसान को नेकी, भाईचारे और इंसानियत की राह दिखाता है। उलमा ने कहा कि सूफी संतों ने हमेशा मोहब्बत, अमन, इंसानियत और आपसी सद्भाव का पैगाम दिया है। उनके जीवन से हमें दूसरों की मदद करने, जरूरतमंदों का सहारा बनने और समाज में भाईचारा कायम रखने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम के अंत में मुल्क में अमन-ओ-अमान, तरक्की, खुशहाली और समाज में आपसी मोहब्बत कायम रहने के लिए सामूहिक दुआ की गई। सज्जादा नशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां ने बताया कुल शरीफ कल सुबह 10 30बजे होगा उसके बाद कव्वाली होगी और रात में कव्वाली होगी जिसमें शमीमवारसी कव्वाल, वसीम वारसी कव्वाल, वसीम चिश्ती कव्वाल मुरादाबाद अपना कलाम पेश करेंगे।

दीपावली पर्व को लेकर थाना परिसर में हुई बैठक, शांति व सुरक्षा व्यवस्था पर हुई चर्चा

समृद्धि न्यूज, खुदागंज, शाहजहांपुर।



दीपावली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर थाना खुदागंज परिसर में थानाध्यक्ष राकेश कुमार मौर्य की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिसकर्मियों के साथ नगर के जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों ने भी सहभागिता की। इस दौरान त्योहार पर शांति व्यवस्था बनाए रखने और सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। थानाध्यक्ष राकेश कुमार मौर्य ने कहा कि दीपावली खुशियों और आपसी भाईचारे का पर्व है। सभी लोग आपसी सौहार्द और परंपरागत तरीके से त्योहार मनाएं। उन्होंने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि त्योहार के दौरान क्षेत्र में लगातार सतर्कता बनाए रखें और बाजारों तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखें। साथ ही किसी भी अप्रिय घटना की सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने नगर के लोगों से अपील की कि दीपावली का त्योहार आपसी प्रेम और सद्भाव के साथ मनाएं तथा पटाखे जलाते समय सुरक्षा संबंधी सावधानियों का विशेष ध्यान रखें। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। बैठक में पूर्व चेयरमैन सुधीर सिंह सभासद सौरभ गुप्ता सभासद बालकिशन (लाल मेंबर) सभासद परवेज सहित नगर एवं क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे। वहीं पुलिस विभाग की ओर से उपनिरीक्षक दिनेश कुमार कांस्टेबल आलोक चैधरी कांस्टेबल गौरव शर्मा कांस्टेबल सागर और कांस्टेबल सुमित सागर सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

निर्मल मन जन सो मोहि पावा, मोहि कपट छल छिद्र न भावा

सुंदरकांड पाठ के माध्यम से समाज को भक्ति, विनम्रता व अहंकार त्यागने का संदेश

समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।



पुवायां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यालय केशव कुंज में गुरुवार को श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। संगीत मंडली के साथ जिला प्रचारक ने सुंदरकांड का सस्वर पाठ किया। भक्ति रस में डूबे वातावरण में उपस्थित लोगों ने प्रभु श्रीराम का स्मरण कर समाज में प्रेम, सद्भाव, सेवा और समर्पण की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया। गुरुवार को केशव कुंज कार्यालय में जिला प्रचारक चंद्रशेखर के द्वारा सुंदरकांड पाठ सुनाया गया। जिसमें सुंदरकांड में संदेश दिया गया सुंदरकांड केवल धार्मिक पाठ नहीं, बल्कि जीवन में साहस, धैर्य, विनम्रता और कर्तव्यनिष्ठा अपनाने की प्रेरणा भी देता है। हनुमान जी का चरित्र सिखाता है कि अपार शक्ति और सामर्थ्य होने के बावजूद मनुष्य को कभी अहंकार नहीं करना चाहिए। सच्ची महानता पद, प्रतिष्ठा और शक्ति के प्रदर्शन में नहीं, बल्कि सेवा, संस्कार और विनम्र व्यवहार में होती है। बड़े भाग मानुष तनु पावा। सुर दुर्लभ सब ग्रंथन्हि गावा की भावना के अनुरूप मानव जीवन को परोपकार, सद्भाव और जनसेवा में लगाने का संदेश दिया गया। समाज में ऊंच-नीच, आपसी वैमनस्य और अहंकार को त्यागकर एक-दूसरे के सम्मान एवं सहयोग से आगे बढ़ना ही भारतीय संस्कृति की वास्तविक पहचान है। उन्होंने बताया कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि अहंकार मनुष्य को ऊंचा नहीं बनाता, बल्कि विनम्रता, सेवा और परोपकार ही उसे समाज में सम्मान दिलाते हैं। इस शुभ अवसर पर सह जिला संघ चालक रामकुमार, जिला कार्यवाह अमित कुमार, विनोद कुमार, विभाग समरसता प्रमुख राकेश मिश्रा, व्यवस्था प्रमुख कमलेश गुप्ता, जिला प्रचार प्रमुख राजा भईया, जिला मंत्री जितेंद्र गुप्ता, नगर कार्यवाह संतोष कुमार, जिला विद्यार्थी प्रमुख नितेश कुमार, सज्जन कुमार, प्रचारक गिरिराज, सोमदेव, निर्दोष शर्मा, राजीव शर्मा नगर प्रचार प्रमुख सहित अनेक स्वयंसेवक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

समाजोपयोगी उत्पादक कार्यों से सम्बन्धित प्रदर्शनी का आयोजन

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



स्वामी शुकदेवानन्द विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय में समाजोपयोगी उत्पादक कार्य से सम्बन्धित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमे बी.एड. एवं एम.एड. प्रशिक्षुओं ने निष्प्रयोज्य सामग्री का प्रयोग कर दीपावली से सम्बन्धित घरेलू साज-सज्जा सामग्री व विभिन्न प्रकार की इस्तेमाल करने योग्य वस्तुओं का निर्माण कर उनका प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों नें विभिन्न प्रकार के दीपक, वंदनवार, स्वागत पट्टिकाएं, कलश इत्यादि का निर्माण किया। प्रदर्शनी का अवलोकन मुख्य अतिथि एवं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर पुष्पेन्द्र बहादुर सिंह एवं विशिष्ट अतिथि कुलसचिव वीरेन्द्र कुमार मौर्य ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर कुलपति ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को कक्षा के अन्दर और बाहर सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों में भाग लेने के अवसर प्रदान करना है, जिससे छात्र छात्राओं में सृजनात्मकता एवं कला कौशल का विकास होता है और वे व्यक्तिगत जीवन के साथ-साथ सामाजिक व व्यावसायिक जीवन में भी अच्छा समायोजन करने के साथ साथ समाज का मार्गदर्शन भी करते हैं। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि श्री वीरेन्द्र कुमार मौर्य ने विद्यार्थियों द्वारा बनायी गईं विभिन्न समाजोपयोगी वस्तुओं को देखकर उनकी सराहना की एवं सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं तथा जीवन में सदैव सकारात्मकता और प्रकाश फैलाने की प्रेरणा दी। उन्होंने शिक्षा संकाय से सदैव ऐसे कार्य कर समाज को प्रेरित करने का आह्वान किया। इससे पूर्व माननीय कुलपति एवं कुलसचिव का विभाग में अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया। प्रदर्शनी के अंत में संकायाध्यक्ष प्रो. डा. मीना शर्मा एवं कार्यक्रम संयोजक प्रिया शर्मा ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर शिक्षा संकाय के वरिष्ठ प्रो. डॉ. प्रभात शुक्ल, डॉ. विनीत श्रीवास्तव, डॉ. शैलजा मिश्रा, डॉ. मनोज कुमार मिश्र, डॉ. राहुल कुमार, सुश्री रेनू बहुखण्डी, डॉ. अखिलेश तिवारी, डॉ. संजय कुमार, डॉ. बृज निवास, अमित गुप्ता, सौरभ मिश्रा, राजीव यादव, रोहित सिंह, राम औतार सिंह, नेहा, डॉ. प्रियंका शर्मा आदि उपस्थित रहे।

आईटीआई में रिक्त सीटों पर प्रवेश का मौका, 15 नवंबर तक होंगे दाखिले

रोजा, शाहजहांपुर। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में प्रवेश सत्र अगस्त 2026 के तहत विभिन्न चरणों की प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी एससीवीटी व्यवसायों की कुछ सीटें रिक्त रह गई हैं। इन रिक्त सीटों पर प्रवेश की प्रक्रिया 15 नवंबर 2026 तक जारी रहेगी। इच्छुक अभ्यर्थी पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर प्रवेश ले सकते हैं। प्रधानाचार्य अरविंद कुमार ने बताया कि जनपद के विभिन्न राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में अलग-अलग ट्रेडों की सीटें रिक्त हैं। शाहजहांपुर स्थित राजकीय आईटीआई में स्विंग टेक्नोलॉजी (महिला एवं पुरुष दोनों) की 16 सीटें खाली हैं। वहीं पुवायां संस्थान में कॉस्मेटोलॉजी (महिला) की नौ और फैशन डिजाइन टेक्नोलॉजी (महिला) की तीन सीटें रिक्त हैं। इसके अलावा जलालाबाद संस्थान में कॉस्मेटोलॉजी (महिला) की तीन सीटों पर प्रवेश लिया जाना है। उन्होंने बताया कि आईटीआई में प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थी इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। जिन अभ्यर्थियों ने अभी तक प्रवेश के लिए आवेदन नहीं किया है, वे भी एससीवीटी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने के बाद अभ्यर्थियों को अपने आवेदन पत्र और शैक्षिक अभिलेखों के साथ राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, शाहजहांपुर में उपस्थित होना होगा। उपलब्ध रिक्त सीटों के सापेक्ष पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर प्रवेश की कार्रवाई की जाएगी। प्रधानाचार्य ने इच्छुक अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथि 15 नवंबर से पहले आवेदन प्रक्रिया पूरी कर रिक्त सीटों पर प्रवेश सुनिश्चित कराने की अपील की है।

...कोई मरहम सा पहुंचता है मेरे जख्मों पर : डॉ ब्रजभूषण

उर्स ए हातमी में हुआ आल इंडिया मुशायरा एवं कवि सम्मेलन

समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।





उर्स ए हातमी पर लफ्जों का सफर ऑल इंडिया मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का सज्जादा नशीन इकबाल हुसैन की सरपरस्ती व मुख्तार तिलहरी की सदारत में मोहल्ला कच्चा कटरा स्थित बड़ी मस्जिद के समीप आयोजन किया गया । जिसमें दिल्ली, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड और प्रदेश के कई दूर दराज शहरों से आए शायरों एवं कवियों ने हिस्सा लिया।

शायर जीशान नोमानी बरेलवी ने सुनाया -
दिल कहां लगता है अब मेरा भी गांव में, खींच लाया इश्क तेरा मुझको तेरे पांव में ।
निर्दोष कुमार विन ने कहा
वक्त रुखसत का है सो रुकेगे नहीं
फिर कभी आएंगे आपके गांव में
डॉ ब्रजभूषण ने सुनाया -
कोई मरहम सा पहुंचता है मेरे जख्मों तक,
अब खालिस मेरी जरा और बढ़ा दी जाए ।
असगर यासिर ने कहा -
आज रानी बहुत परेशान है
जाने क्या कह दिया है दासी ने
हामिद खिजर , वह खुद तो सबसे तअल्लुक बनाए है अपना
हमारे वास्ते पार्कदियां लगाता है
नईम माहिर मध्यप्रदेश ने कहा
तुम ऐसे दौर में जिंदा हो और कुछ भी हो ,
तुम्हारे हौसले को मैं सलाम करता हूं ।
मुख्तार तिलहरी ने कहा -
मुस्कुराहट पर करें क्या तबसिरे
अब तो हंसने पर भी लब हिलते नहीं ।
मुफीद कन्नौजवी ने कहा -
फकत लेके वहमो गुमा जा रहा है
मुसाफिर बता तू कहां जा रहा है
जुनैद सकलानी बदायूं ने कहा -
दिल से रुखसत किया नजरों से गिराया उसने
एक ही खेल में दो बार हराया उसने
खार शेखूपुरी ने सुनाया -
उनके सितम को मैंने सितम कह दिया था बस ।
इतनी सी बात बाइसे इल्जाम हो गई
नसीम मुंहफट झांसी ने कहा -
कुछ बनाने का हुनर आए ना बेगम को मगर
मुंह बनाने का उन्हें खूब हुनर आता है
नफीस सीतापुरी ने कहा -
उसी ने कत्ल किया जिस पे मैं निसार हुआ
मैं अपने हाथ के पत्थर से संसार हुआ
इनके अलावा अजय अवस्थी, अर्शियान अर्श, वाजिद हुसैन वाजिद, हसन तिलहरी, उवैस खाँ शिफा, फैसल फैज, अकरम तिलहरी आदि ने भी अपने कलाम पेश कर खूब वाह वाही लूटी। मुशायरा में मेहमाने खुशीसी से सौरभ सिंह गांधी, देवेंद्र गुप्ता एडवोकेट, राम अवतार गुप्ता, साजिद अली खान, मनोज प्रबल, व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि, लाल शहसवानी, भोले खां समेत तमाम हस्तियां शामिल रहीं। सौरभ गांधी ने कहा की तिलहर गंगा जमुनी तहजीब का गवारा है यहां का इतिहास रहा है कि यहां देंगे आजादी में हिंदू मुस्लिम एक साथ अंग्रेजों के खिलाफ लड़े और जिन्होंने अपनी भी गवाईं उन्होंने कहा की हालत कुछ भी हों हमें अपने बुजुर्गों की रहा को नहीं छोड़ना चाहिए लेकिन हमारे तिलहर के लोग आज भी हिंदू मुस्लिम भाईचारे की मिसाल हैं और उम्मीद करता हूं मिसाल बने रहेंगे उन्होंने कहा इस तरह के कार्यक्रम जहां साहित्य की सेवा करते हैं वही आपसी भाईचारे को भी बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम के समापन पर सभी मेहमान शायर व कवियों को चादर ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

सर्विलांस सेल ने बरामद किए 40 लाख के 201 गुम मोबाइल, मालिकों को लौटाए



समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में सर्विलांस सेल, एसओजी एवं थानों की साइबर हेल्प डेस्क की संयुक्त टीम ने गुम हुए 201 मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किया। बरामद फोन की अनुमानित कीमत 40 लाख रुपये बताई गई है। बुधवार को रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में फोन वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। मोबाइल मिलने पर शिकायतकर्ताओं ने शाहजहांपुर पुलिस की सराहना की। एसपी सिटी ने बताया कि गुम मोबाइल की शिकायत ऑनलाइन या ऑफलाइन मिलने पर सर्विलांस सेल लगातार मॉनिटरिंग करता है। नागरिक अपने गुम,चोरी मोबाइल को ब्लॉक करा सकते हैं। मोबाइल गुम होने पर तुरंत नजदीकी थाने या साइबर हेल्पलाइन 1930 पर सूचना दें। सिम को तुरंत बंद कराकर री-इश्यू कराएं और अनजान लिंक पर निजी जानकारी साझा न करें। प्रभारी सर्विलांस सेल मोहन देव शर्मा, सिपाही पुष्पेंद्र, प्रभात, मुकुल खोखर, सचिन, आकाश बाना व एसओजी टीम तथा जलालाबाद, सदर बाजार, कोतवाली, कलान, कटरा, आरसी मिशन थानों की साइबर हेल्प डेस्क की टीम शामिल रही।

त्योहारों को लेकर एसपी ने पुवायां में किया पैदल गश्त



शाहजहांपुर। आगामी त्योहारों के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने बुधवार को सीओ पुवायां के साथ थाना पुवायां क्षेत्र में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एसपी ने प्रमुख मार्गों, बाजारों, भीड़भाड़ वाले व संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण कर कानून-व्यवस्था की स्थिति देखी। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया कि अपने क्षेत्रों में निरंतर भ्रमणशील रहकर सतर्कता से ड्यूटी करें, असामाजिक तत्वों पर नजर रखें और संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि त्योहारों को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है और सुरक्षा प्रबंधों को और सुदृढ़ किया जा रहा है।

बेकाबू ट्राले ने बाइक सवार को कुचला, दर्दनाक मौत

- घर में 20 दिन बाद बजने वाली थीं शादी की शहनाइयां

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।

पलिया संपूर्णानगर रोड़ पर गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्राले ने बाइक सवार अधेड़ को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद अफरा-तफरी मच गई। मृतक की पहचान प्रभनाथ पुत्र मृगनाथ, निवासी अंबेडकरनगर के रूप में हुई। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि मृतक के घर में महज 20 दिन बाद शादी समारोह होना था और परिवार में खुशियों की तैयारियां चल रही थीं, लेकिन एक दर्दनाक हादसे ने परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क किनारे चल रहे कार्य सडक किनारे पडे मलवे, वाहनों की पार्किंग, ठेलों आदि ने सड़क काफी संकरी हो गई है जिससे आए दिन हादसे होते रहते हैं। लोगों का आरोप है कि सड़क पर फैली अव्यवस्था भी हादसों का कारण बन रही है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे के बाद ट्राला चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।

धनतेरस और दीपावली की हार्दिक बधाई



धनतेरस और दीपावली की हार्दिक बधाई



धनतेरस और दीपावली की हार्दिक बधाई



धनतेरस और दीपावली की हार्दिक बधाई



























पश्चिम बंगाल में संघ संगठनों के हमलों से असुरक्षित महसूस कर रहे ईसाई

हाल के वर्षों में पश्चिम बंगाल में ईसाई समुदाय ने शायद ही कभी शारीरिक हमलों या धर्म से जुड़े तनावों की शिकायत की हो। ईसाई संगठनों ने कभी-कभी उत्तर प्रदेश या ओडिशा में अल्पसंख्यक समूहों के सामने आने वाली कठिनाइयों या भेदभाव का जिक्र अपने सार्वजनिक बयानों और आधिकारिक शिकायतों में किया है, खासकर हिंसा की छिटपुट घटनाओं के बाद। परन्तु अब संघ संगठनों के बढ़ते हमलों के बीच वे स्वयं को असुरक्षित महसूस करने लगे हैं। ऐसा लगता है कि पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शासन के महज छह महीने के भीतर हालात काफी खराब हो गए हैं कृ ऐसा पूर्वोत्तर भारत के प्रभावशाली ईसाई संगठनों का मानना है। आमतौर पर, ये संगठन पड़ोसी राज्यों या क्षेत्रों के संवेदनशील मुद्दों पर टिप्पणी नहीं करते हैं। वे मुख्य रूप से श्सतबहनी राज्यों्य (पूर्वोत्तर के सात राज्यों) में जातीय हिंसा से जुड़ी स्थानीय घटनाओं पर ध्यान केंद्रित करते हैं। न केवल पूर्वोत्तर क्षेत्र के समुदाय के नेता या बुजुर्ग, बल्कि कुछ ईसाई बहुल राज्यों के अंग्रेजी मीडिया ने भी इस बात पर गौर किया है कि पश्चिम बंगाल में अचानक सामूहिक हिंसा भड़क उठी है, जिससे ईसाई समुदाय प्रभावित हो रहा है। पूर्वोत्तर क्षेत्र की हालिया रिपोर्टों और विश्लेषणों में राज्य और केंद्र की कानून प्रवर्तन एजेंसियों और राजनीतिक नेताओं से आग्रह किया गया है कि वे पश्चिम बंगाल की स्थिति पर ध्यान दें। पूरे देश के ईसाइयों के बीच इस बात को लेकर गहरी चिंता है कि समुदाय के खिलाफ शारीरिक हमलों और हिंसा में अचानक भारी वृद्धि हुई है। उदाहरण के लिए, एक रिपोर्ट के अनुसार, इस साल मई से सितंबर के बीच पश्चिम बंगाल में ईसाइयों के खिलाफहिंसा की 65 घटनाएं सामने आई हैं। इसके विपरीत, 2025 में जनवरी से अप्रैल के बीच ऐसी केवल 11 घटनाएं सामने आई थीं। हालांकि पूर्वोत्तर के मीडिया में दिए गए आंकड़े कानून-व्यवस्था की स्थिति में भारी गिरावट की ओर इशारा करते हैं, लेकिन साल-दर-साल तुलना के लिए कोई ठोस विश्लेषण नहीं दिया गया है, जिसका कारण स्पष्ट नहीं है। इस बात का भी जिक्र किया गया है कि आमतौर पर पश्चिम बंगाल को धार्मिक मुद्दों पर होने वाली भीड़ की हिंसा जैसी चिंताजनक प्रवृत्तियों से मुक्त राज्य माना जाता था।

विश्लेषकों ने पश्चिम बंगाल में ईसाइयों और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफआक्रामक रुख अपनाने के लिए बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी)जैसे हिंदुत्व समर्थक समूहों को जिम्मेदार ठहराया है। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था। हाल ही में सत्ता में आई भाजपा - जिसे आमतौर पर एक दक्षिणपंथी पार्टी माना जाता है- का कामकाज, चाहे वह प्रशासन का मामला हो या अल्पसंख्यकों को सुरक्षा देने का, पूरी तरह से असंतोषजनक रहा है। उन समूहों और उनके नेताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है, जो मुख्य रूप से निर्दोष अल्पसंख्यक समुदायों पर हमले की योजना बनाते हैं और उन्हें अंजाम देते हैं। पश्चिम बंगाल में इन आरोपों पर प्रशासनिक या राजनीतिक स्तर पर कोई खास प्रतिक्रिया देखने को नहीं मिली है। कोलकाता भारत में एंग्लो-इंडियन संगठनों का मुख्यालय है और इसके स्थानीय नेता, पारितोष कैनिंग, पिछले कई वर्षों से सत्ताधारी प्रतिष्ठानों के साथ करीबी संपर्क बनाए हुए हैं। एंग्लो-इंडियन समुदाय के शीर्ष संगठन ने कुछ दिन पहले राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ अपने समुदाय से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और कुछ मांगें रखीं। लेकिन, पूर्वोत्तर के ईसाइयों द्वारा हिंदुत्व समूहों के हमलों को लेकर उठाए गए मुद्दों का इसमें कोई जिक्र नहीं था। राजनीतिक स्तर पर भी, वीएचपी या बजरंग दल जैसे संगठनों ने स्थानीय मीडिया में सार्वजनिक रूप से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। हालांकि, सोशल मीडिया पर कुछ ऐसी रिपोर्टें सामने आई, जिनमें पूर्वोत्तर के ईसाई संगठनों द्वारा लगाए गए आरोपों का कड़ा खंडन किया गया। इन रिपोर्टों में दावा किया गया है कि स्पष्ट कानूनों और नियमों के बावजूद, हाल के वर्षों में कुछ ईसाइयों और मिशनरियों ने विशेष रूप से पिछड़े सीमावर्ती इलाकों और दूरदराज के गांवों में रहने वाले गरीब आदिवासियों के बीच बड़े पैमाने पर धर्मांतरण का अभियान चलाया है। धर्मांतरण के ज्यादातर मामलों में पैसे देने या अन्य तरह की मदद पहुंचाने की बात सामने आई है। यहां तक कि कोलकाता और छोटे शहरों में भी, सुनियोजित तरीके से चलाए जा रहे इन मिशनरी प्रयासों का असर देखने को मिला है। उदाहरण के लिए, उत्तर और दक्षिण कोलकाता के कई निवासियों को समय-समय पर न्यूज लेटर या अन्य प्रकाशित सामग्री मिलती रही है। इनमें भारत के विभिन्न हिस्सों में गरीब लोगों के बीच ईसाई संगठनों द्वारा किए गए अच्छे कार्यों, या बाईबिल की प्रेरणादायक कहानियों का जिक्र होता है। कोलकाता के कई इलाकों में स्थानीय एनजीओ ने बताया है कि वहां के पार्कों में क्रिसमस का त्योहार काफी धूमधाम से मनाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। बच्चों और युवाओं के बीच उपहार बांटे गए, जबकि बच्चों के प्रशिक्षित गायन समूहों ने धार्मिक गीत आदि गाए। दक्षिण कोलकाता के एक निवासी ने कहा, श्ऐसे कार्यक्रमों में कुछ भी आपत्तिजनक या भड़काऊ नहीं था, लेकिन इनकी अहमियत इस बात में है कि पहले ऐसे आयोजन नहीं होते थे। क्रिसमस का जश्न, काफी हद तक, गैर-ईसाई परिवारों द्वारा केक और अन्य चीजें खरीदने तक ही सीमित था। शहर में, साथ ही कुछ मौसमी खरीदारी भी। लेकिन शहर के पार्कों में आयोजित होने वाले ये कार्यक्रम और डाक के जरिए लोगों के घरों तक ईसाई साहित्य का नियमित रूप से पहुंचना कृ ये सब किसी के संगठनात्मक प्रयासों के बिना संभव नहीं हो सकता है। जाहिर है, इसके पीछे कोई ऐसा व्यक्ति या समूह रहा होगा जिसके पास पैसा और अन्य संसाधन हों, और जिसका मकसद शायद धर्म परिवर्तन कराना रहा हो। इस बीच, विशेष रूप से दक्षिण 24 परगना के गांवों और अन्य इलाकों से ईसाइयों द्वारा धर्म परिवर्तन के मामलों में बढ़ोतरी की खबरें आ रही थीं। हावड़ा और 24 परगना जिलों के कोलकाता से सटे ग्रामीण इलाकों से ऐसी भी खबरें मिलीं कि इन मुद्दों को लेकर वहां आने वाले ईसाइयों और अन्य समूहों के बीच कभी-कभी हिंसा भी हुई। पश्चिम बंगाल के मुख्यधारा के मीडिया ने आमतौर पर इन मुद्दों पर बहुत कम ध्यान दिया। इधर एक बड़ी घटना भी सामने आई।

खंडित हो गई मोदी की छवि, अब सुधार मुश्किल

सर्वमित्रा सुरजन




नरेन्द्र मोदी अब लाख कोशिश कर लें, लेकिन अब किसी भी तरह वे अपनी उस छवि को खंडित होने से नहीं रोक सकते, जो उनके प्रचार तंत्र ने बड़ी मेहनत से गढ़ी थी। नयी पीढ़ी को हमेशा अपने लिए एक नायक की तलाश रहती है, ऐसा व्यक्ति जो हर तरह से उन्हें प्रेरित करे और उनकी नाराजगी को अभिव्यक्ति दे। 2014 के तत्कालीन लोकतांत्रिक भारत में जब दस सालों की यूपीए सरकार की कुछ बातों और देश के हालात को लेकर तब की नयी पीढ़ी में नाराजगी थी, तब नरेन्द्र मोदी को किसी अवतार की तरह पेश किया गया था कि देश इनके हाथों में सौंपों और बस सारी समस्याओं से मुक्ति पाओ। लोगों ने इस प्रचार पर यकीन कर मोदी को प्रधानमंत्री बनाया। उनके वादे भी कितने लुभावने थे-हर साल दो करोड़ रोजगार, सबके खाते में 15-15 लाख, काला धन वापस लाना, सस्ता तेल, सस्ती गैस उपलब्ध करना, बुलेट ट्रेन चलाना, काशी को क्योटो बनाना। लेकिन समय बीतते न बीतते ये तमाम वादे जुमले साबित हो गए। बल्कि अब तो हाल ऐसा है कि जुमलों और वादों के बीच का अंतर ही खत्म हो गया है। 2014 से 2026 आ गया, समस्याएं खत्म नहीं हुई, बल्कि नयी समस्याएं खड़ी हो गई। जैसे वोट का अधिकार खत्म हो गया, जिस राम मंदिर के लिए लोगों ने खून बहाने से परहेज नहीं किया, वहां चढ़ावा चोरी हो गया, युवाओं के सामने पढ़ने और रोजगार पाने के मौके खत्म कर दिए गए। इन सब पर जनता का गुस्सा बढ़ता गया। लेकिन अपनी सत्ता के सुखों में कैद मोदी ने जनता की भावनाओं को देखना जरूरी नहीं समझा। ऐसे में नयी पीढ़ी का मोह भंग मोदी और उनके वादों से हो चुका है। देश का युवा देख रहा है कि यह सरकार इतनी लाचार है कि विपक्ष के खिलाफ पदयात्रा निकाल रही है और लोकतंत्र बचाने की मांग कर रही है। इस बीच राहुल गांधी ने मोदी की अवतारी छवि को चूर-चूर करने के लिए एक बड़ा प्रहार कर दिया है। 31 अक्टूबर को देश में शायद पहली बार विपक्ष ने मॉक पार्लियामेंट का आयोजन किया। जिसमें ज्ञानेश कुमार पर महाभियोग प्रस्ताव लाया गया। फिर एक नवंबर को इंडिया ब्लॉक की रामलीला मैदान में महारैली हुई, जिसमें जनता का जोश देखकर मोदी सरकार सकते में है। इसके बाद 2 नवंबर को राहुल गांधी ने मोदी को खुली बहस की चुनौती दी और फिर 3 नवंबर को वापस अपनी चुनौती को दोहराया। चार दिन के ये चार हमले मोदी सरकार पर काफी भारी पड़ चुके हैं, यह भाजपा नेताओं की प्रतिक्रियाएं बता रही है। दरअसल 31 अक्टूबर को मोदी ने गुजरात में आरोप लगाया था कि विदेश जाकर देश-विरोधी ताकघ्तों के सहारे देश को कमजोर करने की साजिश रची जा रही है। इस पर राहुल गांधी ने मोदी को खुली बहस की चुनौती दी थी।

और कहा था कि आप विदेशी मदद से प्रधानमंत्री बने और विदेशी मदद से ही प्रधानमंत्री बने हुए हैं। आपकी आर्थिक व्यवस्था पूरी तरह विदेशियों के नियंत्रण में और समर्थन से है। विदेशी सोशल मीडिया पूरी तरह आपके साथ खड़ा है। मैं आपको इस मुद्दे पर खुली बहस की चुनौती देता हूं। कोई भी मंच, किसी भी समय। हिम्मत है तो आइए। आप नहीं आएंगे, क्योंकि जो मैं आपके बारे में जानता हूं आप उससे डरते हैं। मोदी ने 3 तारीख तक इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी तो राहुल ने फिर कहा कि 24 घंटे हो गए मोदी जी। मैंने आपको चौलेंज दिया है। आप कहते हो कि विपक्ष देशद्रोही है। किसी भी स्टेज पर आप जगह चुनिए, मेरे साथ डिबेट कीजिए। देशद्रोही कौन है? विदेशी फोर्सेस का कनेक्शन किसका है और किस तरह का कनेक्शन है? जल्दी से जल्दी कीजिए, डरिए मत।य उन्होंने कहा, श्दोनों मिलेंगे, मीडिया होगी, देश के युवा होंगे, टेबल होगी। एक तरफ आप बैठोगे, एक तरफ मैं बैठूंगा। जिसको आप जज बनाना चाहते हो, बना दो. मोहन भागवत जी को बिठा दो, चलो और फिर डिबेट करते हैं। राहुल ने यह भी कहा कि मुझ पर कम से कम 45 मामले मानहानि के लगे हुए हैं। लेकिन इस डिबेट के मामले में, विदेशी कनेक्शन के मामले में आप मानहानि का मुकघ्दमा नहीं लगा रहे हो। लगाइए ना, वहां भी खुलकर डिस्कस करेंगे। ये सब डिस्कस करते हैं, आइए। हैप्पी दिवाली, मोदी जी। मोहन भागवत को जज बनाने और विदेशी कनेक्शन पर बहस की चुनौती देकर राहुल ने भाजपा के सामने दीपावली के पहले ही बड़ा बम फोड़ दिया है। आनन-फानन में तमाम भाजपा नेता मोदी के सामने रक्षापंक्ति बनाकर खड़े हो गए हैं। जैसे शतरंज में राजा को शह और मात से बचाने के लिए कैसलिंग की जाती है, यानी राजा को हाथी की आड़ में कर दिया जाता है, और फिर बाकी मोहरे सामने आते हैं, वही खेल इस समय मोदी के लिए रचा जा रहा है। किरण रिजिजू ने तो राहुल की चुनौती को गंभीर मानने से इंकार कर दिया, यानी बहस का सवाल ही नहीं। निशिकांत दुबे ने कहा पहले मुझसे बहस कीजिए फिर मेरे नेता पर आइए। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, नरेंद्र मोदी की सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। संसद चलने दो। हम विशेष सत्र बुलाकर एसआईआर पर चर्चा के लिए तैयार हैं। आप संसद चलने दीजिए और चर्चा में दो-दो हाथ कर लीजिए। देश की जनता को मालूम हो जाएगा कि सही क्या है और झूठ क्या है। हालांकि शाह भी इस बात को अच्छे से जानते हैं कि पूरे मानसून सत्र में राहुल से बचने के लिए मोदी-शाह संसद परिसर में होते हुए भी सदन में नहीं आए। आखिरी दिन वंदेमातरम के लिए खड़े होकर चार मिनट में चले गए। जबकि इस दौरान विपक्ष के सांसदों ने एसआईआर, चुनाव सुधार पर चर्चा का मुद्दा उठाया, मगर मोदी-शाह जवाब देने नहीं आए। निर्मला सीतारमण, गिरिराज सिंह जैसे तमाम सांसद भी अब राहुल को संसद में बहस के लिए बुला रहे हैं। पता नहीं ये सांसद अपने प्रधानमंत्री से क्यों नहीं कहते कि हमने आपको सदन का नेता चुना है तो जवाब देने के लिए आप खुद आइए, हमें आगे मत करिए। खैर ये लोग तो फिर भी सांसद हैं तो राहुल को संसद आने कह सकते हैं। मगर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता न जाने किस हक से राहुल से कह रही हैं कि आप संसद आकर बहस कीजिए और फिर उसमें 1975 से लेकर 1984 तक सबका जिक्र कर रही हैं। बिल्कुल मोदी वाला अंदाज है ये कि आप सीधे सवाल का सीधा जवाब देने की जगह बस विपक्ष को कोसते रहें। रेखा गुप्ता को क्या इतना भी नहीं पता कि वे केवल दिल्ली विधानसभा में बोलने का हक रखती हैं, संसद में नहीं। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वासरमा तो रेखा गुप्ता से एक कदम आगे निकले। उन्होंने राहुल गांधी को इस बात पर घेरा कि अपनी चुनौती के आखिरी में उन्होंने लाल गुलाब के साथ मोदी को हैप्पी दीवाली क्यों कहा। बिस्वासरमा ने राहुल के ज्ञान में इजाफा किया कि राहुल गांधी गुलाब का फूल तो वैलेंटाइन डे पर दिया जाता है, दिवाली पर नहीं.. खैर आप भारतीय संस्कृति से कहां परिचित हैं। अब कोई हिमंता बिस्वासरमा से पूछे कि वैलेंटाइन डे कब से भारतीय संस्कृति का हिस्सा हो गया। उन्हें यह क्यों पता है कि वैलेंटाइन डे पर कौन से रंग का गुलाब दिया जाता है। गनीमत है कि बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी इस मामले में अब तक बोलने के लिए आगे नहीं किए गए हैं, वर्ना जैसे उन्होंने कहा था कि बिहार में क्राइम हो सकता है।

धनतेरसः आरोग्य, धन और समृद्धि का पावन पर्व

योगेश कुमार गोयल



प्रतिवर्ष दीपावली से दो दिन पूर्व कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को धनतेरस का पर्व श्रद्धा, उल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष यह पर्व 6 नवंबर को मनाया जा रहा है। भारतीय संस्कृति में धनतेरस का विशेष धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। इसे केवल धन और वैभव की प्राप्ति का पर्व मानना उचित नहीं होगा बल्कि यह आरोग्य, दीर्घायु, सुख-समृद्धि और स्वस्थ जीवन के प्रति आभार व्यक्त करने का भी अवसर है। इस दिन विशेष रूप से भगवान धन्वंतरि, माता लक्ष्मी और धन के देवता कुबेर की पूजा-अर्चना की जाती है।

धनतेरस का इतिहास अत्यंत प्राचीन माना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, समुद्र मंथन के दौरान कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी के दिन भगवान धन्वंतरि अमृत कलश लेकर समुद्र से प्रकट हुए थे। उन्हें भगवान विष्णु का अंशावतार तथा आयुर्वेद का प्रवर्तक माना जाता है। मान्यता है कि उनके हाथों में अमृत से भरा कलश था, जो जीवन, स्वास्थ्य और अमरत्व का प्रतीक है। इसी कारण उन्हें देवताओं का वैद्य और आरोग्य का देवता कहा जाता है। समुद्र मंथन से प्राप्त अमृत के माध्यम से देवताओं को अमरत्व प्राप्त हुआ था। भगवान धन्वंतरि के इसी दिव्य प्राकट्य की स्मृति में धनतेरस मनाने की परंपरा प्रचलित हुई। भगवान धन्वंतरि का संबंध केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है बल्कि उनका आयुर्वेद और भारतीय चिकित्सा परंपरा में भी विशेष स्थान है। आयुर्वेद को जीवन का विज्ञान माना गया है, जिसका उद्देश्य केवल रोगों का उपचार करना नहीं बल्कि शरीर और मन को स्वस्थ रखते हुए दीर्घ एवं संतुलित जीवन प्रदान करना है। यही कारण है कि धनतेरस का दिन चिकित्सकों, वैद्यों और चिकित्सा जगत से जुड़े लोगों के लिए भी विशेष महत्व रखता है। इस दिन भगवान धन्वंतरि की पूजा कर लोग परिवार के आरोग्य, निरोगी काया और दीर्घायु की कामना करते हैं। धनतेरस हमें यह संदेश भी देता है कि वास्तविक धन केवल सोना, चांदी और संपत्ति नहीं बल्कि अच्छा स्वास्थ्य, मानसिक शांति और संतोषपूर्ण जीवन है। इसलिए इस पर्व का मूल भाव धन के साथ आरोग्य और समृद्धि की मंगलकामना करना है।

धनतेरस के पर्व पर भगवान धन्वंतरि और माता लक्ष्मी की पूजा के साथ मृत्यु के देवता यमराज के पूजन तथा दीपदान का भी विशेष विधान है। इस दिन संध्याकाल में घर के मुख्य द्वार पर दक्षिण दिशा की ओर यमराज के निमित्त एक दीपक जलाया जाता है, जिसे 'यम दीपक' अथवा 'यमदीपदान' कहा जाता है। धार्मिक मान्यता है कि ऐसा करने से परिवार के सदस्यों को अकाल मृत्यु के भय से मुक्ति मिलती है और घर में सुख-समृद्धि तथा मंगल बना रहता है। इस परंपरा के पीछे अत्यंत रोचक और भावुक पौराणिक कथा प्रचलित है। कथा के अनुसार, एक बार यमराज ने अपने दूतों से पूछा कि प्राणियों के प्राण हरते समय क्या कभी ऐसा अवसर भी आया, जब किसी व्यक्ति के प्रति तुम्हारे मन में दया उत्पन्न हुई हो और तुम्हारा हृदय करुणा से भर उठा हो? यमराज का प्रश्न सुनकर यमदूतों ने उत्तर दिया कि वे तो केवल उनकी आज्ञा का पालन करने वाले सेवक हैं। उनका कार्य निर्धारित समय पर जीवों के प्राण लेना है इसलिए दया और मोह-माया का उनके कार्य में कोई स्थान नहीं है।

हालांकि, यमराज द्वारा निर्भय होकर सच बताने का आश्वासन दिए जाने पर उन्होंने एक ऐसी घटना का उल्लेख किया, जिसने उन्हें भी भीतर तक विचलित कर दिया था। यमदूतों ने बताया कि एक बार हंस नाम का राजा शिकार के लिए जंगल में गया था। शिकार करते समय वह अपने साथियों से बिछुड़ कर दूसरे राज्य की सीमा में पहुंच गया। उस राज्य के राजा हेमा ने अतिथि धर्म का पालन करते हुए उसका खूब आदर-सत्कार किया। संयोगवश उसी दिन राजा हेमा की पत्नी ने एक अत्यंत सुंदर पुत्र को जन्म दिया। राजपरिवार में खुशियां छा गई लेकिन ज्योतिषियों ने नवजात राजकुमार की कुंडली देखकर भविष्यवाणी की कि विवाह के ठीक चार दिन बाद उसकी मृत्यु हो जाएगी। यह सुनकर राजा और रानी शोकाकुल हो उठे। उन्होंने अपने पुत्र को इस अनिष्ट से बचाने के लिए उसे यमुना नदी के किनारे एक निर्जन गुफा में रखवा दिया। वहां उसके पालन-पोषण की राजसी व्यवस्था की गई और विशेष सावधानी बरती गई कि उस पर किसी युवती की छाया तक न पड़े। लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। एक दिन संयोगवश राजा हंस की पुत्री घूमते-घूमते यमुना तट पर पहुंच गई। वहां उसकी दृष्टि राजकुमार पर पड़ी और दोनों एक-दूसरे को देखते ही मोहित हो गए। उनके बीच प्रेम उत्पन्न हुआ और उन्होंने उसी समय गंधर्व विवाह कर लिया। दुर्भाग्यवश, ज्योतिषियों की भविष्यवाणी के अनुसार विवाह के चार दिन बाद ही राजकुमार की मृत्यु हो गई। यमदूतों ने यमराज को बताया कि उन्होंने अपने जीवन में उस नवविवाहित जोड़े जैसा सुंदर और प्रेमपूर्ण युगल कभी नहीं देखा था। दोनों कामदेव और रति के समान प्रतीत होते थे। राजकुमार के प्राण हरने के बाद जब उसकी नवविवाहिता पत्नी ने विलाप करना शुरू किया तो उसका करुण क्रंदन सुनकर यमदूतों का हृदय भी द्रवित हो उठा। यह पूरा वृत्तांत सुनने के बाद यमराज ने कहा कि कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को भगवान धन्वंतरि के पूजन के साथ उनके निमित्त दीपदान करने से अकाल मृत्यु के भय से रक्षा होती है। तभी से धनतेरस पर यमदीपदान की परंपरा प्रचलित होने की मान्यता है।

इसी विश्वास के चलते लोग संध्याकाल में घर के बाहर दक्षिण दिशा की ओर दीपक जलाकर यमराज से परिवार के सभी सदस्यों की लंबी आयु और आरोग्य की प्रार्थना करते हैं। धनतेरस पर खरीदारी की भी विशेष परंपरा है। इस दिन पुराने और टूटे-फूटे बर्तनों के स्थान पर नए बर्तन खरीदना शुभ माना जाता है। विशेष रूप से तांबे, पीतल और चांदी के बर्तन खरीदने की परंपरा है। अनेक लोग सोने-चांदी के आभूषण, सिक्के और अन्य उपयोगी वस्तुएं भी खरीदते हैं। मान्यता है कि इस दिन खरीदी गई वस्तुएं घर में सुख, सौभाग्य और समृद्धि लेकर आती हैं। कुछ परिवारों में नई झाड़ू खरीदकर उसका पूजन करने की भी परंपरा है। झाड़ू को माता लक्ष्मी का प्रतीक मानते हुए इसे घर से दरिद्रता और नकारात्मकता दूर करने का माध्यम माना जाता है। हालांकि, धनतेरस का वास्तविक संदेश केवल अधिक खरीदारी करना नहीं बल्कि धन के सदुपयोग, स्वच्छता, स्वास्थ्य और संतुलित जीवन का महत्व समझना है। यह पर्व हमें स्मरण कराता है कि जीवन की सबसे बड़ी पूंजी निरोगी शरीर, परिवार की खुशियां, मानसिक शांति और परिश्रम से अर्जित समृद्धि है। भगवान धन्वंतरि की आराधना और यमदीपदान के माध्यम से यह पर्व जीवन की रक्षा, दीर्घायु और मंगलमय भविष्य की कामना का अनुपम अवसर बन जाता है।

ट्रंप का खत्म हुआ दबदबा



अमेरिका में मध्यावधि चुनाव राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए बड़ा झटका साबित हुए हैं। डोनाल्ड ट्रंप के लिए इन चुनावों को बड़ी परीक्षा माना जा रहा था। क्योंकि अपने दूसरे कार्यकाल में उन्होंने कई ऐसे फैसले लिए जिसका सीधा असर न केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था और राजनीति पर पड़ा, बल्कि अमेरिका के भीतर भी सवाल खड़े होने लगे कि क्या दुनिया का सबसे बड़ा यह लोकतांत्रिक देश नफरत और हिंसा का प्रतिनिधि बनकर रह जाएगा। गौरतलब है कि अपने दूसरे कार्यकाल में ट्रंप ने मेक अमेरिका ग्रेट अगेन का नारा बुलंद करते हुए नयी टैरिफ नीति घोषित कर दी, जिसकी चपेट में भारत समेत कई देश आए। अमेरिका में काम करने, नागरिकता हासिल करने और वीजा के नए कड़े नियम बना दिए, जिसका असर लाखों लोगों पर पड़ा। ईरान पर इजरायल के कहने से ट्रंप ने हमला बोला, जिसकी वजह से न केवल हजारों निर्दोषों की मौत हुई, बल्कि होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग पर पाबंदी लगाने को ईरान मजबूर हुआ और इसका खामियाजा सारी दुनिया ने भुगता। ईरान के मीनाब शहर में बच्चियों के स्कूल पर अमेरिकी हमले के बारे में अमेरिका में सवाल उठे, लेकिन ट्रंप ने इस पर जवाब नहीं दिया। वेनेजुएला में राष्ट्रपति मादुरो निकोलस के सुरक्षा गार्डों को रिश्वत देकर अपने साथ मिलाना और फिर उन्हें पत्नी समेत अगवा कर लेने का काम ट्रंप ने किया, मानो दुनिया अब भी मध्यकाल में जी रही है। कई देशों के आंतरिक मामलों या चुनावों में दखल देने का काम अमेरिका हमेशा ही करता रहा है, ट्रंप ने इस रवायत को बरकरार रखा, हालांकि इससे उनका अपना ही नुकसान हुआ। बहरहाल, अब जो मध्यावधि चुनावों के नतीजे आए हैं, उसमें डेमोक्रेटिक पार्टी ने प्रतिनिधि सभा यानी हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव और सीनेट, दोनों पर नियंत्रण हासिल कर लिया है। इसके बाद सवाल उठने लगे हैं कि क्या अब ट्रंप के लिए बचे दो सालों का कार्यकाल खासा मुश्किल होने लगा है। वैसे अमेरिकी संविधान में श्सेपरेशन ऑफ पावरश् की व्यवस्था है। यानी शक्तियों का बंटवारा है। संसद, सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रपति की शक्तियां अलग-अलग हैं और कोई किसी के काम में दखल नहीं दे सकता। खास बात ये है कि राष्ट्रपति संसद के प्रति उत्तरदायी नहीं है। इसलिए सीनेट और प्रतिनिधि सभा में करारी हार के बावजूद राष्ट्रपति के तौर पर डोनाल्ड ट्रंप की कार्यकारी शक्तियों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। लेकिन अब वो कोई कानून अपनी मर्जी से पास नहीं करवा पाएंगे। इसके लिए संसद की जरूरत होती है। डेमोक्रेट्स की संख्या 90 होने के कारण, उनके सभी बिल रोक दिए जाएंगे। दूसरी बात, बजट पर संसद का नियंत्रण होता है। तो ट्रंप के लिए मागा जैसे प्रोजेक्ट्स के लिए कोई फंडिंग नहीं मिल पाएगी। वहीं व्यापार समझौतों और युद्ध के लिए फंडिंग के वास्ते संसद की मंजूरी जरूरी होगी, तो यहां भी मर्जी नहीं चल पाएगी। तीसरी बात जजोंध्अधिकारियों की मनमानी नियुक्ति नहीं कर पाएंगे, सीनेट उनके द्वारा चुने गए नामों को रोक देगी। ट्रंप पर अब महाभियोग का खतरा बढ़ सकता है। एपस्टीन फाइल्स जैसे कुछ मामलों में डेमोक्रेट्स जांच शुरू कर सकते हैं और महाभियोग की प्रक्रिया भी ला सकते हैं। इन नतीजों में कुछ चौंकाने वाले नतीजे आए हैं। जैसे डेमोक्रेट्स ने कई ऐसे राज्यों में भी जीत दर्ज की, जिन्हें पारंपरिक रूप से रिपब्लिकन का मजबूत इलाका माना जाता रहा है। टेक्सास, साउथ कैरोलाइना, आयोवा और कंसास जैसे राज्यों में उनकी सफलता विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। कई रिपब्लिकन उम्मीदवारों को भी हार का सामना करना पड़ा, जिन्हें ट्रंप का समर्थन प्राप्त था। मिशिगन सीट से जीत कर डेमोक्रेट अब्दुल अल सैयद अमेरिका के पहले मुस्लिम सीनेटर बन गए हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव प्रचार के दौरान अब्दुल के खिलाफकाफी नफरती टिप्पणी की थी। इस पर अब्दुल ने अब तंज कसते हुए कहा है कि डोनाल्ड ट्रंप को मेरा नाम लेने में दिक्कत होती थी, अब वह मुझे सीनेटर कह सकते हैं। इसी तरह इल्हान उमर पांचवी बार जीती हैं, उन्हें मिनेसोटा से भारी जीत हासिल हुई है। ट्रंप ने इल्हान उमर की शादी को लेकर भी काफी सवाल उठाए थे। इल्हान उमर की नागरिकता की जांच भी चल रही है। इसके बावजूद उन्हें जीत मिली। जॉर्जिया में डेमोक्रेटिक पार्टी की केइसा लांस बॉटम्स ने इतिहास रच दिया है। केइसा लांस बॉटम्स पहली अश्वेत महिला हैं जो अमेरिका में किसी राज्य की गवर्नर चुनी गई हैं। तो ऐसे कई बड़े उलटफेर हुए हैं, जिन पर कहा जा रहा है कि यह सब ट्रंप की नीतियों से जनता की नाराजगी के परिणाम हैं। ट्रंप ने अपने भाषणों और बयानों में काफी व्यक्तिगत हमले लोगों पर किए, लेकिन अमेरिकी जनता ने इस बार अपने उदार चरित्र को दिखाया है। ट्रंप ने भी अब जनता की मर्जी को स्वीकार कर लिया है। वैसे भी उनका यह अंतिम कार्यकाल है, दो बार के बाद तीसरी बार राष्ट्रपति का चुनाव वो नहीं लड़ेंगे, लेकिन ट्रंप के कारण रिपब्लिकन पार्टी को जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई करने में वक्त लगेगा। ट्रंप ने अब मान लिया है कि ईरान पर युद्ध के कारण जनता ने साथ नहीं दिया। ट्रंप ने कहा भी है कि अब ईरान पर हमला नहीं होगा, न ही इजरायल को आर्थिक मदद दी जाएगी। ईरानी संसद के अध्यक्ष एम बी गालिबाफ ने भी कहा है कि चाहे अंतरात्मा की आवाज हो या जीवन-यापन का सवाल, अमेरिकियों ने श्युद्ध को नाश् कहा है, और हम इस संदेश का समर्थन करते हैं। लेकिन यह सब इतने सरल समीकरण नहीं हैं। ट्रंप ने अकेले के दम पर युद्ध नहीं छेड़ा था, उसके पीछे जो कार्पोरेट लॉबी काम कर रही थी, क्या वह ट्रंप पर या अब किसी और तरीके से अमेरिकी सत्ता पर दबाव नहीं बनाएगी और दुनिया में अशांति फैलाने की कोशिश नहीं करेगी, इन सवालों के जवाब तलाशने होंगे। वैसे कांग्रेस सांसद अभिषेक सिंघवी ने मजेदार टिप्पणी की है कि नतीजे बता रहे हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति के बजाय, ईरान ने अमेरिका में सत्ता परिवर्तन (रेजीम चेंज) सफलतापूर्वक कर दिया है!

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***

(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887

पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9554964672

For News : samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

खबरें एक नजर में

जनगणना प्रशिक्षण में जा रहे प्रधानाध्यापक की सड़क हादसे में मौत



सुमेरपुर (हमीरपुर)। जनगणना प्रशिक्षण में शामिल होने जा रहे प्रधानाध्यापक रामप्रकाश निषाद (57) की गुरुवार सुबह सड़क हादसे में मौत हो गई। कुंडौरा-नरायनपुर के बीच अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। रमेड़ी मोहल्ला निवासी रामप्रकाश निषाद अतरैया स्थित कंपोजिट विद्यालय में इंचार्ज प्रधानाध्यापक थे। गुरुवार सुबह करीब 10-30 बजे वह बाइक से सुमेरपुर के पॉलिटेक्निक कॉलेज में जनगणना प्रशिक्षण के लिए जा रहे थे। आदर्श ऑटो मोबाइल के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उनके निधन से शिक्षक समुदाय में शोक है। मृतक अपने पीछे पत्नी रामजानकी और दो पुत्र अमित राज व अजय कुमार को छोड़ गए हैं।

गोवत्स पूजन के साथ शुरू हुआ दीपावली पर्व

सुमेरपुर। बुंदेलखंड में दीपावली पर्व की शुरुआत गुरुवार को नंदनी व्रत के साथ हुई। ब्राह्मण और यादव समाज की महिलाओं ने व्रत रखकर शाम को गाय-बछड़े का पूजन किया। महिलाओं ने गाय-बछड़े को रोली-चंदन का तिलक लगाकर पकवान खिलाए और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके साथ ही कस्बे और ग्रामीण क्षेत्रों में दीपावली की धूम शुरू हो गई। जगह-जगह दिवारी नृत्य भी आयोजित हुए। नंदनी व्रत पुत्रवती महिलाएं परिवार की खुशहाली के लिए करती हैं। इस परंपरा के साथ क्षेत्र में दीपावली पर्व का आगाज हो गया।

सड़क निर्माण के दौरान खोदी गई खंदी बनी हादसों का सबब



समथर (झांसी)। पहाड़पुरा मार्ग से समथर-दमोह तिराहे तक चल रहे सड़क निर्माण कार्य के दौरान खोदी गई खंदी अब राहगीरों के लिए मुसीबत बन गई है सड़क किनारे खोदी गई खंदी बनी मुसीबत बताया गया है कि बुधवार सुबह एक ट्रैक्टर खोदी गई खंदी में पलट गया गनीमत रही कि चालक बाल-बाल बच गया और कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। वहीं गुरुवार खंदी में एक कार खंदी में चली गई जिससे एक बार फिर सड़क निर्माण कार्य में सुरक्षा व्यवस्था की पोल खुल गई7 स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान सड़क किनारे खोदी गई खंदी को खुला छोड़ दिया गया है। यहां न तो पर्याप्त संकेतक लगाए गए हैं और न ही सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इससे दिन-रात निकलने वाले वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि खंदी को जल्द दुरुस्त कराया जाए तथा दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बैरिकेडिंग और चेतावनी संकेतक लगाए जाएं, ताकि किसी बड़े हादसे से पहले सुरक्षा के उचित इंतजाम हो सकें।

शराबी से महिला बस कंडक्टर डंडा लेकर भिड़ीं

महोबा। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन महोबा डिपो की बस में महिला परिचालक शिवानी से गाली-गलौज और मारपीट की कोशिश करने के आरोप में पुलिस ने शुभम द्विवेदी को हिरासत में लिया। घटना बुधवार दोपहर करीब 3 बजे चरखारी के रायनपुर मोहल्ले की है। बस राठ से महोबा लौट रही थी। रायनपुर मोहल्ले में सवारी उतारने के लिए बस रुकी, तभी नशे में धुत शुभम ने शिवानी से चली-गलौज की और जबरन बस में चढ़ने ने शिवानी से गाली-गलौज की और जबरन बस में चढ़ने की कोशिश की विरोध करने पर शुभम ने शिवानी पर हमला करने की कोशिश की। अपनी सुरक्षा के लिए शिवानी डंडा लेकर उसके सामने आईं। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर शुभम को पकड़ लिया। घटना का 27 सेकंड का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।शिवानी ने चरखारी कोतवाली पुलिस को शिकायत दी। कोतवाली प्रभारी राहुल मिश्रा ने बताया कि शिवानी ने लिखित शिकायत में सख्त कार्रवाई की मांग नहीं की थी। पुलिस ने शुभम को हिरासत में लेकर उसका मेडिकल कराया और चालान कर दिया।

हमीरपुर में अब 991 मतदेय स्थल, आयोग से मिली मंजूरी

समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।



जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। इसमें मतदेय स्थलों के सम्भाजन के बाद भारत निर्वाचन आयोग से अनुमोदित बूथों की जानकारी दी गई। आयोग के प्रति मतदेय स्थल अधिकतम 1200 मतदाताओं के मानक के अनुसार जनपद में अब 991 मतदेय स्थल निर्धारित किए गए हैं। पहले इनकी संख्या 1015 थी। विधानसभा क्षेत्र 228-हमीरपुर में 509 तथा 229-राठ (अजा) में 482 मतदेय स्थल होंगे। जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों से नए बूथों के लिए बूथ लेवल एजेंट नामित कर सूची शीघ्र उपलब्ध कराने की अपील की। इससे बीएलओ और बीएलए के बीच समन्वय स्थापित कर निर्वाचक नामावली को त्रुटिरहित बनाया जा सकेगा। बैठक में बताया गया कि निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशन 12 नवंबर तथा अंतिम प्रकाशन 4 जनवरी 2027 को होगा।

वृद्धावस्था पेंशन से 50,586 बुजुर्गों को मिला आर्थिक संबल

हमीरपुर। प्रदेश सरकार की वृद्धावस्था पेंशन योजना जनपद के बुजुर्गों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान कर रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद के 50,586 वृद्धजनों को योजना का लाभ मिला है। जिला समाज कल्याण अधिकारी हिमांशु अग्रवाल ने बताया कि अधिक से अधिक पात्र बुजुर्गों को योजना से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत 9,308 नए लाभार्थियों के आवेदन स्वीकृत किए गए हैं। पेंशन की धनराशि आधार से जुड़े बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से सीधे भेजी जा रही है। इससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त होने के साथ वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता आई है। नियमित आर्थिक सहायता मिलने से बुजुर्गों को दवाइयों, दैनिक आवश्यकताओं और अन्य जरूरी खर्चों में मदद मिल रही है। समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण ने कहा कि सरकार प्रत्येक पात्र बुजुर्ग को आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

नियुक्ति पत्र के लिए लखनऊ जाएंगे हमीरपुर-महोबा के 69 नवचयनित दरोगा



हमीरपुर। उत्तर प्रदेश पुलिस में चयनित हमीरपुर और महोबा के 69 नवचयनित उपनिरीक्षकों को छह नवंबर को मुख्यमंत्री द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। इस संबंध में गुरुवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स हमीरपुर के सभागार में बैठक आयोजित की गई। अपर पुलिस अधीक्षक बांदा की अध्यक्षता और अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर की उपस्थिति में अभ्यर्थियों को कार्यक्रम की व्यवस्थाओं एवं आवश्यक दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई। चयनित अभ्यर्थियों में हमीरपुर के 24 और महोबा के 45 अभ्यर्थी शामिल हैं। सभी अभ्यर्थियों को नोडल अधिकारी के नेतृत्व में लखनऊ ले जाया जाएगा।

त्योहारों पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के निर्देश

- अवैध पटाखा भंडारण पर होगी कार्रवाई, बाजारों में पुलिस करेगी फुट पेट्रोलिंग

समृद्धि न्यूज़, झांसी।



जिलाधिकारी गौरांग राठी ने दीपावली सहित आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने और रोजाना शाम बाजारों व आवासीय क्षेत्रों में फुट पेट्रोलिंग कराने के निर्देश दिए। किसी भी अप्रिय घटना की सूचना पर वरिष्ठ अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचेंगे।जिलाधिकारी ने ग्रामीण क्षेत्रों में पटाखों के अवैध भंडारण और बिक्री की जांच करने, लाइसेंसधारकों के यहां अग्निशमन व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। सीएचसी-पीएचसी में चिकित्सकों और दवाओं की उपलब्धता के साथ 24 घंटे इमरजेंसी सेवा चालू रखने को कहा। त्योहारों पर निर्बाध बिजली आपूर्ति, खाद्य पदार्थों की जांच, यातायात व्यवस्था और तेज रफ्तार भारी वाहनों पर नियंत्रण के भी निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय चावला, एसपी सिटी प्रीति सिंह, एसपी ग्रामीण अरविंद कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

गंगा समिति के तत्वावधान में यमुना नदी के बिहारी घाट पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गंगा उत्सव

समृद्धि न्यूज़, कालपी(जालौन)।



डीएम समीर के निर्देशन व प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप के मार्गदर्शन में जिला गंगा समिति के बैनर ताले कालपी में यमुना नदी के बिहारी घाट पर हर्षोल्लास व उत्साह के साथ गंगा उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गंगा नदी को राष्ट्रीय नदी घोषित किए जाने के उपलक्ष्य में नदियों के संरक्षण, स्वच्छता व निर्मलता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला परियोजना अधिकारी, जिला गंगा समिति मोहित दौदेरिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर उप प्रभागीय वनाधिकारी उरई रवि मोहन, उप प्रभागीय वनाधिकारी कोंच सुबोध शुक्ला, वन दरोगा अजीत, वन रक्षक नरेंद्र सिंह व अपर्णा सिंह आदि उपस्थित रहे।

चित्रकला प्रतियोगिता में लगभग 65 विद्यार्थियों ने किया प्रतिभाग: गंगा उत्सव के तहत सरस्वती विद्या मंदिर में छात्र-छात्राओं के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 65 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा के माध्यम से नदी संरक्षण, स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण से संबंधित आकर्षक चित्र बनाए। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

रंगोली व सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा मनः कार्यक्रम के ताकत रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने विभिन्न रंगों व प्राकृतिक वनस्पतियों के माध्यम से नदी संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता का संदेश देती हुई आकर्षक रंगोलियां तैयार कीं। इसके अतिरिक्त सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं व छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

जनपदस्तरीय युवा उत्सव में युवाओं ने दिखाई प्रतिभा, विजेता सम्मानित

झांसी। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग की ओर से राजकीय इंटर कॉलेज सभागार में जनपद स्तरीय युवा उत्सव आयोजित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष पवन गौतम और कॉलेज के प्रधानाचार्य सतीश सिंह ने शुभारंभ कर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। लोकनृत्य, लोकगीत, नुक्कड़ नाटक, कविता लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं में युवाओं ने प्रतिभा दिखाई। विजेता प्रतिभागी अब मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।लोकनृत्य में माही वर्मा एंड ग्रुप प्रथम और आर्य कन्या इंटर कॉलेज द्वितीय रहा। लोकगीत में दिव्यांशी एंड ग्रुप प्रथम तथा संस्कार एंड ग्रुप द्वितीय रहे। नुक्कड़ नाटक में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, बरुआसागर की भावना एंड ग्रुप प्रथम और सूरज प्रसाद राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, झाँसी द्वितीय रहा। कविता लेखन में सुधांशु त्रिवेदी, समिता खालिदी और वैदेही पाठक क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहीं। पोस्टर मेकिंग में अल्लादीन प्रथम, सबद खालिदी द्वितीय और योग्यता वर्मा तृतीय रहीं। कार्यक्रम संयोजक जिला युवा कल्याण अधिकारी शिवराम सिंह सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, निर्णायक और प्रतिभागी मौजूद रहे।

आवश्यकता

भगवानदीन आर्य कन्या इण्टर कालेज निकट मिश्राना पुलिस चौकी लखीमपुर-खीरी में इण्टर विज्ञान वर्ग (वित्तविहीन) में अंग्रेजी पढ़ाने हेतु महिला अभ्यर्थी की आवश्यकता है। योग्यताधारी महिला अभ्यर्थी एक सप्ताह के अन्दर अपने मूल अंक पत्रों व प्रमाण पत्रों के साथ उपरोक्त पते पर सम्पर्क करें।

धनतेरस पर दुल्हन की तरह सजे बाजार खरीददारों पर दिख रहा महंगाई का असर

- सोने-चांदी के आभूषणों पर मामूली गिरावट, फिर भी दूर हैं ग्राहक
- ग्राहकों की कम होती संख्या बनी व्यापारियों की चिंता का सबब

समृद्धि न्यूज़, बांदा।



धनतेरस के मौके पर बाजार तो काफी गर्म है, लेकिन ग्राहकों की जेब ठंडी पड़ी। सराफा बाजार में सोने-चांदी की कीमतों के लंबी छलांग के साथ महंगाई डायन की काली छाया से आग लगी है। दीवाली ने व्यापारियों और खरीददारों की धड़कनों को तेज कर रखा है। हालांकि विभिन्न इलेक्ट्रानिक्स कंपनियां उत्पादों में भारी छूट व ऑफर देकर ग्राहकों को आकर्षित कर रही हैं। आम आदमी की जेब जहां त्योहारी सीजन में हल्की है, वहीं त्योहार का बाजार खासा गरम दिख रहा है।

दीपावली पर खरीददारी के लिये ग्राहकों के लिये तमाम तरह की छूट और ऑफर के साथ पांच दिनों की बाजार सज चुकी है। सोने-चांदी की बेतहाशा बढ़ती कीमतों का असर दीपावली की बाजार में देखने को मिल रहा है। वहीं पिछले कई वर्षों से लगातार बढ रही महंगाई और बेमौसम बारिश से फसलों की बर्बादी के साथ ही किसान और आम आदमी का भी दीवाली की खरीददारी पर कोई खास रुझान नहीं दिख रहा है। वैसे धनतेरस पर सबसे ज्यादा खरीददारी सर्राफा और बर्तन बाजार से होती है। सर्राफा बाजार में प्रतिष्ठित ज्वैलर्स मनमोहन गोयल, अविजित गोयल, सत्यप्रकाश, इंद्रेश जड़िया और सुनील गोयल का कहना है कि इस साल सोने-चांदी की कीमतों में जबरदस्त उछाल देखने को मिल रहा है। धनतेरस के एक दिन पहले तक दस ग्राम सोने का दाम एक लाख 46 हजार से अधिक है। वहीं प्रतिकिलो चांदी की कीमत दो लाख रुपए के करीब पहुंच गई हैं। इस बार महारानी विक्टोरिया और जॉर्ज किंग वाले चांदी के कलदार सिक्कों के दाम भी आसमान छू रहे हैं। यह सिक्के जहां 2400 रुपए में मिल रहे हैं, वहीं लक्ष्मी-गणेश अंकित चांदी का सिक्का इस बार 2200 रुपये का है। लोगों का मानना है कि इस बार सोने-चांदी की कीमतों में उछाल की वजह से धनतेरस की बाजार नरम रहने की उम्मीद है। सोना-चांदी की बढ़ती कीमतें सर्राफा कारोबारियों की धड़कनें बढ़ा रही हैं, बाजार में सन्नाटा पसरा हुआ है। बहरहाल धनतेरस की बाजार नरम रहे या गरम, दुकानदारों को ग्राहकों का इंतजार जरूर रहेगा और त्योहार को लेकर दुकानदार अपनी दुकानों को करीने से सजाने में जुटे गए हैं। हालांकि तमाम लोग त्योहार पर खरीददारी की रस्मअदायगी करके ही काम चलाने का मूड बना रहे हैं।

खाद सुरक्षा टीम ने मिठाई के लिए 31 नमूने लिये, एसडीएम के नेतृत्व में हुई कार्रवाई

समृद्धि न्यूज, पनवाड़ी (महोबा)।



दीपावली विशेष अभियान में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने आमजन मानस को सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए नगर पंचायत कुलपहाड़ में विशेष अभियान चलाया गया। अभियान में श्याम सुन्दर स्वीट हाउस बस स्टैंड कुलपहाड़ के यहां से खोया चीनी से बनी मिठाई, रामराजा स्वीट्स के यहाँ से खोया का नमूना जांच हेतु संग्रह किया।सचल टीम का नेतृत्व उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ आदेश सिंह सागर एवं क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध सिंह ने किया।सचल दल टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी चंद्रकांत बाजपेई, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार मिश्रा, मनोज कुमार एवं राम लखन कुशवाहा सम्मिलित रहे. दीपावली तक निरंतर अभियान जारी रहेगा। इस अभियान में अभी तक विभिन्न बाजारों से खाद्य पदार्थों मिठाईयों के 31 नमूने संग्रहित किये। संग्रहित नमूने जांच हेतु खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किए गए हैं नमूनों के विश्लेषण के उपरांत प्राप्त जांच रिपोर्ट के परिणाम के अनुसार खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत यथा आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

जिले की बेटी स्वाती अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में लहराएंगी परचम



उरई(जालौन)। जिले की दिव्यांग पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी स्वाती ने अपनी मेहनत, लगन, दृढ़ इच्छाशक्ति और खेल प्रतिभा के दम पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जनपद का गौरव बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। विकासखंड कोंच के ग्राम अमीटा निवासी कमलेश कुमार की पुत्री स्वाती का चयन बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया, नई दिल्ली द्वारा जारी आमंत्रण चयन सूची के क्रमांक 71 पर थाईलैंड पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल टूर्नामेंट के लिए हुआ है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 24 से 29 नवम्बर तक बैंकॉक, थाईलैंड में आयोजित होगी। स्वाती की इस उपलब्धि को प्रोत्साहित करने और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने में आर्थिक बाधा न आए, इसके लिए जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति, की ओर से हवाई यात्रा व्यय के लिए 41,809 रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई।

सूचना

मैं GAUTAM NAGORAO ANBHORE (गौतम नागोराव अनभोरे) मेरे पुत्र ANBHORE PANKAJ GAUTAM आर्मी नम्बर- 4582087X रैंक-L/HAV के सैन्य दस्तावेज में मेरा नाम त्रुटिवश GOUTAM (गौतम) गलत अंकित हो गया है, जबकि मेरा वास्तविक सही नाम GAUTAM NAGORAO ANBHORE (गौतम नागोराव अनभोरे) है। भविष्य में मुझे इसी सही नाम से जाना व पहचाना जाये।

सूचना

मैं SATYAFULA GAUTAM ANBHORE (सत्यफुला गौतम अनभोरे) मेरे पुत्र ANBHORE PANKAJ GAUTAM आर्मी नम्बर- 4582087X रैंक L/HAV के सैन्य दस्तावेज में मेरा नाम SATYAFULA (सत्यफुला) व जन्मतिथि 10.11.1970 त्रुटिवश गलत अंकित हो गयी है, जबकि मेरा वास्तविक सही नाम SATYAFULA GAUTAM ANBHORE व सही जन्मतिथि 01.01.1970 है। भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

अदालती सूचना

ता. पेशी 02.01.2027
न्यायालय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय कासगंज
वैवाहिक वाद सं. 151-2026
शाहजेब
बनाम
श्रीमती शाहिदा उर्फ सायदा, शाहजेब पुत्र मुसर्रत हुसैन निवासी ग्राम गनेशपुर थाना गंजडुण्डवारा जिला कासगंज हाल निवासी मकान नं. 422 ई. 01 ब्लाक नन्द नगरी, मडौली नार्थ पूर्वी दिल्ली
..प्रार्थी/वादी
बनाम
श्रीमती शाहिदा उर्फ सायदा पत्नी शाहजेब पुत्री सबीब निवासी कस्बा व थाना निगोही जिला शाहजहांपुर ...विपक्षी
उक्त शाहजेब ने आपके विरुद्ध अन्तर्गत धारा मुस्लिम वैवाहिक संबंधों की पुर्नस्थापना हेतु वाद दायर किया है। आपको इस अदालत में दिनांक 02.01.2027 को दिन 10 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वंय या किसी प्लीडर द्वारा उपसंजात हाजिर हो सकते है। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप बताई तारीख को न्यायालय में उप संजात नही होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निवटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। आज दिनांक 26.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
सदर मुंसरिम परिवार न्यायालय, कासगंज

डंपर में पीछे से घुसा टैंकर, चालक की मौत

- नौ माह के मासूम के सिर से उठा पिता का साया परिवार में मचा कोहराम

समृद्धि न्यूज़, जयसिंहपुर सुल्तानपुर।



हलियापुर-बेलवाई राजमार्ग पर बुधवार रात डंपर में पीछे से तेल टैंकर की टक्कर हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल टैंकर चालक सूरज पांडे (40) की लखनऊ ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई। उसके नौ माह के मासूम बेटे के सिर से पिता का साया उठ गया। जयसिंहपुर थाना क्षेत्र के रवनिया गांव निवासी सूरज पांडे पुत्र कौशल पांडे बुधवार रात करीब दो बजे टैंकर लेकर पीढ़ी की ओर जा रहे थे। बझना स्थित चौपई का पुरवा के पास आगे चल रहे डंपर में टैंकर पीछे से भिड़ गया। टक्कर के बाद टैंकर अनियंत्रित होकर 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन के खंभे से जा टकराया। हादसे में सूरज गंभीर रूप से घायल हो गए। डंपर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।सूचना पर पीढ़ी चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। परिजन घायल सूरज को मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।सूरज चार भाइयों में दूसरे नंबर पर थे। उनकी मौत से पत्नी पूजा, मां उर्मिला और पिता कौशल पांडे सहित परिवार में कोहराम मचा है। चौकी प्रभारी परमानंद पांडे ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

कार की टक्कर से घायल मजदूर ने लखनऊ में दम तोड़ा

सुल्तानपुर। सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल मजदूर राम कृपाल यादव (47) की लखनऊ ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान तीन नवंबर की रात मौत हो गई। उनकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया। कूरेभार थाना क्षेत्र के कौड़ियांवा गांव के रेलवे स्टेशन रोड निवासी राम कृपाल दो नवंबर की रात करीब साढ़े आठ बजे मजदूरी कर घर लौट रहे थे। कूरेभार रेलवे स्टेशन मोड़ के पास तेज रफ्तार डिजायर कार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल राम कृपाल को सीएचसी कूरेभार ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर रेफर किया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें लखनऊ ट्रॉमा सेंटर भेज दिया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।राम कृपाल मजदूरी कर पत्नी सुमित्रा, एक बेटी और दो बेटों का भरण-पोषण करते थे। परिवार के कमाऊ सदस्य की मौत से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। तीन बच्चों के सिर से पिता का साया उठने से गांव में भी शोक की लहर है।

राजा भैया ने की डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य से मुलाकात, कुंडा में श्रीराम कथा के लिए दिया आमंत्रण

समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।



जिले के कुंडा में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की श्रीराम कथा का आयोजन होने जा रहा है। इस भव्य धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने के लिए जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने गुरुवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मुलाकात की। इस दौरान राजा भैया के साथ एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। राजा भैया ने डिप्टी सीएम को आधिकारिक रूप से निमंत्रण पत्र सौंपा और इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने का विशेष आग्रह किया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने इस शिष्टाचार भेंट की तस्वीरें अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भी साझा की हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह श्रीराम कथा आगामी 17 से 19 नवंबर तक कुंडा के बेंती स्थित राजभवन में आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोर-शोर से शुरू कर दी गई हैं। राजा भैया की ओर से इस पावन अवसर पर राजनीतिक, प्रशासनिक और सामाजिक क्षेत्र की कई दिग्गज हस्तियों को लगातार आमंत्रित किया जा रहा है। इस हाई-प्रोफाइल मुलाकात और आगामी आयोजनों को लेकर राजनीतिक गलियारों में भी चर्चाओं का बाजार गर्म है।

सपा प्रदेश अध्यक्ष पीडीए कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देते हुए भर गए जोश



कुंडा-प्रतापगढ़। बाबागंज विधानसभा क्षेत्र के लेखपेड़ा कोटा भवानीगंज में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित पीडीए की महापंचायत में प्रदेश अध्यक्ष का सपाईयों ने जोरदार स्वागत किया। अपने स्वागत सम्मान से गदगद श्यामलाल पाल ने चुनावी शंखनाद करते हुए पढ़ा के कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देते हुए जोश भर गए। भारतीय जनता पार्टी की केंद्र प्रदेश की सरकार पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि केंद्र की 12.5 वर्ष की तथा उत्तर प्रदेश की 9.5 वर्ष की सरकार ने देश व प्रदेश की जनता के साथ जो विश्वास घात किया है। समय आ गया है, कि जनता अब उसका हिसाब किताब पूरा करते हुए 2027 में इनका सफाया कर देगी। कुंडा तथा बाबागंज विधानसभा क्षेत्र समेत जनपद के सातों विधानसभाओं पर सपा का कब्जा होगा। प्रतिवर्ष 2 करोड़ नौकरी देने वाले युवाओं पर लाठियां बरसाई गई, सन् 2022 तक किसानों के आमदनी दोगुना करने के एवरेज में खाद की चोरी कर ली, भाजपा का वादा एक धोखा था। जनता के लूट के साथ राम के नाम पर सरकार बनाने वाले चंदा चोरी करके राम को ही लूट लिया। बागेश्वर धाम के आचार्य धीरेंद्र शास्त्री पर तंज करते हुए कहा कि यह कैसे सनातनी हैं जिन्होंने भगवान राम व कृष्ण को सार्वजनिक रूप से माखौल उड़ाते हुए अपमानित किया है। ऐसे बाबाओं के कार्यक्रम का बहिष्कार किया जाना चाहिए।

कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, प्रतापगढ़।

संख्या -749 /जि0आ0अधि0/प्रतापगढ/अपील / प्रचार-प्रसार/ दिनांकः नवम्बर 05 2026

महत्वपूर्ण सूचना

आगामी त्यौहारों एवं विधान सभा चुनाव के दृष्टिगत सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अवैध अड्डों से बिकने वाली अवैध मदिरा का सेवन न करें, क्योंकि अवैध अड्डों से मिलने वाली मदिरा जहरीली हो सकती हैं तथा मिथाइल अल्कोहल भी हो सकता है, जो एक विष है तथा इसके अल्प मात्रा के सेवन से आंखों की रोशनी जाने के साथ व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। आबकारी दुकानों से ही क्यू आर कोड लगी सील बन्द शराब की बोतलों तथा क्यूआर कोड लगे हुए टेट्रा पैक खरीद कर ही सेवन करें। अवैध मद्य निष्कर्षण से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की शिकायत के लिए प्रदेश स्तर पर संचालित टोल फ्री नम्बर-14405 तथा व्हाट्सएप नम्बर 9454466019 पर भी दी जा सकती है। आबकारी दुकानों से बिक्रीत मदिरा की वैधता की जाँच हेतु गूगल प्ले स्टोर से यूपी एक्साइज सिटिजन एप्लिकेशन डाउनलोड कर की जा सकती है। यदि किसी अवैध मदिरा की बिक्री आदि की सूचना प्राप्त होती है तो तत्काल जनहित में जनपद के तहसील सदर, प्रतापगढ़ के लिये मो0नं0-9454466160, तहसील पट्टी के लिये मो0नं0-9454466161, तहसील कुण्डा के लिये मो0नं0- 9454466162, तहसील लालगंज के लिये मो0नं0-9454465852, तहसील रानीगंज के लिये मो0नं0- 9454465850 सी0यू0जी0 मोबाइल नम्बरों पर तत्काल क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षकों को सूचित करने का कष्ट करें।

(अखिलेश्वर नाथ सिंह)
जिला आबकारी अधिकारी
प्रतापगढ़
मो.नं.-9454465617

साकक्षान

(अभिषेक पाण्डेय)
जिलाधिकारी
प्रतापगढ़

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
अंकुर मिश्रा एडवोकेट शहर अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी, फर्रुखाबाद
अनिल मिश्रा एडवोकेट निजी सहायक सलमान खुर्शीद, (पूर्व केंद्रीय मंत्री)

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
सुधेश दुबे पूर्व प्रशासनिक अधिकारी, सिंचाई विभाग विभाग संयोजक, पर्यावरण संरक्षण गतिविधि
श्वेता दुबे जिला मंत्री भाजपा, फर्रुखाबाद

दीपावली एवं भाईदूज की हार्दिक शुभकामनायें
डॉ. आलोक विहारी शुक्ल असि प्रोफेसर, भारतीय महाविद्यालय फर्रुखाबाद
जिलाध्यक्ष-कानपुर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ, (कूटा) फर्रुखाबाद

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
192-कायमगंज विधानसभा, भाजपा
सशक्त भाजपा सशक्त भारत
अश्नील दिवाकर
जिला उपाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, फर्रुखाबाद
सदस्य-जिला ताइक्वांडो एसो०, फर्रु०
एक भारत. श्रेष्ठ भारत. विकसित भारत

धनतेरस एवं दिवाली की हार्दिक शुभकामनायें
बृजेश यादव एडवोकेट
पूर्व जिलाध्यक्ष
समाजवादी अधिवक्ता सभा फर्रुखाबाद

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
अग्रवाल ज्वैलर्स, चूड़ी वाली गली, फतेहगढ़
सन्देश अग्रवाल युवा जिलाध्यक्ष
भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल, फतेहगढ़, फर्रुखाबाद

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
डॉ. नवनीत (फिजीशियन)
डॉ. ज्योति (नेत्र रोग)
नव ज्योति क्लीनिक एवं नेत्र परीक्षण केंद्र लालगेट, फर्रुखाबाद
संदेश-दीपावली पर धमाकेदार आतिशबाजी न छुड़ायें

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
पायल साड़ी इम्पोरियम, पायल फैशन
चूड़ी वाली गली, फतेहगढ़
रविकांत गुप्ता
प्रो. पायल गुप्ता
जिला महामंत्री, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल, फर्रुखाबाद
युवा जिला अध्यक्ष, महौर वैश्य समाज, फर्रुखाबाद

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
राकेश कुमार सक्सेना एडवोकेट
नगर महामंत्री
उद्योग व्यापार मण्डल मिश्रा गुट, फर्रुखाबाद

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
धर्मेन्द्र कनौजिया
सभासद
नगर पालिका परिषद
फर्रुखाबाद

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
रोमित सक्सेना जिलाध्यक्ष
समाजवादी व्यापार सभा, फर्रुखाबाद

धनतेरस एवं दिवाली की हार्दिक शुभकामनायें
खण्डेलवाल प्लास्टिक निकट- नुनहाई नुक्कड़, किराना बाजार, फर्रुखाबाद
शादी, विवाह आदि के सभी प्रकार के फैन्सी आइटम जैसे- फैन्सी साड़ी कवर, निकाह की पोटली, फैन्सी बास्केट, ड्राई फ्रूट बॉक्स, जयपुरिया लेडी पर्स, रजवाड़ा पैकिंग के लिए ट्रे आदि उचित मूल्यों पर उपलब्ध हैं।
प्रो० शैलेश खण्डेलवाल (शैलू) मो०:- 9839074197,8318002473
नोटः हमारे यहां सभी प्रकार के फैन्सी पैकिंग आइटम मिलते हैं।

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
हरीशचन्द्र अमित कुमार सर्राफ
24 कैरेट शुद्ध सोने के आभूषण हर समय उपलब्ध
नेहरू रोड, फर्रुखाबाद

सभी को दिवाली की हार्दिक शुभकामनायें
जोगराज अस्पताल (डा० उदयराज सिंह अस्पताल) बढ़पुर फतेहगढ़ रोड, फर्रुखाबाद
डा० उदयराज सिंह हृदय रोग विशेषज्ञ
डा० युवराज सिंह एम.डी. कैंसर रोग विशेषज्ञ भाजपा नेता, विधानसभा क्षेत्र, अमृतपुर
डा० ध्रुव राज सिंह एम.बी.बी., एम.डी. श्वसन एवं क्षय रोग विशेषज्ञ
डा. जिज्ञासा सिंह, डा. हर्षिता सिंह

समस्त जनपदवासियों का धनतेरस व दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
Hero
हीरो संग त्योहार है हर कहीं...
Herotsav
हर दिन एक हीरो टू-व्हीलर जीतने का मौका पाएं.
कैश डिस्काउंट ₹2 500 तक
फाइनेंस 100% तक
इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000 तक
कॉर्पोरेट ऑफर ₹3 200 तक
गुप्ता आटो डीलर्स
786/2, बढ़पुर, फर्रुखाबाद

उद्योग व्यापार मण्डल, मिश्रा गुट की तरफ से
धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
मुकुन्द मिश्रा प्रदेश अध्यक्ष
श्याम सुंदर गुप्ता युवा जिलाध्यक्ष
आदित्य कटियार जिला महामंत्री, युवा एडवोकेट
अंकुर गुप्ता कोषाध्यक्ष, युवा





श्याम लाल पाल
प्रदेश अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी



डिम्पल यादव
सांसद मैनपुरी



मा. अखिलेश यादव
राष्ट्रीय अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी
पूर्व मुख्यमंत्री

धनतेरस एवं दीपावलीं की सभी को हार्दिक शुभकामनायें





विजय यादव

पूर्व जिला पंचायत सदस्य
प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य
समाजवादी पार्टी



आद्या हॉस्पिटल, निकट गिरजा देवी डिग्री कालेज, गोसरपुर रोड, सकवाई, मोहम्मदाबाद
गिरजा देवी डिग्री कालेज सकवाई मोहम्मदाबाद, फर्रुखाबाद
गिरजा देवी कालेज ऑफ फार्मेसी सकवाई मोहम्मदाबाद, फर्रुखाबाद
गिरजा देवी ग्रीश बाबू कोल्ड स्टोरेज रखा फतेहगढ़
जे.बी. ईट भट्टा, कुमार ईट उद्योग रखा फतेहगढ़
के.बी. फिलिंग स्टेशन सेन्ट्रल जेल चौराहा बेवर रोड, फर्रुखाबाद

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें

सूरज अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर वालों का
34 वर्षों से आपकी सेवा में समर्पित
प्रतिष्ठान

सूरज डायग्नोस्टिक्स

जिले का एकमात्र सम्पूर्ण जाँच केन्द्र

1.5 TESLA MRI

CT SCAN | X-RAY | PATHOLOGY | 3D/4D/5D ULTRASOUND



समस्त जाँचें MD RADIODIAGNOSIS द्वारा
विश्वसनीयता एवं गुणवत्ता की मोहर

डॉ. वैभव पाठक
M.B.B.S., M.D.
(RADIODIAGNOSIS)

डॉ. राजीव पाठक
चेयरमैन
सूरज ग्रुप



लोहिया मूर्ति तिराहा,
आवास विकास, फर्रुखाबाद

राष्ट्रीय सचिव, राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन
जिलाध्यक्ष, ताइक्वांडो एसोसिएशन, फर्रुखाबाद

SPGR Inter college

Bewar road, baghar Farrukhabad

CBSE based pattern from class NURSERY to class 12TH

Transport facilities



FOR ENQUIRIES:-
9452041113









Shubhra Pathak
PRINCIPAL

Dr. Ayush Pathak
MBBS



Vineeta Pathak
DIRECTOR

!! भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद !!

















समस्त जनपदवासियों को

धनतेरस और दीपावली व भाई दूज

की हार्दिक शुभकामनायें





प्रदेश सचिव-फायरवर्क्स डीलर
वेलफेयर एसोसियसन



सरदार चरन प्रीत सिंह

सरदार जी आतिशबाजी वालों का प्रतिष्ठान
तोषित ट्रेडिंग कम्पनी
उस्मान नगला, बेवर रोड, फतेहगढ़, फर्रुखाबाद
मो0: 8948698684,9532333314

सरदार तोषित प्रीत सिंह
(सदस्यः भारतीय जनता पार्टी)

जिला स्तरीय स्काउट-गाइड रैली का हुआ समापन

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

जिला स्तरीय स्काउट-गाइड रैली के फाइनल एवं समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में परियोजना निदेशक कपिल कुमार तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डायट प्राचार्य संजय कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। अतिथियों ने छात्र-छात्राओं द्वारा लगाए गए टेंटों का निरीक्षण किया तथा प्रतिभागियों द्वारा प्रदर्शित अनुशासन, कौशल और रचनात्मकता की सराहना की।

रैली के दौरान प्रभात फेरी, व्यायाम, ध्वज शिष्टाचार, प्रार्थना, बिना बर्तन भोजन, गेट एवं टावर निर्माण, प्रदर्शनी, हस्तनिर्मित क्राफ्ट तथा बीएसजी से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं सहित अनेक रोचक एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित

अनुशासन, कौशल और रचनात्मकता का दिखा अनूठा संगम

किए गए। इन गतिविधियों में स्काउट एवं गाइड छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपने कौशल, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में नीता लीडर ट्रेनर, प्रादेशिक संगठन आयुक्त मयंक शर्मा तथा सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त जय प्रकाश दक्ष उपस्थित रहे। जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य हरिप्रकाश मिश्र, रामदास, रामलखन पाल तथा राजेंद्र सिंह कुशवाहा सहित जिला कोषाध्यक्ष संतोष त्रिपाठी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम संयोजक दीपिका राजपूत, जिला मुख्य आयुक्त



प्रशिक्षण समापन पर गाइडों का उत्साहवर्धन करते अतिथि

दिनेश कुमार वर्मा, जिला सचिव महेश चंद्र वर्मा, सह-संयोजक एवं प्रधानाचार्य इंदू मिश्रा तथा विनीत चौहान ने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का संचालन एवं निरीक्षण किया। निर्णायक मंडल के सभी सदस्यों ने विभिन्न टीमों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करते हुए उन्हें निर्धारित मानकों के आधार पर ग्रेडिंग प्रदान की। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों को ग्रेड-ए, सराहनीय प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों को ग्रेड बी तथा अन्य विद्यालयों को ग्रेड सी प्रदान किया गया। निर्णायक मंडल के सभी सदस्यों ने प्रतिभागी टीमों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करते हुए उन्हें ग्रेडिंग प्रदान की। स्काउट विंग में ग्रेड-ए प्राप्त करने वाले विद्यालयों में बाबा रामदीन चोखे लाल क्रिश्चियन कॉलेज, सीपी विद्या निकेतन, भारतीय पाठशाला विद्यालय, महाराणा प्रताप स्वतंत्र दल सहित कुल पाँच विद्यालय शामिल रहे। ग्रेड बी में जनता राष्ट्रीय इंटर कॉलेज, रस्तोगी इण्टर, स्वामी रामानन्द बालक इंटर कॉलेज सहित तीन विद्यालय तथा ग्रेड सी में महावीर इंटर कॉलेज, दीनदयाल उपाध्याय रा ई कॉलेज रोशनाबाद, मोहन लाल शुक्ला विद्यालय शामिल रहे। कार्यक्रम में नीता लीडर ट्रेनर, प्रादेशिक संगठन आयुक्त मयंक शर्मा, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त जय प्रकाश दक्ष तथा जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य हरिप्रकाश मिश्र, रामदास, रामलखन पाल, राजेंद्र सिंह कुशवाहा एवं जिला कोषाध्यक्ष संतोष त्रिपाठी उपस्थित रहे। सभी विजताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

फुपुक्टा महासंघ ने सीएम को भेजा ज्ञापन

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

उप्र विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक महासंघ फुपुक्टा की जनपद इकाई ने अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) महाविद्यालयों के शिक्षकों की गंभीर एवं लंबे समय से लंबित समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को 30 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा है। संघ ने चेतावनी दी है कि शासन स्तर पर सकारात्मक वार्ता और समाधान के अभाव में शिक्षकों में भारी रोष है।

शिक्षकों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल की जाए तथा एनपीएस से जुड़ी विसंगतियों और समय पर प्रान खाते में कटौती सुनिश्चित हो। यूजीसी की सिफारिशों के अनुरूप उच्च शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों की



मांगों को लेकर प्रदर्शन करते शिक्षकगण

सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष की जाए। राज्य कर्मचारियों की भांति अनुदानित महाविद्यालयों के शिक्षकों को भी चिकित्सकीय अवकाश का लाभ पुनः दिया जाए। समर्थ पोर्टल के माध्यम से हो रही शिक्षकों की प्रोन्नति प्रक्रिया में आ रही जटिलताओं, एपीआई स्कोर की अस्वाभाविक मांगों व विसंगतियों को तत्काल संशोधित किया जाए। पीएच-डी इंक्रीमेंट लागू करना, प्रोफेसर पदनाम सुगमता से देना, स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों को अनुदान पर लेना, ग्रीष्मावकाश लागू करना तथा अवकाश प्राप्त शिक्षकों के जीपीएफ एवं पेंशन भुगतान का निस्तारण अगस्त माह तक सुनिश्चित करना, आदि मांगें शामिल है। जिलाध्यक्ष डॉ0 आलोक विहारी लाल और जिला महामंत्री डॉ0 देवेन्द्र सिंह ने कहा कि लंबे समय से पत्राचार के बावजूद समाधान न मिलने के कारण शिक्षकों को लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठानी पड़ रही है। इस अवसर पर डॉ0 आलोक बिहारी लाल, सत्य नारायण सिंह, डॉ0 राम नरेश सिंह, डॉ. विनायक पांडेय, डॉ. ललित दुबे, डॉ. समीर कुमार गुप्ता, डॉ. रमाशंकर पांडेय, डॉ. पंचम कुमार, डॉ. अर्चना पांडेय, डॉ. देवेंद्र कुमार, डॉ. सुदेश शर्मा, डॉ. सौरभ पांडेय, डॉ. मोहम्मद आमिर, डॉ. कुलदीप आर्या, अरविंद कुमार आदि उपस्थित रहे।

बाल मस्तिष्क पर मोबाइल के दुष्प्रभाव की दी जानकारी



बैठक में मौजूद अधिकारीगण

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

विकास खण्ड मोहम्मदाबाद में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक खण्ड विकास अधिकारी राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में बच्चों के सर्वांगीण विकास, सुरक्षा एवं संरक्षण से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। खण्ड विकास अधिकारी राघवेन्द्र सिंह ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि बच्चों के संरक्षण एवं सुरक्षा के लिए आपसी समन्वय स्थापित करते हुए जनजागरूकता कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा बाल अधिकारों के प्रति समाज को जागरूक किया जाए। बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने के लिए समाज के सभी वर्गों को आगे आने तथा बाल विवाह की सूचना मिलने पर संबंधित विभागों को तत्काल अवगत कराया जाए।

बाल संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह ने बाल मस्तिष्क पर मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग के दुष्प्रभावों पर विशेष चर्चा की तथा बताया कि मोबाइल फोन का अनियंत्रित उपयोग बच्चों की मानसिक एवं शारीरिक विकास प्रक्रिया, एकाग्रता, पढ़ाई तथा सामाजिक व्यवहार पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है, अभिभावकों को बच्चों के मोबाइल उपयोग पर उचित निगरानी रखने तथा उन्हें खेलकूद, रचनात्मक गतिविधियों एवं पुस्तकों के अध्ययन के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया। सहायक विकास अधिकारी पंचायत सुखदेव कुमार सिंह ने जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के नए नियमों के विषय में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर चिकित्साधीक्षक डॉ0 गौरव यादव, बाल विकास परियोजना अधिकारी विमलेश चौधरी, शिक्षा विभाग से भुवनेश प्रताप, सामाजिक कार्यकर्ता रूबी सिंह, परामर्शदाता प्रवीन गुप्ता उपस्थित रहे।

गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में दीया मेकिंग प्रतियोगिता संपन्न



प्रतियोगिता में मौजूद विद्यार्थी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में कक्षा नर्सरी से अष्टम तक के छात्रों ने दीया मेकिंग, हैंगिंग लैंप लाइट, सुंदर रंगों के माध्यम से गणेश आदि की चित्रकारी की। इस अवसर पर सभी छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अपनी रचनात्मक और कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों ने विभिन्न रंगों से सजावटी वस्तुओं का प्रयोग कर मनमोहक दीपक बनाए। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मक, कलात्मक कौशल तथा भारतीय संस्कृति और परंपरा के प्रति रुचि विकसित करना था। प्री प्राइमरी के नन्हे मुन्ने बच्चों ने शान्ति गीत पर झूम कर नाचे। प्रधानाचार्य डॉ0 लकी चावला ने विद्यार्थियों के प्रयास की सराहना की तथा उन्हें भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेनापति में दीप सजाओ प्रतियोगिता सम्पन्न

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेनापति में दीप सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में भैया बहिनो ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मक एवं कलात्मक प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। विद्यालय अध्यक्ष शिवविलास त्रिवेदी, प्रबंधक संजीव चौहान, प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह, निर्णायक मंडल में अखिलेश चंद्र पाण्डेय एवं अंजू पांडे, सहायक प्राध्यापक ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती को चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

भैया बहिनो ने रंग बिरंगे दीपों, फूलों रंगोली एवं विभिन्न सजावटी सामग्रियों के माध्यम से मनमोहक कला कृतियाँ तैयार की पूरे परिसर में दीपों की रोशनी और आकर्षक में उत्सवमय वातावरण बन गया।



दीप सजाओ प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी

प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य भैया, बहनों में संस्कृति एवं परंपराओं के प्रति रुचि जागृत करना था प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों की माडल एवं मेडल पहना कर सम्मान किया। कार्यक्रम में भैया बहिनो ने भारतीय संस्कृति कला और परंपरा की सुंदर झलक प्रस्तुत की। कार्यक्रम में प्रदीप अवस्थी ने अतिथि परिचय कराया। इस अवसर पर प्रदीप शर्मा, रामानंद पांडे, कृष्ण कुमार, वीरेश, शिव मोहन, शिव कुमार यादव, प्रदीप सिंह, गोविंद प्रसाद, संजीव, अजय, आर्तिका शुक्ला, प्रियंका, सरला, सोनम, लक्ष्मी, मेनू, वंशिका, शोभित पांडे, ज्योति, मोहनी, नव्या आदि लोग उपस्थित रहे।

तहसील स्थानांतरण रोकने को लेकर अधिवक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

तहसील सदर के स्थानांतरित होने के संबंध में अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर स्थानांतरण रोके जाने की मांग की है।

गुरुवार को बार एसोशिएशन तहसील सदर के अध्यक्ष रामेंद्र कटियार व सचिव ओम प्रकाश दुबे उर्फ ओमू के नेतृत्व में अधिवक्ता जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने तहसील सदर को स्थानांतरित होने के संबंध में ज्ञापन सौंप कर स्थानांतरण रोके जाने की मांग की। दिए गए ज्ञापन न कहा गया है कि अवगत कराना है कि तहसील सदर का कार्यालय वर्ष 1938 से इसी परिसर मे चल रहा है एवं वर्ष 2009 में उक्त स्थान पर नवीन तहसील कार्यालय का निर्माण कराया गया था,



ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते अधिवक्ता

चूंकि जनपद में फतेहगढ़ में सिविल न्यायालय चकबन्दी न्यायालय तथा कार्यालय मुख्यालय फतेहगढ़ में स्थित है तथा तहसील सदर कार्यालय व उपनिबंधक कार्यालय व नगर पालिका कार्यालय इसी परिसर में एक साथ हैं, जिससे आम जनता को पंजीकरण एवं तहसील सम्बन्धित कार्य व नगर पालिका सम्बन्धित कार्यो के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ता है, उनके भी कार्य एक ही परिसर में हो जाते हैं, हम लोगों को समाचार पत्र के माध्यम से यह जानकारी हुई है कि तहसील सदर के कार्यालय को किसी अन्य स्थान पर शहर से दूरस्थ स्थान पर स्थानान्तरित किया जा रहा है, जिससे आम जनता को बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। उनको एक कार्य के लिए कई जगह भटकना पड़ेगा, ऐसी दशा में आम जनता परेशान हो जायेगी, चूंकि वर्तमान परिसर में कुछ भाग क्षतिग्रस्त हो गया है, उसको मरम्मत के द्वारा सही किया जा सकता है, जो वर्षा के कारण भवन की पिछली दीवार मरम्मत योग्य है। पिछली दीवार की मरम्मत हो जाने से कम खर्च में ही सही कराई जा सकती है एवं भवन पूर्णतया कार्य करने योग्य है उसकी मरम्मत कराई जाये। जिससे आम जनता को असुबिधा नहीं होगी।

तहसील सदर के अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी से तहसील सदर के स्थानांतरित होने से रोके जाने की मांग की है। वहीं मुख्यमंत्री को भी ज्ञापन भेजा है। इस मौके पर रामेंद्र कटियार, ओम प्रकाश दुबे उर्फ ओमू, राजेश वर्मा, होशियार सिंह राजपूत, प्रभात अवस्थी, हेमराज सिंह राजपूत आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

आत्मिक जागृति कन्वेंशन में परमेश्वर के प्रेम का दिया संदेश

दूसरे दिन अध्यात्मिक जागृति कन्वेंशन में प्रभु की शान में गाये गीत

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

चर्च ऑफनॉर्थ इंडिया (सीएनआई) फर्रुखाबाद के तत्वावधान में सीएनआई बढ़पुर चर्च ग्राउंड में आयोजित तीन दिवसीय आत्मिक जागृति कन्वेंशन के दूसरे दिन मसीही समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम में सामूहिक आराधना, प्रार्थना और आत्मिक संदेशों के माध्यम से लोगों को विश्वास के मार्ग पर आगे बढ़ने का संदेश दिया गया। कन्वेंशन में युवाओं, संडे स्कूल के बच्चों और महिला समिति ने भी हिस्सा लिया।

सीएनआई बढ़पुर चर्च, सीएनआई रखा चर्च, सीएनआई सिटी चर्च, ऑल सोल्स मेमोरियल चर्च और क्राइस्ट चर्च की टीमों ने मधुर आत्मिक गीतों की प्रस्तुति देकर सामूहिक आराधना की। मुंबई से आए मुख्य वक्ता डॉ0 हंसल फ्रेडीक ने बाइबिल के वचनों के माध्यम से आत्मिक संदेश दिया। उन्होंने परमेश्वर के प्रेम, विश्वास और मसीही जीवन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अंत समय की तैयारी के लिए मसीह में आगे बढ़ने का संदेश दिया। वहीं पादरी स्टीफन मसीह और पादरी हेरोल्ड अबिताभ ने बाइबिल के वचनों के माध्यम से लोगों को परमेश्वर के प्रेम और विश्वास का संदेश दिया तथा सामूहिक प्रार्थना कराई। बरेली क्राइस्ट चर्च की टीम के सदस्य विनीत मैसी, नीति मैसी, आदित्य मैसी, अक्षय मैसी और मार्क अब्राहम ने मधुर आत्मिक गीतों के माध्यम से आराधना का संचालन किया। गीतों और प्रार्थना के दौरान चर्च परिसर का माहौल भक्तिमय बना रहा।



कन्वेंशन में मौजूद अतिथि व मसीह समाज के लोग


इस दौरान रोजीशन विश्वासी, रंजीत मैसी, राहुल अबरार, अमर साइमन, डोरकस अबरार, राजीव के लाल, सुषमा लाल, अजय लाल, राकेश सक्सेना, वीना साइमन, शशि सिंह, अनमोल लाल, अमित सिंह, ऐस्तर रोज दयाल, जॉर्डन राज, हेम हेरोल्ड, चार्ल्स टॉमस, मुकेश डेविड, राजेश डेविड, विनीता सिंह, मोरीना एविल, सुनीता दास, सुजीत सहाय, आशीष, आजाद भाई, सीवी मल्ल, सहित मसीही समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।

श्रीराम ने किया रावण का वध, विभीषण को सौंपा लंका का राजपाठ

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।

कस्बे के रामलीला मैदान में चल रही रामलीला के मंचन में बीती रात युद्धकांड के अंतिम प्रसंगों का सजीव और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुतीकरण किया गया। इस दौरान भगवान श्रीराम द्वारा रावण का वध करते ही पूरा परिसर जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। रामलीला मंचन की शुरुआत में भगवान श्रीराम अपनी वानर सेना के साथ लंका पहुंचे।

युद्ध से पूर्व श्रीराम ने शांति का परिचय देते हुए रावण के पास माता सीता को ससम्मान वापस लौटाने का संदेश भेजा, जिसे अहंकारी रावण ने ठुकरा दिया। इसके पश्चात श्रीराम की वानर सेना और रावण की राक्षस सेना के बीच भीषण महासंग्राम छिड़ गया। युद्ध के दौरान हनुमान जी, लक्ष्मण जी



राम-रावण में होता युद्ध

और वानर सेना के पराक्रम से मेघनाद व कुंभकर्ण जैसे बलशाली राक्षसों का अंत हुआ। भगवान श्रीराम और लंकापति रावण आमने-सामने आए। दोनों के मध्य हुए भीषण और निर्णायक युद्ध में श्रीराम ने रावण का संहार कर धर्म की स्थापना की। रावण वध के बाद भगवान श्रीराम ने माता सीता को रावण के चंगुल से मुक्त कराया और विभीषण का राजतिलक कर उन्हें लंका का राजा बनाया। कानपुर से पधारे कलाकारों ने अपने संवाद, जीवंत अभिनय और आकर्षक मंच सज्जा से रामलीला के प्रसंगों में प्राण फूंक दिए। देर रात तक बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालु भक्तिभाव से लीला का आनंद लेते रहे।

पंचायत सचिव की तैनाती पर गरमाया माहौल, प्रधानों ने खोला मोर्चा

समृद्धि न्यूज,कायमगंज।

विकास खंड में प्रशासनिक व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। चिलौली और मुडौल ग्राम पंचायतों के प्रधानों ने पंचायत सचिव के कार्यप्रणाली और उनके दोबारा तैनाती आदेश पर गंभीर सवाल उठाते हुए जिलाधिकारी से उच्चस्तरीय जांच और तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

चिलौली की प्रधान व प्रशासक पूनम देवी और मुडौल की प्रधान व प्रशासक अनीता द्वारा अलग-अलग सौंपे गए शिकायती पत्रों में सचिव पर कई कड़े आरोप लगाए गए हैं। आरोप है कि सचिव निर्वाचित प्रधानों को अपने निजी कमरे पर बुलाकर बदतमीजी से पेश आते हैं और पंचायत



शिकायत के बाद जानकारी देते प्रधान

कार्यों से पहुंचने वाले आम ग्रामीणों के साथ भी अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं। पंचायत सहायक, केयरटेकर और निर्वाचित सदस्यों का मानदेय लंबे समय से रोके जाने की शिकायत की गई है। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धा/विधवा पेंशन तथा परिवार रजिस्टर की नकल जैसे अतिआवश्यक कार्यों के लिए ग्रामीणों से अवैध रूप से पैसों की मांग करने और रिश्वत न मिलने पर फाइलें अटकाने का आरोप है। चिलौली और मुडौल ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों द्वारा सचिव के गैर-जिम्मेदाराना रवैये और भ्रष्टाचार की शुरुआती शिकायतें दर्ज कराई गईं। अधिकारियों की प्रारंभिक जांच के बाद प्रशासनिक स्तर पर कड़ा कदम उठाते हुए आरोपी सचिव को चिलौली और मुडौल दोनों पंचायतों के चार्ज से हटा दिया गया था। महज एक महीने के भीतर ही नियमों को ताक पर रखकर उसी सचिव की दोबारा से उन्हीं दोनों पंचायतों चिलौली और मुडौल में पुनः तैनाती कर दी गई। एक महीने के भीतर ही हटाए गए सचिव की दोबारा उसी क्षेत्र में बहाली होने से क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। प्रधानों और ग्राम पंचायत सदस्यों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर दो टूक मांग की है कि आरोपी सचिव को तत्काल प्रभाव से कायमगंज विकास खंड से हटाया जाए। इससे पहले उनके कार्यकाल के दौरान हुए कार्यों और वित्तीय लेन-देन की निष्पक्ष जांच कराई जाए। दोषी पाए जाने पर विभागीय एवं विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि ग्रामीण जनता और जनप्रतिनिधियों का प्रशासनिक व्यवस्था पर भरोसा कायम रह सके।

आतिशबाजी स्थलों की सूची से कंपिल बाहर, छोटे कारोबारियों पर दिवालिया होने का संकट

समृद्धि न्यूज,कंपिल।

त्योहार की खुशियों पर जब प्रशासनिक लालफीताशाही भारी पड़ती है, तो रोशनी के पर्व पर भी छोटे कारोबारियों के घरों में अंधेरा छाने लगता है। फर्रुखाबाद प्रशासन द्वारा आतिशबाजी बाजार के लिए तय किए गए आठ स्थलों की सूची से कंपिल को पूरी तरह दरकिनार कर दिया गया है। इस बेरुखी का नतीजा यह है कि अपनी जमा-पूंजी और ब्याज पर रकम उठाकर माल बुक करा चुके दर्जनों छोटे व्यापारियों पर दिवालिया होने का खतरा मंडराने लगा है।

गत वर्ष तक जिले भर में 22 स्थानों पर आतिशबाजी की अस्थायी दुकानें सजाई जाती थीं, जिसे घटाकर इस बार महज आठ कर दिया गया है। प्रत्येक स्थल पर अधिकतम 50 दुकानों की सीमा बांधकर कुल 400 लाइसेंस जारी करने की तैयारी है। इस कटौती की सबसे बड़ी गाज कंपिल जैसे कस्बों पर गिरी है। पड़ोसी कायमगंज को तो सूची में जगह मिल गई, लेकिन कंपिल को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया।

राजेश शाक्य, ऋषभ पांडेय, नितिन, जितेंद्र, सुनील शाक्य, दीपू, आयुष, कल्लू पांडेय, गोलू और विवेक कश्यप जैसे कारोबारी वर्षों से यहां दुकानें लगाकर परिवार का भरण-पोषण करते आए हैं। व्यापारियों का कहना है कि वे दीपावली की आस में रिश्तेदारों से उधार और ब्याज पर कर्ज लेकर पटाखों का एडवांस भुगतान कर चुके हैं। अब यदि दुकानें नहीं लगीं तो माल का उठान रुकेगा और वे कर्ज के



जानकारी देते व्यापारी

जाल में फंस जाएंगे। कंपिल केवल एक कस्बा नहीं, बल्कि आसपास की 50 से अधिक ग्राम पंचायतों की खरीदारी का केंद्र है। स्थानीय स्तर पर बाजार न लगने से ग्रामीणों को पटाखों के लिए दूर कायमगंज या फर्रुखाबाद का रुख करना पड़ेगा। इससे त्योहार की खरीदारी में समय तो बर्बाद होगा ही, किराये और मालभाड़े का अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी आम जनता की जेब ढीली करेगा। पहले यह बाजार केएसआर इंटर कॉलेज के मैदान में सजता था। यदि वहां सुरक्षा मानकों की कोई अड़चन है, तो स्थानीय व्यापारियों ने कंपिल-इकलहरा बाईपास मार्ग का मुकम्मल विकल्प भी सुझाया है। बाईपास पर पर्याप्त खुला स्थान है और अग्निशमन की दृष्टि से पीछे पानी का बड़ा तालाब भी मौजूद है। कारोबारियों और स्थानीय नागरिकों का स्पष्ट कहना है कि सुरक्षा मानकों से कोई समझौता किए बिना बाईपास स्थल का तत्काल प्रशासनिक मुआयना कराया जाए।

इस संबंध में उप जिलाधिकारी अभिषेक वर्मा ने बताया कि शासन से प्राप्त दिशा-निर्देशों के तहत सुरक्षा के दृष्टिगत जिले में आठ स्थानों पर आतिशबाजी की दुकानें लगाने के लिए स्थल चिह्नित करने के निर्देश दिए गए थे। इसी प्रक्रिया में कंपिल का नाम शामिल नहीं हो सका।

उन्होंने कहा कि जिन दुकानदारों ने आतिशबाजी की सामग्री खरीद ली है या इसके लिए एडवांस राशि जमा कर दी है, वे प्रार्थना पत्र दे सकते हैं। ऐसे दुकानदारों को कायमगंज अथवा शमसाबाद में दुकान लगाने की अनुमति देने पर विचार किया जाएगा। फिलहाल कंपिल में आतिशबाजी का बाजार नहीं लगाया जाएगा।

55 दुकानदारों को मिलेंगे पटाखा बाजार के अस्थायी लाइसेंस

समृद्धि न्यूज,कायमगंज।

दीपावली के पावन पर्व पर आम जनता की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए कायमगंज प्रशासन ने इस वर्ष पटाखों की बिक्री भीड़-भाड़ वाले मुख्य बाजार में न होकर बाईपास मार्ग पर बेरियां तिराहे के पास स्थित खुले और सुरक्षित मैदान में की जाएगी। प्रशासन के इस सुरक्षात्मक कदम की स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों द्वारा जमकर सराहना की जा रही है। प्रशासनिक सतर्कता और पारदर्शी व्यवस्था के चलते इस बार कुल 55 दुकानदारों ने अस्थायी लाइसेंस के लिए आवेदन किया है। त्यौहार के दौरान दुकानदारों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, इसके लिए प्रशासनिक टीम समय रहते



बाईपास मार्ग का निरीक्षण करते कोतवाली प्रभारी

सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी करने में जुटी है। सुरक्षा तैयारियों को पुख्ता करने के उद्देश्य से प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ल ने खुद बेरियां तिराहे के पास तय किए गए मैदान का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद रहकर सुरक्षा के सभी मानकों को परखा और दुकानदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। किसी भी अप्रिय घटना से बचाव और त्वरित राहत के लिए दो दुकानों के बीच कम से कम 3 मीटर की दूरी रखना अनिवार्य होगा। प्रत्येक दुकान पर आग बुझाने के उपकरण बालू और पानी से भरी बाल्टियों की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ल ने हिदायत दी है कि सुरक्षा नियमों से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा। निर्धारित मैदान के अलावा यदि शहर में कहीं भी अवैध रूप से पटाखे बेचते पाया गया, तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाये





प्रीती पवन तिवारी

जिलाध्यक्ष, भाजपा महिला मोर्चा, फर्रुखाबाद

जिलाध्यक्ष-भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल महिला मोर्चा

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें



अर्चना द्विवेदी

एडवोकेट

जिला महामंत्री,

भाजपा महिला मोर्चा, फर्रुखाबाद

कार्यकारी जिला अध्यक्ष, ब्राह्मण जन सेवा समिति महिला संगठन

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें



आदेश अवस्थी

स0अ0 सविलियन विद्यालय

अरियारा शमशाबाद, फर्रुखाबाद

प्रांतीय मंत्री, संस्कार भारती कानपुर, बुंदेलखण्ड प्रांत

मीडिया प्रभारी भारत विकास परिषद, फर्रुखाबाद

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें





संजय दुबे

प्रधानाध्यापक/समाजसेवी

श्रीमती रीता दुबे

प्रधानाचार्या, स्वामी रामानंद बालिका इंटर कालेज, फर्रु.

अध्यक्ष- भारत विकास परिषद सहयोग शाखा

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाये



अम्बिका इलेक्ट्रानिक

चौक रेलवे रोड फर्रुखाबाद

रोहित गंगवानी

मोहनदास गंगवानी

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें



अजय दुबे (अज्जू)

युवा नेता व समाजसेवक, गंगा नगर कॉलोनी, फर्रुखाबाद

आप सभी को धनतेरस एवं दीपावली व भाईदूज की हार्दिक शुभकामनायें



नरेन्द्र सोमवंशी

प्रदेश अध्यक्ष

भारतीय किसान यूनियन,

अखण्ड प्रदेश

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें



धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें





ओमप्रकाश दुबे


एडवोकेट



सचिव- बार एसोसिएशन तहसील सदर, फर्रुखाबाद

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें





अंकित तिवारी

प्रदेश महासचिव



राष्ट्रवादी नव निर्माण दल, उत्तर प्रदेश

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें





शिवाशीष तिवारी

कोआर्डिनेटर



प्रभारी बरेली, कांग्रेस कमेटी

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें

लाला भोलानाथ सर्राफ का प्रतिष्ठान







B.N.S.

ज्वैलर्स

नेहरू रोड फर्रूखाबाद

100 वर्षों का विश्वास आधुनिकता के साथ

प्रो0-मुदित टण्डन

मो0: 9415191311, 7007767149

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें

लाला रामभरोसे नरेश चन्द्र सर्राफ

नेहरू रोड फर्रूखाबाद









अजय अग्रवाल

अनमोल अग्रवाल

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाये

कला इम्पोरियम एवं पुरवार फर्नीचर मार्ट

लाल सराय, फर्रूखाबाद



हमारे यहां- कुर्सी मेज, डबल बेड गद्दा, तकिया, अलमारी, सोफा,डायनिंग टेबिल आदि उपलब्ध हैं।

आयुष आश्वी पुरवार,

प्रो0 राजीव कुमार

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें



लक्ष्मी कोल्ड स्टोरेज, ठंडी सड़क फर्रुखाबाद

सरोजनी कोल्ड स्टोरेज,जसमई फर्रुखाबाद

सचिव,शीतगृह संघ

उमेश अग्रवाल

सभी को दिवाली की हार्दिक शुभकामनायें





मनीषा नर्सिंग होम

लोहाई रोड,

फर्रूखाबाद



डा0 जितेन्द्र कटियार

एम.वी.बी.एस. सर्जन

अमनतारा पब्लिक स्कूल

नेकपुर खुर्द, फर्रुखाबाद

डा0 वीना कटियार

एम.वी.बी.एस. स्त्री रोग विशेषज्ञ

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें







नीरज रस्तोगी

फर्रूखाबाद लायंस क्लब सिटी

निखिल रस्तोगी

विकास रस्तोगी

थोक दवा विक्रेता-हिन्द मेडिकल एजेंसी नेहरू रोड, फर्रूखाबाद

मैचिंग सेंटर-ब्लाउज, पेटीकोट, फाल आदि

समस्त ब्लाक प्रिन्टिंग गारीगरों एवं जनपद वासियों को

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें

कारीगरों के विकास हेतु द्रण संकल्प





ब्लाक प्रिंटिंग टेक्सटाइल डवलपमेंट सोसाइटी

नगला ताड़ सरैया, फर्रूखाबाद



जानकी प्रसाद शाक्य

पूर्व प्रधानाचार्य संस्थापक

नीलम शाक्य, अध्यक्ष

सभी क्षेत्रवासियों को धनतेरस दिवाली एवं भाईदूज की हार्दिक शुभकामनायें







विमल यादव

प्रधान ग्राम पंचायत बैरमपुर,

विकास खण्ड शमशाबाद

प्रदेश प्रमुख महासचिव कृष्ण वाहिनी

प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य शमशाबाद प्रथम

सभी को धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ

मां लक्ष्मी आपके घर सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य एवं खुशियां सदा बनाए रखें।

केशव भान साध

पूर्व सभासद

अध्यक्ष

परमार्थ संस्थान, फर्रुखाबाद

जरुरतमंद लोगों के सहायतार्थ संस्था से जुड़िए

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें

मुनीश चन्द्र दीक्षित

संरक्षक

विनोद कुमार उपाध्याय

जिला अध्यक्ष

उमेश चन्द्र गुप्ता

संगठन मंत्री

सुरेश चन्द्र शर्मा

सह मीडिया प्रभारी

जोगराज सिंह यादव

मीडिया प्रभारी

नन्दकिशोर शर्मा

जिला उपाध्यक्ष

सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन, फर्रूखाबाद

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें

सौरभ अग्रवाल

राजकीय ठेकेदार